देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



जी20 : डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्रियों की... 12

गन्ना किसानों की समस्याओं के प्रति प्रदेश सरकार... 10



# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 306
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
रविवार | 20 अगस्त, 2023

## गर्भवती बलात्कार पीड़िता के मामले को देर से निपटाने में गुजरात हाईकोर्ट को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

# जब हर दिन अहम तो 12 दिन बाद तारीख क्यों दी : सुप्रीम कोर्ट

- दुष्कर्म पीड़िता की गर्भावस्था समाप्त करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी
- दुष्कर्म पीड़िता की गर्भावस्था को समाप्त करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई
- सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाई कोर्ट को भी फटकार लगाई
- दुष्कर्म पीड़िता की नए सिरे से मेडिकल जांच करने के आदेश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गुजरात में 25 साल की रेप विक्टिम की 28 हफ्ते की प्रेग्नेंसी के अबॉर्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। शनिवार की छुट्टी के बावजूद जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की स्पेशल बेंच ने इस मामले पर अर्जेंट सुनवाई की। दरअसल, गुजरात हाईकोर्ट ने पीड़ित महिला की अबॉर्शन वाली याचिका 17 अगस्त को खारिज कर दी थी। हालांकि, ऑर्डर की कॉपी जारी नहीं की। इसके बाद याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट पहुंची। 19 अगस्त को सुनवाई करते हुए जस्टिस नागरत्ना ने गुजरात हाईकोर्ट को फटकार लगाई। कहा कि ऐसे मामलों में जब एक-एक दिन अहम होता है तो सुनवाई की तारीख क्यों टाली गई? दरअसल, हाईकोर्ट ने 11 अगस्त को इस केस की तत्काल सुनवाई ना करते हुए अगली तारीख 12 दिन बाद दी थी। सुप्रीम कोर्ट में अब मामले की अगली सुनवाई सोमवार (21 अगस्त) को होगी।

### जानिए क्या है मामला और हाईकोर्ट में क्या हुआ

याचिकाकर्ता के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 7 अगस्त को हाईकोर्ट में अबॉर्शन को लेकर एक याचिका दायर की गई थी। अदालत ने 8 अगस्त को मामले की सुनवाई की। उसी तारीख को गर्भावस्था की स्थिति का पता लगाने के लिए एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश पारित किया गया था। 10 अगस्त को बोर्ड की रिपोर्ट सौंपी गई। 11 अगस्त को कोर्ट ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लिया और मामले को 23 अगस्त के लिए पोस्ट कर दिया।

### प्रेग्नेंसी अबॉर्शन का नियम क्या कहता है

मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) एक्ट के तहत, किसी भी शादीशुदा महिला, रेप विक्टिम, दिव्यांग महिला और नाबालिग लड़की को 24 हफ्ते तक की प्रेग्नेंसी अबॉर्ट करने की इजाजत दी जाती है। एमटीपी एक्ट में बदलाव साल 2020 में किया गया था। उससे पहले 1971 में बना कानून लागू होता था।



गुजरात हाई कोर्ट के बलात्कार पीड़िता की गर्भपात याचिका स्थगित करने पर सुप्रीम कोर्ट नाखुश

### कोर्ट रूम में क्या हुआ?

**सुप्रीम कोर्ट में शनिवार को पीड़ित महिला की तरफ से वकील शशांक सिंह वहीं दूसरे पक्ष की वकील स्वाति घिल्डियाल कोर्ट रूम में मौजूद रहीं। अब पढ़िए कोर्ट में किस वकील ने क्या दलील दी....**

- **याचिकाकर्ता के वकील**– पीड़ित इस वक्त 28 हफ्ते की प्रेग्नेंट है। हाईकोर्ट में केस दायर करते समय वह 26 हफ्ते की प्रेग्नेंट थी। कोर्ट ने 11 अगस्त को हमारी याचिका मंजूर की। फिर 17 अगस्त को बिना कारण बताए केस स्टेटस रिजेक्ट दिखाया गया। तब तक एक हफ्ता और बीत गया।
- **जस्टिस नागरत्ना**: कोई भी अदालत ऐसा कैसे कर सकती है। सुनवाई की तारीख 12 दिन बाद रखने में कितना कीमती समय बर्बाद हुआ और अभी तक 17 अगस्त को जारी ऑर्डर की कॉपी अपलोड नहीं की गई। हम सुप्रीम कोर्ट के सेक्रेटरी को गुजरात हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से पूछताछ करने का निर्देश देते हैं।
- **जस्टिस नागरत्ना**: ऑर्डर की कॉपी सामने होना बहुत जरूरी है। बिना उसे देखे कैसे फैसला लिया जा सकता है। 12 कीमती दिन पहले ही बर्बाद हो चुके हैं।
- **दूसरे पक्ष की वकील स्वाति घिल्डियाल**: यस माई लॉर्ड, कृपया रिपोर्ट देखें, इसमें कहा गया है कि मेडिकली कोई नुकसान नहीं होगा।
- **जस्टिस नागरत्ना**: ऐसे मामलों में तुरंत सुनवाई होनी चाहिए। ऐसा उदासीन रवैया नहीं हो सकता। हमें ये कमेंट करते हुए खेद है। अब हम इसे सोमवार को सुनेंगे।
- **याचिकाकर्ता के वकील**: कृपया नई रिपोर्ट मांगें।
- **जस्टिस नागरत्ना**: याचिकाकर्ता का कहना है कि पीड़ित 27 सप्ताह और 2 दिन की गर्भवती है और जल्द ही 28 हफ्ते के करीब पहुंच जाएगी।
- **जस्टिस नागरत्ना**: चूंकि बहुमूल्य समय ष नष्ट हो गया है, इसलिए मेडिकल बोर्ड से नई रिपोर्ट मांगी जा रही है। हम याचिकाकर्ता को एक बार फिर से एग्जामिन करने का निर्देश देते हैं। नई स्टेटस रिपोर्ट आज शाम (20 अगस्त) तक इस अदालत को सौंपी जाए। इसे सोमवार (21 अगस्त) को कोर्ट के सामने रखा जाएगा।

### यह है वक्त बर्बाद किए जाने जैसी टिप्पणी की वजह

इससे पहले उच्चतम न्यायालय को याचिकाकर्ता के वकील विशाल अरुण मिश्रा ने बताया कि महिला ने 7 अगस्त को गुजरात हाईकोर्ट में अपनी गर्भावस्था के निरस्तीकरण संबंधी अपील की थी। 8 अगस्त को इस मामले की सुनवाई करते हुए गर्भ की स्थिति पता लगाने और याचक महिला की स्वास्थ्य जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड के गठन का आदेश दिया। 10 अगस्त को मेडिकल कॉलेज ने रिपोर्ट पेश की तो 11 अगस्त को हाईकोर्ट ने मामले को 23 अगस्त को सूचीबद्ध कर दिया। अब इस मामले को सुप्रीम कोर्ट लेकर पहुंची याचिकाकर्ता के वकील का कहना है कि जब मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया था, तब याचक महिला के गर्भ का 26वां सप्ताह था।

### मेडिकल बोर्ड से मांगी रिपोर्ट

पीठ ने कहा, इन परिस्थितियों में, हम याचिकाकर्ता को एक बार फिर जांच के लिए अस्पताल के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश देते हैं और लेटेस्ट रिपोर्ट कल शाम 6 बजे तक इस अदालत को सौंपी जा सकती है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि वह इस मामले में हाई कोर्ट के आदेश का इंतजार करेगी। पीठ ने मेडिकल बोर्ड की तरफ से हाई कोर्ट में दाखिल की गयी रिपोर्ट के बारे में भी पूछा। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि रिपोर्ट के मुताबिक, गर्भावस्था का समापन किया जा सकता है। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी अधिनियम के तहत, गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं, बलात्कार पीड़ितों सहित विशेष श्रेणियों और अन्य कमजोर महिलाओं जैसे कि विकलांग और नाबालिगों के लिए 24 हफ्ते है।

# पद संभालते ही अजय राय की अंगड़ाई, यूपी में जोरदार होगी 'लड़ाई'

### कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे : अजय राय

- प्रियंका गांधी को लेकर अजय राय ने कहा की उनकी जहां से इच्छा चुनाव लड़ने की होगी, वहीं से लड़ेंगी
- 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के तेवर दिख रहे हैं आक्रामक, राहुल गांधी को लाइम लाइट में लाने में जुटे



जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालते ही अजय राय ने साफ कर दिया है कि अब कांग्रेस का रुख आक्रामक होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में आमने-सामने की टक्कर होगी। उन्होंने ऐलान किया कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। इस बहाने उन्होंने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को खुली चुनौती दी है। राय के इस बयान ने एक तीर से दो निशाने साधे हैं। एक तो वह पार्टी की धार धार छवि बनाने में जुट गए हैं। दूसरा, 2024 लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को लाइमलाइट में लाने के लिए मोर्चा संभाल लिया है।

अजय राय ने कमान संभालते ही आक्रामक तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं। उन्होंने राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने का दावा किया है। यही नहीं, प्रियंका गांधी को लेकर अजय राय ने कहा की उनकी जहां से चुनाव लड़ने की इच्छा होगी, वहीं से लड़ेंगी। प्रियंका जी चाहें तो वाराणसी से चुनाव लड़ सकती हैं। हमारा एक-एक कार्यकर्ता उनके लिए जान लगा देगा। वहीं इस दौरान अजय राय ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर भी जमकर हमला बोला, उन्होंने कहा, वह 13 रुपये किलो चीनी दिलवा रहीं थी अब कहां हैं।

### राहुल अमेठी से जीते तो कांग्रेस का आत्मविश्वास बढ़ेगा

अमेठी कांग्रेस की सीट रही थी लेकिन साल 2019 के चुनाव में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के किले में सेंध लगा दी थी। अमेठी लोकसभा सीट पर हुए चुनाव में राहुल गांधी को स्मृति ईरानी ने हराया था। अमेठी लोकसभा सीट कांग्रेस की पारवारिक सीट रही है। इस सीट से संजय गांधी, पूर्व पीएम राजीव गांधी, सोनिया गांधी भी लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। इसके अलावा अमेठी लोकसभा सीट से राहुल गांधी भी लगातार तीन बार सांसद रह चुके हैं। अगर एक बार फिर राहुल गांधी इस सीट पर जीत जाते हैं तो यह भाजपा के लिए बड़ा झटका होगा। इसे कांग्रेस का बिखरा हुआ आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

### 24 अगस्त को कार्यभार ग्रहण करेंगे अजय राय

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजय राय 24 अगस्त को कार्यभार ग्रहण करेंगे। पार्टी के महासचिव प्रशासन दिनेश सिंह ने बताया कि कार्यभार ग्रहण समारोह में प्रदेश के सभी वर्तमान और पूर्व पदाधिकारी व पूर्व विधायकों को बुलाया गया है। कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व की तरफ से उत्तर प्रदेश में किए गए एक बड़े संगठनात्मक फेरबदल के तहत वाराणसी के पिंडरा विधानसभा से पांच बार के विधायक व मंत्री रहे अजय राय को गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष चुना गया है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बने विपक्षी गठबंधन इंडिया की अगली बैठक अगस्त के अंत में मुंबई में होगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस बैठक में यूपी में सीटों के बंटवारे पर चर्चा होगी। यूपी में सपा और कांग्रेस कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे इस पर निर्णय हो सकता है। राय से पहले बृजलाल खाबरी यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष थे वो करीब 10 महीने तक पद पर रहे।

## यूपी में नौ आईपीएस अफसरों के तबादले, आरके स्वर्णकार कानपुर के नए कमिश्नर बने

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। यूपी में शनिवार को नौ आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए। आरके स्वर्णकार को कानपुर का कमिश्नर नियुक्त किया गया है। अभी तक तैनात रहे बीपी जोगदंड को एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह आईपीएस राजीव कृष्णा को एडीजी विजिलेंस, आईपीएस अनुपम कुलश्रेष्ठ को एडीजी आगरा, आईपीएस मोहित अग्रवाल को अपर पुलिस महानिदेशक एटीएस, आईपीएस नवीन अरोरा को अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं, आईपीएस बी डी पॉल्सन को अपर पुलिस महानिदेशक यातायात एवं सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। आईपीएस डॉ. संजीव गुप्ता को सेक्रेटरी होम और आईपीएस एलआर कुमार को डीआईजी लॉ एंड ऑर्डर के पद पर नियुक्ति दी गई है।

# चंद्रयान-3 आज रात दो बजे चंद्रमा के और करीब आएगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु

इसरो आज रात 2 बजे चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर को डीबूस्टिंग के जरिए चंद्रमा के और करीब लाएगा। डीबूस्टिंग यानी स्पेसक्राफ्ट की रफ्तार को धीमी करना। इस ऑपरेशन के बाद लैंडर की चंद्रमा से न्यूनतम दूरी 30 किमी और अधिकतम दूरी 100 किलोमीटर रह जाने की उम्मीद है। सबसे कम दूरी से ही 23 अगस्त को शाम 5:47 बजे सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास किया जाएगा। 23 अगस्त को लैंडिंग में समस्या आती है तो एक महीने बाद फिर प्रयास होगा। क्योंकि चंद्रयान-3 को अगली सुबह का इंतजार करना होगा, जो वहां 28 दिन बाद होगी। अभी विक्रम लैंडर की चंद्रमा से सबसे कम दूरी 113 किमी और सबसे ज्यादा दूरी 157 किमी है। इसरो ने 18 अगस्त को डीबूस्टिंग के जरिए लैंडर की ऑर्बिट घटाई थी। डीबूस्टिंग में यान के चलने की दिशा के अपोजिट डायरेक्शन में थ्रस्टर फायर किए जाते हैं। इससे पहले 17 अगस्त को चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल को लैंडर-रोवर से अलग किया गया था। सेपरेशन के बाद लैंडर ने प्रोपल्शन मॉड्यूल से कहा- थैंक्स फॉर द राइड मेट। इस दौरान लैंडर पर लगे कैमरे ने प्रोपल्शन मॉड्यूल की फोटो के साथ चंद्रमा की भी तस्वीरें खींचीं।




### 4 जरूरी सवालों के जवाब...

- **डीबूस्टिंग कैसे पूरी होगी**: चंद्रयान के लैंडर के चार पैरों के पास लगे 800 न्यूटन शक्ति के 1-1 थ्रस्टर की बदौलत संभव होगा। दो-दो थ्रस्टर 2 चरणों में काम करेंगे।
- **लैंडिंग में कितनी मुश्किलें**: 30 किमी की ऊंचाई से लैंडिंग प्रोसेस शुरू होगी। लैंडर की रफ्तार को 1680 मीटर प्रति सेकेंड से 2 मीटर प्रति सेकेंड पर लानी होगी।
- **23 अगस्त को ही लैंडिंग क्यों**: लैंडर-रोवर दोनों ही पावर जेनरेट करने के लिए सोलर पैनल यूज करेंगे। अभी चंद्रमा पर रात है और 23 तारीख को सूर्योदय होगा।
- **चंद्रयान-3 क्या काम करेगा**: प्रोपल्शन मॉड्यूल धरती से आने वाले रेडिएशन्स का अध्ययन करेगा। लैंडर-रोवर सतह पर पानी की खोज सहित अन्य प्रयोग करेंगे।

## जनता को मुफ्त गैस सिलेंडर देगी योगी सरकार, सीधे खाते में जाएंगे 914 रुपये

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार उज्ज्वला योजना के 1.75 करोड़ लाभार्थियों को दो निशुल्क एलपीजी सिलेंडर देने की जगह उनके बैंक खाते में पैसे डालने पर विचार कर रही है। एक सिलेंडर के लिए 914.50 रुपये का भुगतान होगा। पहली किस्त इसी दिवाली खाते में भेजने की योजना है। इसके लिए लाभार्थियों के बैंक एकाउंट को आधार से लिंक कराने की कार्रवाई तेज करने को कहा गया है। सत्ताधारी दल भाजपा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दो मुफ्त सिलेंडर का वादा किया था। ये होली व दिवाली पर दिए जाने हैं। चुनाव नतीजे आने के बाद दो बार होली व एक बार दिवाली बीत चुकी है। मगर, इस वादे पर अभी अमल का इंतजार है। इधर, तेजी से बढ़ती महंगाई और नजदीक आते लोकसभा चुनाव से पहले सरकार इस वादे पर अमल के फॉर्मूले पर विचार कर रही है। सूत्रों का कहना है कि सिलेंडर के खुदरा औसत मूल्य 1144 रुपये में केंद्र सरकार से मिलने वाली 230 रुपये की सब्सिडी व बैंक विनिमय दर को घटाकर करीब 914.50 रुपये भुगतान पर सहमति बनी है।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

# डीजी एसएसबी ने सीमा सुरक्षा का लिया जायजा, अधिकारियों और जवानों को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। अशोक उपाध्याय/नबी अहमद



भारत नेपाल सीमा का निरीक्षण करती डीजी एसएसबी रश्मि शुक्ला



एसएसबी जवानों के साथ सीमा क्षेत्र का भ्रमण करती डीजी



एसएसबी जवानों को निर्देशित करती हुई डीजी

**रूपईडीहा, बहराइच।** महानिदेशक एसएसबी रश्मि शुक्ला ने शनिवार अपरान्ह भारत नेपाल सीमा पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इससे पूर्व उन्होने कमाण्ड कार्यालय अग्गैया में एसएसबी के अधिकारियों के साथ बैठक की। सीमा क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही अधिकारियों को निदेर्शित करते हुए कहा कि घुसपैठ और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी गस्त करे और चेकिंग अभियान के दौरान कोताही न बरते।

भारत नेपाल सीमा दोनों देशों के बीच मैत्री पूर्ण संबंध के बावजूद संवेदनशील है। पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश के बाद सीमा सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े हुए है। सीमा सुरक्षा की अहम जिम्मेदारी एसएसबी पर है। एसएसबी की 42वीं वाहिनी और 59वीं वाहिनी के जवान बड़े पैमाने पर सीमा की सुरक्षा में तैनात है। ग्रामीण व वनाच्छादित इलाकों में भी एसएसबी के जवानों का 24 घंटे कड़ा पहरा रहता है। बहराइच जनपद की सीमा में मुख्य एसएसबी चैकी रूपईडीहा के साथ कई अन्य चैकियां स्थापित है। जिन पर जवानों की तैनाती है। नेपाल के रास्ते भारत में सीमा हैदर की घुसपैठ के बाद एसएसबी के जवानों ने सतर्कता बढ़ा दी है। रूपईडीहा चैकी से आने जाने वाले लोगों के लिए पहचान पत्र भी अनिवार्य कर दिया गया है। सीमा सुरक्षा की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए एसएसबी की महानिदेश रश्मि शुक्ला शनिवार को रूपईडीहा चेक पोस्ट पहुंची। भारत नेपाल के बीच बहराइच जिले का यह सबसे बड़ा चेक पोस्ट है। इस चेक पोस्ट पर आवागमन का काफी दबाव रहता है। महानिदेशक ने चेक पोस्ट पर रूक कर आवागमन की स्थिति देखी। एसएसबी के कर्मचारी आने जाने वाले लोगों की सघन जांच के साथ कड़ी पूछताछ करने के बाद ही आने जाने दे रहे थे। महानिदेशक ने कहा कि रूपईडीहा चेक पोस्ट काफी संवेदनशील है। एसएसबी के जवान विशेष सतर्कता बरत रहे है। कई बड़े मामलों का एसएसबी के जवानों ने खुलासा किया है। मादक द्रव्य तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया है। उन्होने घटना का हवाला देते हुए कहा कि कुछ नेपाली नागरिकों ने हैदराबाद में चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया था। वापस नेपाल में प्रवेश के दौरान एसएसबी के जवानों ने इन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर पुलिस को सौपा। महानिदेशक ने कहा कि ऐसे कई बड़े मामले है जिनमे एसएसबी को कामयाबी मिली है। उन्होने कहा कि अग्गैया स्थित कमांड कार्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सीमा पर चैकसी बनाये रखे। किसी प्रकार की घुसपैठ और तस्करी की गतिविधियां न होने दे। सीमा का निरीक्षण करने के दौरान महानिदेशक के साथ एसएसबी के डीआईजी जेडी वशिष्ठ, 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत, 59वीं वाहिनी के कमांडेंट, कमांडेंट मनोज कुमार सिंह, डिप्टी कमांडेंट अनिल कुमार यादव, रूपईडीहा चेक पोस्ट प्रभारी भास्कर कुमार, समेत एसएसबी के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सदर तहसील में डीएम की अध्यक्षता में सपूर्ण समाधान दिवस सपन्न

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

शासन की मंशानुसार आमजन को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से न्याय मिले के क्रम में माह के प्रत्येक शनिवार को तहसीलो मे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी सहित अन्य शीर्ष अधिकारियो की अध्यक्षता मे आयोजन होता है। आज सदर तहसील मे जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के सयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कृषि, सिंचाई, राजस्व, पेंशन, शिक्षा, विकास, नलकूप, पुलिस, विद्युत आदि विभागों से सम्बंधित कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किये जाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने विभागाध्यक्षो को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाय और जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होने पाये। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाय और धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाय। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतों को प्राथमिकता एवं गम्भीरता से सुनें तथा उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अशोक कुमार, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंदरौल, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 शेषमणि सिंह, तहसीलदार सदर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जन समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार मानिकपुर में किया गया।

जिलाधिकारी ने गत संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है, उस समस्या के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए ताकि वह समस्या ग्रस्त व्यक्ति अपने समस्या के निस्तारण से संतुष्ट हो सके। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाए, जिन विभागों की आज संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं प्राप्त हुई हैं, उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी से कहा कि जो भूमि सम्बन्धी मामले हैं, उसमें राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। इसके बाद जिलाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा तहसील परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

**✻ समस्या के निस्तारण से समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए**

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी मानिकपुर राम जन्म यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकमल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी, तहसीलदार मानिकपुर आलोक प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसी राम आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराएं अधिक से अधिक वाद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी ने शनिवार को मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद मामलों के निस्तारण के सम्बन्ध में प्री ट्रायल मीटिंग ली। जिसमें उन्होंने अधिवक्ताओं से लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सुलह समझौते से वाद निस्तारित कराने के लिए सहयोग मांगा।

बैठक में पूर्ण कालिक सचिव ने बताया कि आगामी 9 सितम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसमें मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण के लिए मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण चित्रकूट के पीठासीन अधिकारी दीप नारायण तिवारी की अध्यक्षता में प्री ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें पक्षकारों और उनके अधिवक्ताओं से लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराएं जाने पर विशेष बल दिया गया।

इस मौके पर अधिवक्ता नवीन चन्द्र त्रिपाठी, राकेश प्रकाश शुक्ल, राजकिशोर त्रिपाठी, शिवप्रसाद शुक्ला, मोहन लाल विश्वकर्मा, कमला कान्त मिश्रा, प्रदुम्न नारायण मिश्रा, शिवकृष्ण त्रिपाठी एवं बीमा अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्ता, राकेश प्रकाश शुक्ला, आदर्श कुमार श्रीवास्तव, देव मुरत वर्मा, सतेन्द्र निगम आदि मौजूद रहे।

# जलप्रपात में निर्मित ग्लास आब्जरवेटरी डेस्क एवं सौंदर्यीकरण का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शनिवार को तुलसी जलप्रपात में निर्मित ग्लास आब्जरवेटरी डेस्क (स्काई वाक) एवं सौंदर्यीकरण का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी से स्काईवॉक के निर्माण में सरफेस, रेलिंग की ऊंचाई, डिजाइन की टेस्टिंग, ग्लास, मेन एरो, टिकट घर आदि के बारे में जानकारी की। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि जहां तक स्ट्रक्चर स्काईवॉक का बन रहा है, वहां तक के लिए सड़क निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर बनाया जाए।

उन्होंने लघु सिंचाई विभाग एवं वन विभाग से कहा कि जो तुलसी जलप्रपात के ऊपर चेक डैम बनाया गया है, उसको ऊंचा कराया जाए एवं विस्तारित भी किया जाए। साथ ही देखा जाए की उस चेक डैम के पहले और एक चेक डैम का निर्माण कराया जा सकता हो तो उसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर इको टूरिज्म बनाया जा रहा है ताकि बाहर से आने वाले पर्यटकों को सौंदर्य देखने को मिले। उन्होंने कहा कि जनपद में यह उत्तर प्रदेश का पहला प्रोजेक्ट होगा जो पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुंदर स्थान देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि चित्रकूट में धार्मिक नगरी को देखते हुए इको टूरिज्म को बढ़ाने के लिए तमाम कार्य पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे हैं। इसके बाद जिलाधिकारी ने तुलसी जलप्रपात के प्रांगण में हरिशंकरि पौधों को रोपित भी किया।

इस मौके पर प्रभागीय वनिधिकारी पीके त्रिपाठी, तहसीलदार मानिकपुर आलोक प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष मारकुंडी अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी हस्वा का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



हसवा कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का जिलाधिकारी श्रुति ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित रजिस्टर में डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रियंका श्रीवास्तव, एसटीएलएस देवेन्द्र के अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर, पंजीकरण कक्ष, दवा भंडारण, दवा वितरण कक्ष, ओपीडी, ड्रेसिंग रूम, कुष्ठ रोग, टीबी, पैथोलॉजी, कोल्ड चैन कक्ष, स्टोर रूम, प्रसव कक्ष आदि को देखा।

जिलाधिकारी ने पंजीकरण कक्ष में आए मरीजों की संख्या को देखा। दवा वितरण कक्ष में वितरित की गई दवाओं, भंडारण कक्ष में दवाओं की उपलब्धता एवं वैधता को देखा। जहां सभी दवाएं वैध पायी गयी। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि उपभोग-वितरित की गयी दवाओं की रिपोर्ट से अवगत कराये। एमओवाईसी ने बताया कि इस केन्द्र के अंतर्गत 58 ग्राम सभाएं आती हैं। जिसमें 204 आशा कार्यकत्री कार्यरत हैं। इनकी बैठकें नियमित किया जाता हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामों में लगने वाले बीएचएनडी दिवस का रैंडम निरीक्षण कर रिपोर्ट से अवगत कराये। साथ ही एएनएम, आशा कार्यकत्रियों के उपकरण की उपलब्धता भी जांच कर लें। उन्होंने कहा कि पैथोलॉजी कक्ष में ब्लड की सभी जांच के लिए उपकरण की व्यवस्था कराये। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाय और मरीजों को बाहर की दवा न लिखी जाय। स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करायी जाय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अशोक कुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अनुपम सहित अन्य चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लोकेशन गैंग का सरगना व गैगेस्टर एक्ट के वांछित गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा एवं उनकी टीम तथा प्रभारी निरीक्षक थाना सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह एवं उनकी संयुक्त टीम द्वारा गैगेंस्टर एक्ट के वॉछित व लोकेशन गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना राजापुर भास्कर मिश्रा एवं प्रभारी निरीक्षक थाना सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की संयुक्त टीम द्वारा गैगेंस्टर एक्ट थाना राजापुर से सम्बन्धित वांछित आरोपी और लोकेशन गैंग का सरगना इन्द्रेश कुमार उर्फ गुड्डू यादव पुत्र लल्लू प्रसाद निवासी मनीपुर भटेहरी थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली को कस्बा राजापुर स्थित महादेव धर्म कॉंटा के पास से गिरफ्तार किया गया। जनपद चित्रकूट, प्रयागराज एवं रायबरेली के कुछ व्यक्ति पिछले कुछ महीनों से एक संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से बालू, गिट्टी का अवैध रूप से बिना रवन्ना ओवर लोड ट्रकों को खनिज, परिवहन, वाणिज्य एवं पुलिस अधिकारियों की लोकेशन ट्रेस करके जनपद की सीमा से बाहर भेजा करते थे। आरोपी सहित 7 माफियाओं के विरुद्ध थाना राजापुर में गैगेंस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी थी। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी उमेंन्द्र त्रिपाठी व राहुल पुरी आदि मौजूद रहे।

**सम्भागीय निरीक्षक ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

# विद्यालय प्रबंधक के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अशोक पब्लिक स्कूल से बच्चों को ले जा रही मैजिक रास्ते में संतुलन बिगडने से पलट गई। जिसमें सवार बच्चे चुटहिल हो गए। इस मामले में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय के सम्भागीय निरीक्षक ने कर्वी कोतवाली में प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को अशोक पब्लिक स्कूल में छुट्टी होने के बाद स्कूल मैजिक नम्बर यूपी 96 सी 9658 खोह से बच्चों को लेकर कर्वी आ रही थी। इस दौरान रास्ते में मैजिक पलट गई। जिससे मैजिक में सवार बच्चों की चीख पुकार से मौके पर भारी भीड एकत्र हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बच्चों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्ष पाण्डेय और सहायक सम्भागीय परिवहन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इस सम्बन्ध में सम्भागीय निरीक्षक गुलाब चन्द्र ने बताया कि घटना के तत्काल बाद वह मौके पर पहुंचे। जिसमें उन्होंने दुर्घटना ग्रस्त मैजिक के अभिलेखों का परीक्षण किया। जिसमें पता चला की इस गाडी को बीती 8 जून 2023 को फिटनेस के लिए कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था। जिसमें कैमरा एवं स्पीड गर्वनर नहीं लगा था। इस पर गाडी में दोनों यंत्र फिट कराने के निर्देश दिए गए थे, किन्तु अभी तक गाडी में कैमरा एवं स्पीड गर्वनर लगाकर कार्यालय में नहीं प्रस्तुत किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता ने जानबूझकर मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन किया है एवं इस वाहन को बिना फिटनेस कराएं बच्चों को ले जाने के लिए अनुमति दी है। जिससे तकनीकी रूप से असुरक्षित वाहन दुर्घटना ग्रस्त हुआ और बच्चों की जान जोखिम में पड गयी। सम्भागीय निरीक्षक ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और एआरटीओ को सूचित करते हुए मामले की एफआईआर दर्ज कराने के लिए कर्वी कोतवाली में तहरीर दी है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

## 9 माह से 5 वर्ष तक के 118375 बच्चों को 15 सितंबर तक दी जाएगी विटामिन ए की खुराक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिले में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, सहकारिता अध्यक्ष पंकज अग्रवाल एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भूपेश द्विवेदी ने बच्चे को विटामिन ए की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि प्रत्येक छह माह के अंतराल पर यह अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के अंतर्गत 9 माह से लेकर 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाती है। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मुकेश पहाड़ी, डीएमसी यूनिसेफ दिलीप द्विवेदी, वीसीसीएम, अर्बन कोर्डिनेटर रूप नारायण, नरोत्तम आदि मौजूद रहे।



## मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षक विधायक ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** शहर के जयरामनगर स्थित सांई सिटी इंटर कालेज, मां सरस्वती ज्ञान मंदिर के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह जयरामनगर स्थित एक लान में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक डा. बाबूलाल तिवारी व विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवींद्र पाल सिंह, शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष उदयवीर सिंह, आचार्य कमलेश योगी ने शिरकत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। संचालन कमलेश योगी ने किया। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। हाईस्कूल परीक्षा में 90 प्रतिशत् से अधिक अंक अर्जित करने वाले लक्ष्मी सोनी, रितिक विश्वकर्मा, विद्या देवी, सुनील कुमार के अलावा इंटरमीडिएट में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले साहिल, सिद्धांत श्रीवास्तव, योगेंद्र कुमार, रीत सिंह, मयंक मिश्रा को प्रबंधक पवन सिंह गौर ने प्रति छात्र ग्यारह हजार रूपये का चेक प्रदान किया। साथ ही विद्यालय के वरिष्ठ गणित प्रवक्ता फारूख खान ने प्रति छात्र पांच हजार रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। वहीं 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। समारोह में नौनिहाल छात्र व छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसे अतिथियों ने जमकर सराहा। इस मौके पर रणवीर सिंह, संजय सिंह, रावेंद्र सिंह, रवि सिंह, राजेंद्र पाल, रेखा श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, अतुल कुमार, मनोरमा, जयश्री, आदित्य, राजेंद्र प्रसाद, पूजा त्रिवेदी, अनुराधा मौर्या, रतन सिंह, प्रतिभा सिंह, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव समेत अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# कलचिहा के किसानों के साथ एसडीएम ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट**

मऊ तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कलचिहा में यूपीसीडा के लिए 70 हेक्टेयर भूमि अर्जन करने के उद्देश्य से शनिवार को उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने गांव के किसानों के साथ बैठक की। जिसमें किसानों से सहमति के आधार पर भूमि क्रय करने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। उप जिलाधिकारी ने बताया कि कलचिहा गांव में प्रयागराज कर्वी मार्ग में उत्तर की ओर भूमि अर्जन के लिए सहमति के आधार पर क्रय किया जाना है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में उद्योग स्थापना से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। उत्तर प्रदेश शासन की मंषानुरूप जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर उद्यमियों को क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस मौके पर मऊ तहसीलदार राजेश कुमार यादव, नायब तहसीलदार विवेक कुमार, क्षेत्रीय लेखपाल और यूपीसीडा के अधिकारियों के साथ ग्राम प्रधान व क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।



## अवैध गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे 2 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक राजेश कुमार राय तथा हमराही आरक्षी अमित सिंह, आरक्षी राहुल पुरी द्वारा भकोली पुत्र भागवत निवासी गडौली को 1 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी ने बताया कि उप निरीक्षक राकेश मौर्य तथा हमराही आरक्षी राजीव सिंह द्वारा दीपक कुमार वाजपेयी पुत्र रामनरेश वाजपेयी निवासी रुपौलियन टोला को 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## एक सितम्बर को होगी पेंशन अदालत व सेवानिवृत्त अध्यापकों की जनसुनवाई

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा की अध्यक्षता में 1 सितंबर को आयुक्त कार्यालय बांदा में मंडलीय पेंशन अदालत एवं सेवानिवृत्त अध्यापकों, कर्मचारियों के लम्बित देयकों के सम्बन्ध में जनसुनवाई बैठक पूर्व की भांति आयोजित की जाएगी। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायत पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन चित्रकूट धाम मंडल बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 23 अगस्त तक प्राप्त कराए जा सकते हैं। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायत पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में भी प्राप्त कराएंगे

G20 उत्तर रेलवे आजादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **11.09.2023** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल **ireps** पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 09602023 दिनांक 18.08.2023 |
| 2 | निविदा संख्या | 31-SR-DEN-VI-LKO-2023-24 |
| 3 | कार्य का नाम | सहायक मंडल इंजीनियर प्रयाग के अधीन टीवीयू (सिविल कार्य) में वृद्धि के कारण 15 नंबर समपारों का 'सी' वर्ग से उच्च श्रेणी में उन्नयन। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 2,19,57,809.13 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 2,59,800.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 28.08.2023 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 11.09.2023, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2568/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 291867 बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

जिले में 291867 बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। नौ माह से पांच वर्ष तक की अवस्था के बच्चों को इस सीरप का कुल नौ खुराक लेना अनिवार्य है। ऐसा करने से बच्चों को पोषण मिलता है और उनका बीमारियों से बचाव भी होता है। इसके लिए एक माह तक अभियान चलेगा जिसका आगाज हो गया। जिले में इस अभियान का शुभारंभ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरबन पक्का तालाब में सीएमओ डा अशोक कुमार ने किया। उन्होंने अपील किया कि आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से बच्चों को इस दवा का सेवन अवश्य करवाये।

अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि जिले में नौ से बारह माह के 17564 बच्चों को यह दवा दिया जाएगा। विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम के तहत ही एक से दो वर्ष तक के 66187 बच्चों को और दो से पांच वर्ष तक के 208126 बच्चों को इस दवा का सेवन करवाया जाएगा। इस अभियान में एएनएम का सहयोग आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता करेंगी।

बच्चों को यह दवा खसरे से बचाव के प्रथम और दूसरे टीके के साथ दिया जाता है और इसके अलावा प्रत्येक छह माह पर अभियान के दौरान भी इसका सेवन कराया जाता है। छाया वीएचएसएनडी और छाया यूएचएसएनडी सत्रों पर बच्चों को लाकर इस दवा का सेवन करवाया जाता है। प्रत्येक सरकारी अस्पताल में यह दवा उपलब्ध है। इसे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में भी शामिल किया गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ सुरेश की निगरानी में अगस्त व सितम्बर माह में इसे अभियान के तौर पर उपलब्ध कराया जाएगा। एसीएमओ ने बताया कि विटामिन ए की कमी छोटे बच्चों में रोकथाम लायक अंधेपन का प्रमुख कारण है। जिसे दवा सेवन से दूर किया जा सकता है। इसकी कमी बच्चों के विकास को बाधित कर सकती है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को भी बाधित करती है। खसरा व दस्त पीड़ित बच्चों में इसकी कमी हो जाने से मृत्यु की आशंका अधिक होती है। टीकाकरण के साथ इस सीरप की सही और उम्र विशिष्ट खुराक देने पर करीब दस फीसदी बच्चों में दस्त, सिरदर्द, बुखार और चिड़चिड़ापन जैसे हल्के लक्षण दिखते हैं।

## मौरंग माफियाओं के लगे हैं पहाड़ नुमा अवैध डम्प, प्रशासन कर रहा अनदेखा

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** खागा तहसील क्षेत्र के धाता, किशनपुर थाना क्षेत्र में संचालित होने वाली मौरंग खदानों के बन्द हो जाने के बाद अब उनके संचालक व गुर्गे पूर्व में अवैध तरीके से डम्प की गई हजारो गाडिया मौरंग को महगें दामो पर बिक्री करने की तैयारी में जुट गये है। जिसकी जानकारी से न तो सम्बन्धित विभाग न ही पुलिस प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अन्जान है। बताया गया है कि खागा, धाता, खखरेरू, किशनपुर थाना क्षेत्र में दर्जनों जगहों में निजी व सावर्जनिक स्थानों पर घाट बन्द होने के पहले ही हजारो ट्रक मौरंग डम्प है। बताते चले कि किशनपुर व धाता थाना क्षेत्र में संचालित होने वाली मौरंग खदाने बंद हो चुकी है। इन खदानों पर अब खनन का कार्य भले ही नही हो रहा है लेकिन इनके संचालको व इनके द्वारा पाले गए गुर्गो के द्वारा खदानों के बन्द होने से पूर्व आसपास दर्जनों जगहों में निजी व सावर्जनिक स्थानों पर भारी मात्रा में मौरंग का डम्प अवैध तरीके से कर लिया गया है। अब अवैध रूप से डम्प की गई मौरंग को मंहगें दामो पर बिक्री करने की तैयारी में जुट गये है। हजारो गाडिया डम्प की जाने वाली मौरंग का परमीसन भी इनके पास नही है। इसकी जानकारी से न तो खनन विभाग न ही पुलिस प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अन्जान है। बताया गया है कि धाता, किशनपुर, खखरेरू, खागा थाना अंतर्गत दर्जनों जगहों में निजी व सावर्जनिक स्थानों पर इनके द्वारा भारी मात्रा में मौरंग के डम्प लगे हुए है। जब कि सम्बन्धित विभाग सहित स्थानीय प्रशासन माफियाओ के अवैध डम्प को अनदेखा कर रहा है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 19-23 अगस्त, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 31.8(-0.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.6 (-1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 87 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 91 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.8 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर -पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 16.2

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# बीस वर्षों से कोपो स्टेट के चेयरमैन विजय कपूर और उनकी टीम संवार रही मजदूरों के बच्चों का भविष्य

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शहर के दादा नगर इंडस्ट्रियल एरिया में हजारों फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं। यहां की फैक्ट्री कारखानों में मजदूरी का कार्य करने वाले हजारों मजदूरों के बच्चों के भविष्य को उज्जवल करने का बीड़ा लगभग बीस सालों से कोपो स्टेट के चेयरमैन विजय कपूर और उनकी व्यापारियों की टीम ने संभाल रखा है। इसके लिए सभी ने विजय कपूर संग मिलकर दादा नगर इंडस्ट्रियल एरिया में ही एक बहुत बड़ा भव्य स्कूल बनवा रखा है जिसमें सिर्फ और सिर्फ उन्हीं मजदूरों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं जो यहां के कारखाने फैक्ट्री में कार्यरत हैं और यहां पर पूर्ण रूप से उन्हें निशुल्क शिक्षा के साथ-साथ कॉपी किताबे जूते मोजे ड्रेस के साथ लजीज व्यंजन भी दिए जाते हैं।

ज्ञातव्य हो कि दादा नगर इंडस्ट्रियल एरिया में लाखों मजदूर मेहनत मजदूरी करके अपना और अपने परिवार का पेट पालते हैं । लगभग 20 वर्ष पहले कोपो स्टेट के चेयरमैन विजय कपूर और उनके विधायक भाई अजय कपूर समेत सैंकड़ों व्यापारियों ने मजदूरों के बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के लिए इंडस्ट्रियल एरिया में ही स्कूल बनाकर उन्हें पढ़ाने का संकल्प लिया और कोपेस्टेट शिक्षा सदन जू.हा. तैयार करवा दिया। इसी स्कूल में बीते दिन शिक्षारत छात्रों को निशुल्क स्कूल यूनिफार्म, पाठ्य-पुस्तकें, कापी, स्कूल बैग आदि का वितरण राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का ही विंग है, के आल इंडिया जनरल सेक्रेट्री अरूण कुमार (प्रचारक) एवं राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच, कानपुर चैप्टर के चेयरमैन विजय कपूर, प्रेसीडेन्ट एन.के. नेब, वाइस-प्रेसीडेन्ट अरूण भाटिया, ज्वाइंट सेक्रेट्री मनीष गुप्ता, जनरल सेक्रेट्री अजय कुमार गुप्ता व ट्रेजरार एन.के. गुप्ता एवं प्रमुख उद्यमी विकेश गुप्ता, सुरेश पुरी, हरीश ईसरानी, विशाल खण्डेलवाल व श्यामलाल मूलचंदानी उपस्थित रहे, के कर-कमलों से किया गया। इस दौरान

चेयरमैन विजय कपूर ने अंगवस्त्र व माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना और छात्र-छात्राओं के साथ वैदिक विधि से हवन-आहुति से हुआ। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, पाठ्य-पुस्तकें, कापी एवं यूनीफार्म का वितरण किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी छात्र-छात्राओं के लिये मध्यान्ह भोज की व्यवस्था थी।

आयोजन में चेयरमैन विजय कपूर के साथ मुख्यतः उपाध्यक्ष सुरेश पुरी, आर.पी. सिंह, दिनेश कुशवाहा, बसन्त लाल विश्वकर्मा, विकेश गुप्ता, श्यामलाल मूलचंदानी, विशाल खण्डेलवाल, बलराम नरुला, भीमसेन, अवधपाल सिंह, अरूण जैन, प्रेम राज, शरद शर्मा, श्याम बिजलानी, नरेश पंजाबी, पम्मी खन्ना, प्रेम राज, वासुदेव गुप्ता, अंकुश खन्ना, सुभाष सिंह, गोपाल सदाना, गुरविन्दर सिंह, राजेन्द्र गुप्ता, गुलशन कपूर सहित सैकड़ों उद्यमी उपस्थित थे।


विजय कपूर और अन्य से कॉपी किताबें पाने के बाद प्रसन्न मुद्रा में नर्सरी क्लास के बच्चे

# खुशहाल बेटियां खुशहाल समाज की मेहंदी क्वीन बनीं के.के.इंटर कॉलेज की तस्मिया अंसारी





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

खुशहाल बेटियां खुशहाल समाज समिति द्वारा कराई गई मेहंदी प्रतियोगिता में नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज, के के इंटर कॉलेज, कौशल्या देवी इंटर कॉलेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय किदवई नगर स्कूलों के बच्चो ने भाग लिया, इस प्रतियोगिता का फाइनल बीते दिन के.के.इंटर कॉलेज में संपन हुआ। इस प्रतियोगिता में करीब 200 बच्चों ने भाग लिया था जिसमें 20 बच्चे फाइनल में पहुंचे थे। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष एकता मिश्रा एडवोकेट ने बताया कि इस प्रतियोगिता का संयोजन एवं संचालन डॉक्टर कामिनी दीक्षित एवं अर्चना मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अर्चना अग्निहोत्री, उप जिलाधिकारी केडीए एवं विशिष्ट अतिथि ममता त्रिवेदी, डॉक्टर स्मिता तिवारी, लक्ष्मी त्रिपाठी, पूजा चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में तस्मिया अंसारी ने सबको पीछे छोड़ते हुए अपने सिर पर मेहंदी क्वीन का ताज सजाया तस्मिया अंसारी प्रथम रही एवं द्वितीय सयिमा परवीन रनर रही और इन्होंने कौशल की दुनिया में अपनी महत्वपूर्ण पहचान बनाई है । कार्यक्रम में संस्था का परिचय डॉ. प्रीति सिंह मंडल सचिव ने दिया। सभी प्रतिभागियों को संस्था की सचिव क्षमता त्रिपाठी ने पढ़ाई का सामान वितरित किया। इस कार्यक्रम के सहयोगीजन फॉर्चून हॉस्पिटल प्रियंका त्रिवेदी व अकज मिश्रा एडवोकेट रहे। इस मौके पर मीडिया प्रभारी प्रतिभा दीक्षित, एकता मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष, नीता मिश्रा, लक्ष्मी शुक्ला, डॉक्टर अर्चना शुक्ला, सानिया, विधि मिश्रा, भरत कौशिक रहे। संस्था द्वारा विश्व में हिंदी लेखन में दसवां स्थान पाने वाले पत्रकार विकास बाजपेई को सम्मानित किया गया।

# जीएसवीएम मेडिकल कालेज में क्लीनिकल पैथोलाजिकल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

जीएसवीएम मेडिकल कालेज में क्लीनिकल पैथोलाजिकल कांफ्रेस का आयोजन किया गया। एन एम सी के मानको के अनुसार सीपीसी में बहुतत्या ऐसे दुर्लभ केस आते है जिसमें संस्थान के विभिन्न विभागो में समंजसय बनता है इसके साथ ही सीपीसी रोगी कल्याण में एक अभिन्न कडी है। 43 वर्षीय महिला दो साल पहले स्तन कैंसर के लिए आपरेट हुई थी। महिला के दोनो अण्डाशयों में दुर्लभ कैंसर की पुष्टि हुई। जिसमें उसके अनुवांशिक होने की सम्भावना भी जताई गई। ऐसे में मरीज के बच्चो और रिश्तेदारो में कैंसर होने की संभवाना बढ़ती है। ऐसे मामलो में मरीज व उसके रिश्तेदारो की कांउसिलिंग जेनेटिक टेस्ट होने बहुत जरूरी होते है। इस बारे में मरीज को विस्तृत जानकारी दी गयी।इसको और सफलतापूर्वक कैसे बनाया जाए, इस पर सभी डॉक्टर्स ने अपनी राय रखी। जिसका उद्देश्य मरीजो की जान बचाना है। डॉक्टर पाविका के कहना है मरीज जब भर्ती किया जाता है, मेडिकल टेस्ट के बाद पता चलता है, मरीज को कई और बीमारी भी है, उस समय कई अन्य डॉक्टरों से सलाह लेनी होती है, इसी समन्वय पर कई फैकल्टी मेंबर के साथ चर्चा हुई, इस मौके पर डॉक्टर चयनिका काला और डॉक्टर वसीम रजा ने केस के बारे में विस्तृत चर्चा की। सीपीसी में उप प्राचार्य डॉक्टर रिचा गिरी, सी पी सी अध्यक्ष डॉक्टर नीना गुप्ता, सचिव डॉक्टर लुबना खान व सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य तथा जेआर मौजूद रहे।



## फास्ट फॉरवर्ड

### जिलाधिकारी ने समस्या समाधान दिवस के मौके पर किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा फूल बाल भवन में चल रहे संपूर्ण समाधान दिवस का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान 06 विभागों के अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए गए समस्त 06 विभागों के अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश उप जिलाधिकारी सदर को दिए।



निरीक्षण के दौरान लोगो की समस्याएं सुनते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। समस्त तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण समाधान करना शासन की मूल प्राथमिकता है। जिसके आधार पर प्राप्त समस्त प्रकार की शिकायतों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु 03 प्रकरणों की आज ही जांच कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए एवं समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित पाए गए उप मुख्य चिकित्साधिकारी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, खंड विकास अधिकारी कल्याणपुर, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कल्याणपुर, तथा सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) के वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए कारण बताओ नोटिस निर्गत कराए जाने हेतु उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अभिनव गोपाल, तहसीलदार सदर सहित अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शहर में होगा महानाट्य जाणता राजा का मंचन

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** प्रख्यात इतिहासकार बाबा साहब पुरंडदरे द्वारा लिखित राष्ट्रीय महानायक छत्रपति शिवाजी के जीवन पर आधारित विश्व के सबसे बड़े महानाट्य जाणता राजा का मंचन शहर में एक बार पुनः होने जा रहा है । यह जानकारी समिति के अध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल संयोजक सीए नीतू सिंह ने शनिवार को आयोजित प्रेसवातों में कही। उमेश पालीवाल ने याताया कि कानपुर में वर्ष 2018 में आयोजित हुए जाणता राजा को शहरवासियों का अदभुत प्रेम मिला था। जनता के आग्रह पर ही एक बार पुनः इस महानाट्य का मंचन कराया जा रहा है। इसके लिए श्री शिव प्रतिष्ठान पुणे के कलाकारों का दल कानपुर आएगा। आयोजन समिति की संयोजक सीए नीतू सिंह ने बताया कि आज के समय में माँ जीजाबाई और शिवाजी के आदर्श पर हर परिवार में अमल होना चाहिए। युवाओं के लिए शिवाजी और माताओं के लिए जीजाबाई का जीवन चरित्र आदर्श है। उनके बताए रास्ते पर चलकर न केवल अपने परिवार समाज बल्कि देश को विश्व गुरु बनाया जा सकता है। जाणता राजा के आयोजन के माध्यम से हमारा प्रयास होगा कि इन महान लोगों को जीवन हर बच्चे तक पहुंचे। समाज के हर परिवार व प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचे। 35 वर्षों से भी अधिक समय से आयोजन होता आ रहा है। देश-विदेश मंचन हो चुका है अपना कानपुर जो 1200 बार इस नाटक का स्वयं में एक ऐतिहासिक विरासत वाला शहर है। यहाँ से रानी लक्ष्मीबाई, नाना साहब जैसे महान लोगों की यादें जुड़ी हैं हम लोगों का सौभाग्य है कि विश्व के सबसे बड़े महानाट्य का मंचन पुन कानपुर में होने जा रहा है।



# थाना अनवरगंज पुलिस ने किया रक्तदान शिविर आयोजित

**दैनिक जन एक्सप्रेस पत्रकार दानिश अहमद ने भी थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए किया रक्तदान**

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शहर में थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिये रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। थाना अनवरगंज अंतर्गत अकबर हाल रिजवी रोड में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शहर काजी मोहम्मद नदीम व जन एक्सप्रेस पत्रकार दानिश अहमद समेत 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की पहल पर थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिये रक्तदान शिविर का जिसमें रक्तदानियों के द्वारा 50 से अधिक यूनिट रक्तदान किया। थाना अनवरगंज अन्तर्गत अकबर हाल रिजवी रोड में लगे शिविर में थाना अनवरगंज प्रभारी निरक्षक समेत कई पुलिस कर्मियों ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की रक्षा का संकल्प लिया। लोगों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान में हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की कुशल टीम और कानपुर थैलेसीमिक सोसाइटी ने सहयोग किया। रक्तदान शिविर में कुल 50 से अधिक यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। रक्तदान करने वालों को अनवरगंज थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सरोज ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। चौकी प्रभारी व अन्य पुरुष व महिला पुलिस कर्मियों के द्वारा रक्तदान किया गया।




# बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा राहुल पॉली क्लीनिक

**स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की अभी तक नहीं पड़ी है नजर**

**जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे**

**कानपुर नगर।** मानक विहीन राहुल पॉली क्लीनिक पर कब स्वास्थ्य विभाग का हंटर चलेगा। शहर में जहां एक और बिना रजिस्ट्रेशन के हजारों अस्पताल चल रहे हैं वही इन अस्पतालों के बीच पॉली क्लीनिक भी संचालित है। पॉली क्लीनिक के संचालक अपने आपको एमबीबीएस डॉक्टर से कम नहीं समझते हैं। आपको बताते चलें जन एक्सप्रेस की मुहिम का अब असर देखने को मिलने लगा है। कल्याणपुर क्षेत्र के कई अस्पताल इस वक्त स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के राडार पर हैं। कईयों को तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नोटिस तक दे डाली है। लेकिन अभी भी कई अस्पताल और पॉली क्लीनिक बिना किसी भय के संचालित हैं। ऐसा ही एक पॉली क्लीनिक मानपुर मेन मार्केट में संचालित है। जिसका अब तक ना तो रजिस्ट्रेशन हुआ है। और ना ही पॉली क्लीनिक के मानक ही पूरे हैं। सूत्रों की माने तो इस पॉली क्लीनिक में कई बार मरीजों की हालत तक बिगड़ गई है। लेकिन फिर भी पॉली क्लीनिक का संचालक बिना किसी डर भय के क्लीनिक संचालित कर रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि कब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का हंटर मानक विहीन पॉली क्लीनिक पर चलता है।






### केशव प्रसाद मौर्य का विधायक सांगा के नेतृत्व में हुआ जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर के एक होटल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जिला पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण वर्ग सम्मलेन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने अपने हजारों समर्थको सहित यश कोठारी चौराहे पर जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जिला पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण वर्ग सम्मेलन में पहुंचे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला, पुष्कर शुक्ला,राजेश शुक्ला, शिवमोहन सिंह, वैभव दीक्षित, श्रीकांत त्रिपाठी, मल्हू निषाद, राजा राहुल सिंह आदि लोग रहे।



# सीएसजेएमयू में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बीपीएस रही अव्वल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में अंतर विभागीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को शारीरिक शिक्षा विभाग के हेड डॉ. श्रवण कुमार तथा और डॉ.निमिशा कुशवाहा एवं प्रशिक्षक सौरभ द्वारा किया गया। फुटबॉल मैच मे बीपीएड के छात्र-छात्राओं ने 31 प्वाइंट और बीपीएस ने 37अंकों से बढ़त प्राप्त करते हुए जीत हासिल की। वही बालिका वर्ग में बीपीएस की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर बीपीएड को हराकर जीत हासिल की। बालिका वर्ग में वंशिका और दिव्यांशी को बेस्ट प्लेयर का अवार्ड दिया गया। इस अवसर पर डॉ.आशीष कटियार, डॉ.श्रवण कुमार एवं कोच शोभित कुमार दीक्षित को बास्केटबॉल के खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक राहुल दीक्षित समेत मोहित, गोविंदा, सर्वेंद्र धर्मेंद्र, अश्विन, तथा अन्य कोच मौजूद रहे।

# यूट्यूब सर्च कर एटीएम तोड़ने गया चोर, पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

इंटरनेट का प्रयोग अपनी जानकारी बढ़ाने के लिए किया जाता है वहीं कुछ शरारती तत्व उसे अपराध के लिए प्रयोग में लाते हैं। ऐसे ही एक घटना शनिवार की रात्रि नवाबगंज थाना क्षेत्र के केसा कॉलोनी के पास बने केनरा बैंक के एटीएम में एक युवक ने युटुब से एटीएम तोड़ने का जानकारी प्राप्त कर उसे सत्यता में परिवर्तित करने के लिए एटीएम पहुंचा। और एटीएम तोड़ने का प्रयास कर रहा था अचानक से अलार्म बजने पर वह घबराया और भागने लगा मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। नवाबगंज थाना प्रभारी रोहित तिवारी ने बताया कि यूट्यूब से एटीएम काटने का तरीका सीखने के बाद युवक ने शनिवार की रात्रि नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित केसा कॉलोनी के पास बने केनरा बैंक के एटीएम तोड़ने का प्रयास कर रहा था सायरन बजने पर कंट्रोल रूम को सूचना मिली इस दौरान नवाबगंज थाने का फोर्स तत्परता करते हुए घटनास्थल पर पहुंचा जहां पुलिस को आता देख शातिर चोर भागने लगा वही पुलिस ने घेराबंदी कर शातिर चोर को गिरफ्तार किया पूछताछ के दौरान शातिर ने अपना नाम शुभम निवासी जिला हरदोई हाल पता उजियारी पुरवा थाना नवाबगंज बताया है।




**क्या बोले जिम्मेदार**

कर्नलगंज एसीपी अकमल खान ने बताया कि शनिवार की रात्रि लगभग 2:30 बजे कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना नवाबगंज क्षेत्र में केसा कॉलोनी के पास केनरा बैंक का एटीएम है एक युवक उसे तोड़कर पैसे निकालने का प्रयास कर रहा है इस सूचना पर नवाबगंज थाने की पुलिस जो की रात्रि ग्रस्त पर थी उन्होंने तत्परता करते हुए घटनास्थल पर पहुंच भाग रहे शातिर को पकड़ा। पूछताछ करने पर शातिर चोर ने अपना नाम शुभम बताया वहीं पुलिस ने शातिर के पास से एटीएम तोड़ने वाले औजार बरामद कर जेल भेजने की विधिक कार्रवाई की

**टीम को मिलेगा इनाम**

सक्रियता से एटीएम में चोरी की घटना रोकने में सफल रही थाना नवाबगंज पुलिस को पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड ने सम्मानित एवं पुरुस्कृत करने की घोषणा की है। टीम के प्रत्येक सदस्य को 10-10 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। टीम में प्रभारी निरीक्षक रोहित तिवारी, एसआई अजय प्रताप सिंह, मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुमार एवं मुनेश कुमार शामिल रहे।

# सीएसए द्वारा धान फसल में पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**जन एक्सप्रेस। प्रदीप शर्मा**

**कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर में एससी एसपी योजना के अंतर्गत शनिवार को ग्राम सहतावन पुरवा में धान फसल में पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। इस अवसर पर केंद्र के प्रभारी डॉ.अजय कुमार सिंह ने धान की अधिक पैदावार के लिये एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन को एक महत्वपूर्ण उपाय बताया। जिसमें रसायनिक उर्वरक, सूक्ष्म पोषक तत्व, जैविक उर्वरक, हरी-नीली शैवाल, गोबर की खाद एवं हरी खाद आदि का समुचित उपयोग किया जाता हैं। डॉ. खलिल खान ने बताया कि धान के उत्पादन में मुख्य पोषक तत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, जिंक महत्वपूर्ण हैं जिनकी भरपाई किसानों द्वारा रसायनिक उर्वरकों की मदद से की जाती हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी मृदा जिसमें जस्ते की कमी पाई जाती है उनमें जस्ते की कमी के कारण फसल में कल्ले फूटने में कमी, पौधों में असमान वृद्धि, बौने पौधों की पत्तियों में भूरे रंग के धब्बे पडना एवं नयी पत्तियों की निचली सतह की मिडरिव में हरिमाहीनता पत्तियों का अपेक्षाकृत सकरा होना आदि लक्षण दिखाई देते हैं।इसके साथ ही उन्होंने मृदा में जस्ते की कमी को दूर करने के उपाय के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम मे डॉ.निमिषा सहित 50 कृषको एवम महिलाओं ने प्रतिभाग किया।




**कम्पोस्ट खाद के प्रयोग से होता है नाइट्रोजन का अधिक उपयोग**

मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने बताया कि धान की फसल के लिये 100 से 120 किग्रा नाइट्रोजन, 50-60 किग्रा फास्फोरस एवं 30-50 किग्रा/हैक्टेयर पोटाश की मात्रा अच्छी रहती है। खेत तैयार करते समय खेत में सड़ी हुई गोबर खाद अथवा कम्पोस्ट खाद का 10-12 टन का प्रयोग किया जाये तो इससे नाइट्रोजन का अधिक उपयोग हो पाता हैं एवं पोषक तत्व प्राप्त होने के साथ-साथ मृदा के भौतिक स्तर में भी सुधार होता हैं।

# उर्वरक बिक्री केंद्रों पर प्रशासन की छापेमारी से मचा हड़कंप, तीन को नोटिस

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



खरीफ फसलों में यूरिया की टाप ड्रेसिंग जोरों पर होने के कारण किसानों को यूरिया उर्वरकों को निर्धारित दर पर उपलब्ध कराये हेतु शनिवार को एसडीएम एवं उर्वरक निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा तहसीलवार निजी एवं सहकारी उर्वरक केन्द्रों पर छापेमारी एवं चेकिंग की गयी।

तहसील अमेठी में उप कृषि निदेशक डॉ.लाल बहादुर यादव एवं उप जिलाधिकारी अमेठी प्रीती तिवारी, तहसील मुसाफिरखाना में उप जिला मजिस्ट्रेट सविता यादव एवं जिला कृषि अधिकारी रविकान्त सिंह, तहसील तिलोई में एसडीएम दिग्विजय सिंह एवं भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार एवं तहसील गौरीगंज में उप जिला मजिस्ट्रेट अभिनव कनौजिया एवं अपर जिला कृषि अधिकारी शुभम पाण्डेय द्वारा पीओएस मशीन के अनुसार स्टाक, संदिग्ध स्टाक से नमूने ग्रहण करने, जमाखोरी, कालाबाजारी एवं यूरिया के साथ अन्य उत्पादों के टैगिंग की जॉच की गयी।

जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह ने बताया किजनपद की समस्त तहसीलों में छापेमारी कार्यवाही के दौरान सोलह नमूने डीएपी के प्रयोगशाला में विश्लेषण हेतु लिये गये एवं प्रयोगशाला में नमूने फेल होने की दशा में उर्वरक नियंत्रण एक्ट के तहत कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही छापे के दौरान इकतीस दुकानों पर छापेमारी की गयी।तीन दुकानदारों गर्ग एग्री जंक्शन रामगंज, आदर्श फर्टिलाइजर्स जगदीशपुर एवं विष्णु फर्टिलाइजर्स को अभिलेख पूर्ण न किये जाने के लिए कारण बताओ नोटिस थमाई गई। तीन उर्वरक विक्रेताओं जायसवाल खाद एवं बीज भण्डार करधुनी, राजपूत फर्टिलाइजर्स कमला नगर एवं सिंह फर्टिलाइजर्स नेवादा किशुनगढ़ को उर्वरकों का सही रख-रखाव न करने के लिए चेतावनी दी गयी।तथा दो उर्वरक विक्रेताओं अमन कुमार प्रखर मुसाफिरखाना एवं जायसवाल फर्टिलाइजर्स करथुनी पश्चिम को उर्वरकों एवं पशु आहार आदि एक ही परिसर में रखने के कारण लाइसेंस निलम्बित किये गये। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि सभी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा किसानों को उनकी भूमि के स्वामित्व के अनुसार आधार कार्ड से पीओएस मशीन के माध्यम से ही खाद का वितरण करने एवं कैश मेमो प्रत्येक किसान को देने के लिए सचेत किया गया।

# अखण्ड भारत संकल्प दिवस पर विश्व हिन्दू परिषद ने निकाली रैली

**जन एक्सप्रेस | तिलोई, अमेठी**



जनपद के तहसील तिलोई के अन्तर्गत शाहमऊ बाजार में हनुमान गढी मन्दिर पर श्याम लाल पानूडे की अध्यक्षता में बजरंग दल के पदाधिकारी व कस्बा के दुकानदारों की उपस्थित में मन्दिर परिसर में हनुमान चालीसा पाठ के उपरान्त रैली का शुभारम्भ हुआ।बजरंग दल हिन्दू काशी प्रान्त विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड के तहत काशी प्रान्त से आये हुये पदाधिकारी का शाहमऊ बाजार में जोरदार स्वागत हुआ।

इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के पुराने वरिष्ठ पदाधिकारी श्याम लाल पान्डे की अगुवाई मे सैकड़ों लोग हनुमान गढी मन्दिर पर एकत्र होकर रैली का निकाली। जिसमे भारत माता के नारो के साथ, जय श्री राम के नारो के साथ मां अष्टभुजा देवी मन्दिर पर पहुच कर सभी लोगो ने मत्था टेका। जयकारो के नारो के साथ पुनर्मन्दिर परिसर मे पहुचकर प्रसाद वितरण करते हुये रैली का समापन किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय सम्भ्रांत व्यक्ति बाबू हरिभान सिह,बाबू सूरज भान सिह लल्ला राजकरन उपाध्याय, बाबू बब्बन सिंह, पारस नाथ उमेश विश्वकर्मा, भगवानदीन, मनोज पान्डेय, विजय कुमार मौर्य, दिलीप आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत युवा संवाद कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**




नेहरू युवा केन्द्र अमेठी व सोसायटी फॉर एनीमल हेल्थ एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमानिटी के सयुंक्त तत्वावधान में शनिवार को महाविद्यालय घाटमपुर पश्चिम दुवारा विकास खंड भेटुवा अमेठी में युवा संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

उपनिदेशक डॉ आराधना रॉज ने युवा संवाद में भारत @2047 कैसा होगा। पंच प्रण के मंत्र से शुरुआत की तथा युवा के इस संगठन से जुड़े रहने की प्रेरणा व जानकारी दी। गायत्री परिवार अमेठी के जिला संयोजक डॉ त्रिवेणी सिंह ने विकसित भारत कैसा होगा इस विषय पर चर्चा की। और कहा कि हमें अपने अधिकार के साथ ही कर्तव्य को भी समझना चाहिए। डॉ धनंजय सिंह ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए समाज के अन्तिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना होगा।

हमारी प्राचीन विरासत प्रति के कांवेंट स्कूलों ने हीनभावना विकसित किया। जिससे भारतीय संस्कृति कमजोर हुई। युवा सवांद कार्यक्रम में स्वेता सिंह को प्रथम,रश्मि मिश्र को द्वितीय तथा लक्ष्मी मिश्र को तृतीय स्थान मिला। प्रबन्धक भानु प्रताप सिंह, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता जय प्रकाश पाठक ने भी सम्बोधित किया। लालमणि कश्यप संस्थापक सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी ने उपस्थित सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

इस कार्यक्रम में प्रधान संघ अध्यक्ष भेटुआ गोकुल यादव, रामसहाय कश्यप डा. उदयराज सिंह, ध्रुव राज सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ ज्ञानेंद्र कुमार पांडेय ने किया। मुख्य अतिथि ने सभी को सम्मानित करने के बाद लोगो को पंच प्रण की शपथ दिलाई।

# वन स्टाप सेंटर का किया गया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली उमाशंकर कहार द्वारा वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वन स्टाप सेंटर, रायबरेली की सेंटर प्रभारी से वन स्टाप सेंटर के बारे में जानकारी ली गयी। सेन्टर प्रभारी श्रृद्धा सिंह भदौरिया द्वारा वन स्टाप सेंटर में महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं से अपर जिला जजध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया गया। सचिव द्वारा सेन्टर प्रभारी को निर्देशित किया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हो तो अविलम्ब उसे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेरित करें।

# समाधान दिवस पर जन समस्याओं को लेकर मुखर हुई स्पेशल युवा एंटी करप्शन टीम

**जन एक्सप्रेस | लम्भुआ/सुल्तानपुर**



स्पेशल युवा एंटी करप्शन टीम के प्रदेश सलाहकार अशोक कुमार वर्मा ने तहसील दिवस लंभुआ की अध्यक्षता कर रही जिलाधिकारी जसजीत कौर को पत्र के माध्यम से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पूर्व में दिए गए जनता जनार्दन से जुड़े तमाम जनहित प्रार्थना पत्रों का जिक्र करते हुए आमजन की समस्या जिलाधिकारी के सामने रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग बैतीकला में बने टोल प्लाजा पर भी सवाल उठाया। एक ही जनपद में दो टोल प्लाजा बने होने का भी सवाल उठाया पहले टोल प्लाजा अलीगंज में बना हुआ है और जिले में दूसरा टोल प्लाजा बैती कला में बना हुआ है साथ ही साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने एक टोल प्लाजा से दूसरे टोल प्लाजा की दूरी को लेकर भी सलाहकार ने अपनी बात रखी। वहां से जनपद जौनपुर, प्रतापगढ़ की दूरी महज़ 3 किलोमीटर है जबकि टोल प्लाजा से ढकवा बाजार की दूरी महज़ 5 किलोमीटर है और और छुट्टा समस्याएं और जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में जारी प्रार्थना पत्र की बात को जिक्र करते हुए गौमाता और नंदी बाबा के लिए उनको उनके घर गौशाला में पहुंचाने के लिए के लिए भी बात को रखा और वही चैकिया रोड पर सड़क के विस्तार के बाद किनारे से उखाड़े गए आरसीसी ईंट को राज कंस्ट्रक्शन ने आईसीसी ईंटों को बेच लिया और ना ही सड़क के किनारे नाली भी नही बनाई।

इसकी शिकायत शिव शंकर उपाध्याय कर चुके थे लेकिन उसके बाद भी संपूर्ण समाधान दिवस पर इस बात का कोई भी हल नहीं निकल पाया और ना ही जनता की बात का ध्यान दिया गया है वहीं पुल के निर्माण में हुई अनियमितता को भी जिलाधिकारी को बताया। देखने का विषय यह है कि समस्याओं का निस्तारण कैसे और किन दशाओं में हो पाएगा। जिलाधिकारी द्वारा सभी मामलों को स्वयं अपनी मॉनिटरिंग में देखने का आश्वासन दिया।

# भाजपा चाहे जितना भ्रम फैला ले रायबरेली की जनता के दिलों से गांधी परिवार का प्रेम कभी भी कम नहीं कर सकती : के. एल. शर्मा

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के प्रतिनिधि के. एल. शर्मा की अगुवाई में एक 07 सूत्रीय ज्ञापन महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित उपजिलाधिकारी महराजगंज-रायबरेली को सौंपा गया। बछरावां के राजामऊ में प्रर्दशन के दौरान सांसद प्रतिनिधि के. एल. शर्मा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार जनता की समस्याओं व पीड़ा पर ध्यान न देते हुए उनके निराकरण पर कोई रूचि नहीं दिखा रही है और मूल मुद्दो व समस्याओं से भटकाने का लगातार प्रयास कर रही है।

भाजपा की दोहरी राजनीति से गरीब, मध्यम वर्गीय किसान, मजदूर, नौजवान सभी पिस रहे है। उन्होने कहा कि रायबरेली और गांधी परिवार के बीच अटूट रिश्ता रहा है, भाजपा चाहे जितना भ्रम फैला ले रायबरेली की जनता के दिलों से गांधी परिवार का प्रेम कभी भी कम नहीं कर सकती है।

जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने मौके पर मांगो को दोहराते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मुंशी चन्द्रिका प्रसाद (गुरू जी) द्वारा राजामऊ बछरावां में कराये गये निर्माण श्री विषेश्वर सार्वजनिक पुस्तकालय भवन का जीर्णोद्धार कराया जाय, मंहगाई पर रोक लगाई जाय, किसानों को आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाय, राजामऊ रजबहा नहर में पानी की क्षमता को बढ़ाया जाय, विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे उपभोक्ताओं के उत्पीड़न को रोका जाय और क्षेत्र के सभी गरीब आवास-विहीन पात्र लोगों को आवास दिये जाय। इस अवसर पर प्रत्याशी विधानसभा बछरावां सुशील पासी, प्रत्याशी विधानसभा हरचन्दपुर सुरेन्द्र विक्रम सिंह, प्रदेश सचिव रमेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, अमर सिंह चैधरी, विधानसभा प्रभारी नागेन्द्र सिंह, जिला सचिव अजीत सिंह, ब्लाक ब्लाक प्रभारी गिरिजेश श्रीवास्तव, जिला सचिव सुरेश त्रिवेदी, अध्यक्ष बछरावां अवधेश चौधरी, शिवगढ़ गौरव मिश्रा, ब्लाक उपाध्यक्ष रमाकान्त मिश्रा, गंगाराम, अखिलेश मिश्रा, धर्मेन्द्र पटेल, अविनाश चन्द्र बाजपेई, राम प्यारे सहित ब्लाक कमेटी के पदाधिकारी गण व न्याय पंचायत/ग्राम पंचायत अध्यक्ष गण व कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।ह्य

# अधिवक्ता हत्याकांड के दो फरार आरोपियों के खिलाफ जारी हुआ कुर्की का आदेश

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

बहुचर्चित अधिवक्ता हत्याकांड में हिस्ट्रीशीटर सिराज अहमद एवं इस्माइल उर्फ प्रिंस के खिलाफ सीजेएम कोर्ट से कुर्की का आदेश जारी हुआ है। सीजेएम सपना त्रिपाठी की अदालत ने अपराधियो के खिलाफ कुर्की का आदेश जारी किया। कोर्ट के आदेश पर अब पुलिस अपराधियो की संपत्ति कुर्क करेगी। अब दोनों अपराधियो पर पुलिस शिकंजा कसेगी।पुलिस बीते कई दिनों से फरार चल रहे दोनों इनामी आरोपियों के खिलाफ 83 की कार्यवाही जारी कराने के लिए प्रयासरत थी। फिलहाल कोर्ट के समक्ष पर्याप्त आधार न पेश कर पाने की वजह से पुलिस फेल हो रही थी। कोतवाली देहात के पूर्व कोतवाल कृष्ण मोहन सिंह पर गाज गिरने के बाद थाना प्रभारी-धम्मौर रहे श्याम सुंदर पर एसपी सोमेन वर्मा ने भरोसा जताया है। श्याम सुंदर भी लगातार कोर्ट के चक्कर लगा रहे थे। फिलहाल सीजेएम ने सन्तुष्ट होने पर कुर्की का आदेश जारी कर दिया है। हत्याकांड में अब तक आठ आरोपी जेल भेजें जा चुके है।हालांकि हड़ताल जारी रहने के दौरान ही इन मुल्जिमो पर जेल भेजने की कार्यवाही की गई थी। हत्याकांड के मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर सिराज अहमद एवं इस्माइल उर्फ प्रिंस की गिरफ्तारी शेष रह गई है। पुलिस ने फरार दोनों अपराधियों की तलाश जारी रखा है। दोनों के ऊपर एक-एक लाख का इनाम भी घोषित किया जा चुका है। कुर्की का आदेश मिलते ही विवेचनाधिकारी तैयारी में जुट गए हैं। पुलिस ने फरार दोनों अपराधियों की तलाश जारी रखा है। दोनों के ऊपर एक-एक लाख का इनाम भी घोषित किया जा चुका है। कुर्की का आदेश मिलते ही विवेचनाधिकारी तैयारी में जुट गए हैं।

# इंडिया एंटी करप्शन फोर्स ने किया वृक्षारोपण

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**



सामाजिक संगठन इंडिया एंटी करप्शन फोर्स (रजि.) ने मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में ब्लड बैंक के सामने वृक्षारोपण किया। समाजसेवा में अग्रणी इस संस्था ने जहां लोगों को निशुल्क रक्त प्रदान करके जनपद में अपना परचम लहराया है वहीं अब वृक्षारोपण के क्षेत्र में भी यह संगठन लगातार अच्छा कार्य कर रहा है। संगठन के अध्यक्ष विकास मिश्र ने दूरभाष पर मीडिया को बताया कि हमारे संगठन द्वारा ऐसे ही अनेकों सराहनीय कार्य किए जाते रहेंगे, वही महासचिव विपिन मिश्र(एडवोकेट), सलाहकार एवं प्रवक्ता देवेंद्र पाठक (एडवोकेट) ने वृक्षारोपण करते हुए बताया कि संगठन का मात्र एक उद्देश्य है की ÷समस्या नहीं समाधान बने÷। उपाध्यक्ष राजीव तिवारी ने बताया कि हमारा संगठन एक दिन लोगों के लिए मिसाल बनेगा। सुल्तानपुर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एस .के. गोयल और ब्लड बैंक प्रभारी सुल्तानपुर डॉक्टर आर.के .मिश्र ने संस्था द्वारा किए गए इस कार्य को अत्यंत सराहनीय बताया। इस मौके पर संगठन के सचिव आदित्य मिश्र, रमाशंकर पांडे, पंकज तिवारी, संतोष मिश्र, के साथ जिला अस्पताल के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएँ



**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने तहसील महाराजगंज में संपूर्ण समाधान के अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी। उनके सामने भूमि, राजस्व, बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, राशन कार्ड, पेंशन और आपसी वाद विवाद से संबंधित मामले आए।

उन्होंने इन प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को देते हुए कहा कि उनका गुणवत्ता परक निस्तारण करे। निर्देशित करते हुए कहा की सभी मामलों की गहन जांच पड़ताल करने के उपरान्त मामलो का निस्तारण किया जाए। साथ ही भूमि विवाद और आपसी मनमुटाव के मामलों में दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। राजस्व के मामले में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौका मुआयना करने के उपरांत ही मामले का निपटारा करें। जिलाधिकारी के सामने कुल 93 मामले आए जिनमें का छरू का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वीरेंद्र सिंह के अतिरिक्त सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया जेल का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बंदी के देख-रेख, खान पान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से संबंधित मामलों के संबंध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव ने प्रभारी जेल अधीक्षक एस0बी0 सिंह से जेल के अंदर कैदियों की स्थिति व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण में कुल 1266 बन्दी निरुद्ध बताये गये। अपर जिला जज/सचिव ने जेलर को महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल कराने तथा उन्हें समय से दवा आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। अपर जिला जज/सचिव ने बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। सचिव ने बंदियों को बताया कि जेल में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वह जेल में स्थापित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से विधिक मदद ले सकते है। निरीक्षण के दौरान जिन बंदियों ने यह बताया कि उनके मुकदमे की पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं है उन्हें यह सुझाव दिया गया कि वह जेल अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली को भेज दे। जेल में बंद तीन विदेशी बन्दियों से भी उनके स्वास्थ्य, खानपान व विधिक सहायता के बारे में जानकारी ली गयी। निरीक्षण में उपकारापाल कुँवर वीरेंद्र विक्रम सिंह, उपकारापाल इन्द्रमणि शुक्ल, धर्मपाल व पराविधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

# एकता और अनुशासन के मोटो पर कार्य करती है एनसीसी : कर्नल एल श्रीनिवासन

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**



राणा प्रताप पी जी कॉलेज में एनसीसी का सामूहिक वार्षिक ट्रेंनिग कैम्प शुरू हो गया है। इस कैम्प में सात जिलों से बारह बटालियन आईं है। यह कैम्प 27 जुलाई तक चलेगा। कैम्प ओपनिंग एड्रेस को संबोधित करते हुए कर्नल एल श्रीनिवासन ने कहा कि एनसीसी एकता और अनुशासन के मोटो पर कार्य करती है। इस कैम्प मे भी हमें विविधता में एकता देखने को मिलेगी। हमें यहॉ भारतीयता सीखनी है। इस कैम्प में हम घर परिवार से दूर हैं जिससे हममें आत्मविश्वास आएगा। जिम्मेदारी का भाव जगेगा। हम यहाँ टीम बांडिंग में काम करना सीखेंगे। समूह में रहने का प्रशिक्षण आपको दिया जाएगा। व्यक्तित्व विकास हेतु यहां अवसर मिलेगा। कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। कैम्प में सब मेजर हुकुम सिंह, ट्रेंनिग जेसीओ सूबेदार दलबदर थापा एवं इम्तियाज खान, बिकास रॉय, ए बी सुबेदार रमेश सिंह, एनबी सूबेदार भूपेन्द्र सिंह, सोनेंद्र सिंह, कैम्प बीएचएम तुलसी दत्त और पीएल स्टॉफ 18 यूपी बीएन एनसी मौजूद रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । रविवार । 20 अगस्त 2023



## अखिलेश बोले, बीजेपी को सत्ता से बाहर करने के लिए तैयार

# सीट शेयरिंग मुद्दा नहीं, दिखाएंगे बड़ा दिल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एक बार फिर प्रदेश की योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। एक न्यूज चैनल से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने प्रदेश के तमाम मुद्दों को लेकर योगी सरकार को कटघरे पर खड़ा किया है। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि यूपी में ट्रैफिक पुलिस में नई भर्ती हुई है, जो कि हर सड़क पर दिखाई दे रहे हैं। ये नई भर्ती है जिसकी वजह से हर दिन एक व्यक्ति की जान जा रही है। अखिलेश ने कहा कि एक भी दिन ऐसा नहीं गुजरता जिस दिन प्रदेश में किसी अन्नदाता की या फिर किसी गरीब की जान उस नई भर्ती की वजह से न जा रही हो। दरअसल पूर्व सीएम अखिलेश यादव सांड के मुद्दे पर बिना नाम लिए प्रदेश की योगी सरकार पर हमलावर थे। अखिलेश ने कहा कि मैं नाम नहीं बोलना चाहता था इनकी वजह से हादसों में बढ़ोतरी हुई है। अखिलेश ने सांडों को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला कि सांडों को यह नंदी मानते हैं। अरे हम कैसे कह दें कि यह नंदी है जो हर रोज एक व्यक्ति की जान लेगा। आपको बता दें कि विधानसभा सत्र के दौरान भी अखिलेश यादव ने सांड का मुद्दा उठाया था। जिस पर सीएम योगी ने पलटवार करते हुए कहा था कि हम सांड को नंदी के रूप में पूजते हैं। इसी क्रम में सपा सुप्रीमो से लोकसभा चुनाव लड़ने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब में कहा कि हां लड़ना तो चाहिए, कहां से लड़ेंगे ये पार्टी तय करेगी। वाराणसी, कन्नौज या किस सीट से लड़ेंगे ये अखिलेश ने अभी स्पष्ट नहीं किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि जहां से बीजेपी के नेता कह दें वहां से चुनाव लड़ लूंगा। अखिलेश ने साफ किया कि वो चुनाव लड़ने को तैयार हैं। आगे उन्होंने 2024 को लेकर कहा कि गठबंधन के सभी नेता तैयार हैं। हमारी मीटिंग के बाद आपने 40 लोगों की मीटिंग बुलाई। ऐसे दलों को भाजपा ने बुलाया जिनका अस्तित्व तक नहीं है। अखिलेश ने कहा कि ये दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है जिसे कि इन छोटे दलों की जरूरत पड़ रही है। अखिलेश ने कहा कि हमारे साथ जितने भी दल हैं वो अपने-अपने राज्यों में ताकतवर हैं। सीट एडजस्टमेंट कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। संयोजक चुनना बड़ा फैसला नहीं है वो हम कर लेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि हम पूरी मजबूती के साथ भाजपा को केन्द्र की सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हैं। हम सीट शेयरिंग के मुद्दे पर समझौता करने तक तैयार हैं।

### लोकसभा चुनाव 2024: विपक्षी गठबंधन इंडिया की अगली बैठक 31 अगस्त व एक सितंबर को

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बने विपक्षी समावेशी गठबंधन इंडिया की 31 अगस्त व 1 सितंबर को होने वाली तीसरी बैठक में सीटों के बंटवारे के फॉर्मूले पर बात होने की संभावना है। इसमें कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के बीच आम सहमति बनाने का प्रयास होगा। हालांकि, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का कहना है कि यूपी में जहां सपा मजबूत होगी, वहां सपा ही लड़ेगी। इंडिया में जो सभी दलों की भूमिका होगी, वही सपा की भी होगी। उधर, अखिलेश यादव ने कहा कि घोसी उपचुनाव में बसपा का प्रत्याशी न उतारना उसका आम चुनाव के पहले अपनी छवि सुधारने की कोशिश है। जनता पहले ही वहां सपा के प्रत्याशी को जिताने का मन बना चुकी है। अगर हमारी सरकार बनी होती तो जो नेता छोड़कर गए हैं वो न जाते।

## जयंत चौधरी की जिद: इंडिया गठबंधन में रहेंगे बरकरार, कहा, मेरी जिद बस आपके लिए ही



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियां तमाम राजनीतिक पार्टी कर रही हैं। इस बीच जयंत चौधरी को लेकर प्रदेश में काई तरह की चर्चा है। लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी के साथ रालोद के गठबंधन की चर्चा बनी है। लेकिन, फिलहाल इस चर्चा पर विराम लगाते हुए रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने कहा, वो 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में हो रही विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक में शिरकत करेंगे। फिर आगे की रणनीति तय की जाएगी। सपा के साथ गठबंधन तोड़ने और बीजेपी के साथ जाने को जयंत चौधरी ने अफवाह बताई है। जयंत चौधरी ने बीजेपी के साथ गठबंधन पर जाने को कहा- जो लोग मुझे जानते हैं, वो इस बात को भलीभांति जानते हैं कि मैं बहुत जिद्दी हूं। हम लोग सपा और इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। आगे भी रहेंगे। इसके साथ ही जयंत चौधरी ने ट्वीट कर लिखा, मेरी जिद बस आपके लिए ही है। इस ट्वीट का अर्थ हैं- जयंत ने अपने लोगों को संबोधित किया है और किसी भी तरह के भ्रम में न पड़ने की बात कही है। लेकिन, सवाल ये भी है कि 2014 से हर तरह से सत्ता से दूर रालोद क्या बिना सत्ता में रहे अपने लोग या समाज के लिए कुछ कर पाएंगे?

### 2017 में बीजेपी से नहीं हुआ था गठबंधन

2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी प्रदेश के तमाम दलों के साथ गठबंधन कर रही थीं। इसी कड़ी में बीजेपी पश्चिमी यूपी में भी पार्टी की मजबूत स्थिति के लिए रालोद से गठबंधन करना चाहती थी। सूत्रों के अनुसार, उस वक्त बीजेपी ने स्वर्गीय अजीत सिंह से गठबंधन की बात की थी। लेकिन, गठबंधन की बात को लेकर चौधरी अजीत सिंह ने फैसला जयंत पर छोड़ दिया था। इसके बाद ये जयंत की ही जिद थी कि बीजेपी के साथ 2017 में गठबंधन नहीं किया।

### बीजेपी को पश्चिमी यूपी में है डर

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और जाट वोट बैंक में अपनी अच्छी पकड़ रखने के कारण ही रालोद से हर कोई गठबंधन करना चाहता है। 2019 से समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में मौजूद रालोद के संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी कहते हैं, बीजेपी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी जीत को लेकर डरी है। यही कारण है कि लगातार हमारे गठबंधन को लेकर भ्रम फैला रही है। 2019 का लोकसभा चुनाव और 2022 का विधानसभा चुनाव हमने समाजवादी पार्टी के साथ लड़ा है और आगे भी 2024 का लोकसभा चुनाव साथ लड़ेंगे।

### सपा ने गठबंधन को बताया मजबूत

रालोद के साथ गठबंधन को समाजवादी पार्टी ने मजबूत बताया हैं। सपा के कद्दावर विधायक और विधानसभा में मुख्य सचेतक मनोज पांडेय ने कहा, जयंत चौधरी गठबंधन के मजबूत साथी हैं। गठबंधन पूरी तरह से मजबूत है। जयंत अन्न दाताओं की लड़ाई लड़ रहे हैं और चौधरी चरण सिंह के पद चिह्नों पर चल रहे हैं।

## सनफिस्ट ने किंग ऑफ फैंटेसी शाहरुख खान को डार्क फैंटेसी का नया ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की

* हर दिल की फैंटेसी का आइडिया सच बनाने के लिए शाहरुख खान के साथ एक नई टीवीसी रिलीज़

जन एक्सप्रेस । लखनऊ/कानपुर




आईटीसी के सनफिस्ट डार्क फैंटेसी ने अपने ब्रांड के नए चेहरे के रूप में 'किंग ऑफ फैंटेसी' - शाहरुख खान के साथ एक नई रोमांचक यात्रा शुरु करने की घोषणा की है। सनफिस्ट डार्क फैंटेसी ने अपनी नई ब्रांड पेशकश, 'सनफिस्ट डार्क फैंटेसी- हर दिल की फैंटेसी' जारी की है। इसका लक्ष्य उपभोक्ताओं के साथ मज़बूत जुड़ाव स्थापित करना है। यह अनूठी पेशकश हमारे रोजमर्रा के जीवन में अपनी एक फैंटेसी को सच बनाने की चाहत को देखते हुए तैयार की गई है। इस नई सोच के साथ यह ब्रांड अलग-अलग वर्ग के उपभोक्ताओं को कभी भी, कहीं भी अपनी निजी फैंटेसी की उड़ान भरने के लिए बढ़ावा देना चाहता है। दुनिया भर के करोड़ों दिलों के चहेते शाहरुख खान वाकई में अपने फैन्स की एक फैंटेसी ही हैं। ब्रांड और शाहरुख खान की यही समान खासियत इसे एक बेहतरीन तालमेल बनाती है। यह हमारे ब्रांड के लिए एक नई मिसाल होगी क्योंकि 'किंग ऑफ बॉलीवुड' ने अब 'किंग ऑफ बिस्किट्स' से हाथ मिलाया है। सनफिस्ट डार्क फैंटेसी ने 'हर दिल की फैंटेसी' का नया सफर शुरु करते हुए, अपने उपभोक्ताओं को शाहरुख खान के आकर्षण और अपने बिस्किट्स के मनमोहक स्वाद के साथ एक अद्भुत दुनिया की सैर के लिए आमंत्रित किया है। ब्रांड का यह कदम ना केवल उसे एक नया व्यक्तित्व प्रदान करता है, बल्कि पूरे देश के लोगों के दिलों में एक फैंटेसी होने की धारणा को नई ऊंचाइयों पर भी ले जाता है।

## जल्द ही दुरुस्त होंगी बारिश से खराब हुई सड़कें और पुल, युद्धस्तर पर काम करने की बनाई योजना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



यूपीपीडब्ल्यूडी बारिश से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों और पुलों को शीघ्र दुरुस्त करेगा। इसके लिए सभी खंडो से एस्टीमेट मांग लिए गए हैं। मानसून सीजन के बाद युद्धस्तर पर काम करने की योजना बनाई गई है। वर्तमान में पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत 2, 76, 042 किमी लंबा सड़क नेटवर्क है। इनमें 10901 किमी स्टेट हाईवे हैं, जबकि 6749 किमी प्रमुख जिला मार्ग (एमडीआर) श्रेणी के मार्ग हैं। 54244 किमी लंबे अन्य जिला मार्ग (ओडीआर) और 2,04,148 किमी ग्रामीण मार्ग हैं। शासन को मिली जानकारी के अनुसार, बारिश से काफी संख्या में ओडीआर और ग्रामीण मार्ग क्षतिग्रस्त हुए हैं। अगस्त के अंत और सितंबर में भी भारी वर्षा की भविष्यवाणी की जा रही है। ऐसे में और मार्गों के क्षतिग्रस्त होने की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। इनमें से अधिकांश मार्ग पूर्वांचल में हैं। शासन ने पीडब्ल्यूडी मुख्यालय को निर्देश दिए हैं कि अभी तक जितने मार्गों को बारिश से नुकसान पहुंचा है, उनका एस्टीमेट तैयार करके भजा जाए। ताकि, समय रहते उन्हें मंजूरी दी जा सके। सभी जोन को कहा गया है कि वे अपने क्षेत्र के शत-प्रतिशत मार्गों का सर्वे कराकर भेजें कि वर्तमान में वे किस हाल में है। क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए सभी जोन को पर्याप्त बजट भी जारी किया जा रहा है।

### गुणवत्ता में कमी के कारण गड्ढे न होने का देना होगा प्रमाणपत्र

शासन ने कहा है कि रिपोर्ट भेजते समय सभी अधिशासी अभियंताओं को यह प्रमाणित करना होगा कि मार्गों में गड्ढों का कारण गुणवत्ता में कमी नहीं, बल्कि अतिवृष्टि है। इस रिपोर्ट को अधीक्षण अभियंताओं को पुष्ट करना होगा।

### रोडवेज के बेड़े में शामिल होंगी इलेक्ट्रिक बसें, कुंभ मेले में श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रयागराज में वर्ष 2025 में होने वाले कुंभ मेले में श्रद्धालुओं को रोडवेज की साधारण व एसी बसों के साथ ई बसों से भी सफर का मौका मिलेगा। रोडवेज प्रबंधन ने मेले तक पांच हजार नई इलेक्ट्रिक बसों को बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य तय किया है। ये बसें एसी व नॉन एसी भी होंगी। इनकी खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम ने अपने बेड़े में पहली बार इलेक्ट्रिक बसों को भी शामिल करने की तैयारी कर रहा है। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि पहले चरण में रोडवेज अपने बेड़े में 250 इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करेगा। इसके लिए केंद्र सरकार की फेम टू स्कीम के तहत मिलने वाले 40 फीसदी अनुदान के लिए पत्र भेजा गया है। एमडी मासूम अली सरवर ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों को अयोध्या, काशी, प्रयागराज, मथुरा और चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थलों को लखनऊ से जोड़ा जाएगा।



## ओमेक्स सिटी क्लब में महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज उत्सव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी के गोमती नगर स्थित ओमेक्स सिटी क्लब में महिलाओं ने बड़े उत्साह से मनाया हरियाली तीज उत्सव। कार्यक्रम के आयोजक कल्पना वर्मा के नेतृत्व में हरियाली तीज के उपलक्ष में हरियाली तीज का आयोजन किया। आयोजक किरण वर्मा ने बताया कि इस मौके पर सभी महिलाएं सज धज कर अपने सुहाग के लिए आई है द्य इस अवसर पर महिलाओं ने नृत्य सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया। माया सिंह ने कार्यक्रम का श्रेय आयोजक कल्पना वर्मा को देते हुए कहा की कार्यक्रम बहुत अच्छा रहा और इस दिन हम सभी महिलाओं को बहुत अच्छा लगा वाह बताया कि इस दिन महिलाएं सज धज कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। कार्यक्रम में अरुण यादव, प्राची शुक्ला, प्रियंका सिंह, प्रतिभा सिंह, ममता त्रिपाठी, रितिका, ईशा, लक्ष्मी, उमा सिंह सहित कई महिलाएं उपस्थित थी।

## दूर होगा बिजली संकट: पनबिजली का गढ़ बनेगा पूर्वांचल, 3250 मेगावाट की लगेंगी तीन परियोजनाएं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पूर्वांचल के सोनभद्र, चंदौली और मिर्जापुर जिले पनबिजली का गढ़ बनेंगे। यहां 3250 मेगावाट की तीन परियोजनाओं को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। इन परियोजनाओं में करीब 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। इससे जहां दस हजार लोगों को रोजगार मिलेगा, वहीं आसपास का इलाका विकसित होगा और बिजली संकट भी दूर होगा। गुरुग्राम की कंपनी एसीएमई क्लीनटेक साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड चंदौली और मिर्जापुर में पंप स्टोरेज पावर प्लांट लगाएगी। मिर्जापुर प्लांट का नाम अडवा प्रोजेक्ट रखा गया है। 900 मेगावाट क्षमता वाले इस प्लांट को लालगंज तहसील के सोनगढ़ा गांव में स्थापित किया जाएगा। चंदौली प्लांट का नाम मुखाखंड प्रोजेक्ट रखा गया है। 600 मेगावाट का ये प्लांट चकिया तहसील के मुबारकपुर गांव में लगेगा। दोनों परियोजनाओं में करीब 6561 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। दोनों प्लांट के लिए 671 हेक्टेयर जमीन का इस्तेमाल होगा। पूरी तरह से पर्यावरण फ्रेंडली परियोजना होगी। परियोजना मुख्य धारा में न होने से नदी के ईकोसिस्टम को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाएगा। कंपनी ने इस वर्ष तीन अप्रैल को राज्य सरकार के साथ ये समझौता किया था, जिसे सिर्फ तीन महीने में मंजूरी दे दी गई। ऐसे ही अहमदाबाद की कंपनी टोरेंट पावर लिमिटेड ने सोनभद्र में 1750 मेगावाट के पनबिजली प्रोजेक्ट के लिए 31 जनवरी को एमओयू किया था। ये प्रोजेक्ट सासनाई गांव में लगाया जाएगा। इस परियोजना में जल की आपूर्ति सोन नदी से की जाएगी। प्रोजेक्ट में 375 हेक्टेयर भूमि ली जाएगी। दोनों कंपनियों के सीएसआर फंड से आसपास के इलाके को विकसित भी किया जाएगा।

## अब और भी तेज दौड़ेगा बुलडोजर

### अपराधियों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाना हुआ आसान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रदेश में अपराधियों की संपत्ति को जब्त करने के लिए केवल एक मुकदमा होना पर्याप्त होगा। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद किसी भी अपराधी के खिलाफ यदि केवल एक मुकदमा दर्ज है, तो भी उस पर उप्र गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा सकेगी। बता दें कि इस अधिनियम के तहत पुलिस अपराधियों की संपत्तियों को जब्त करती है। अपराध के जरिए अर्जित इन संपत्तियों पर बुलडोजर भी चलाया जाता है। डीजीपी विजय कुमार द्वारा इस बाबत मातहतों को दिए निर्देशों में कहा गया कि हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष यह विषय विचार हेतु प्रस्तुत हुआ कि क्या एक ही अपराध के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध उप्र गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अधीन कार्यवाही की जा सकती है। उच्च न्यायालय ने सुनवाई के बाद 4 अगस्त को जारी आदेश में इसे सही ठहराया है। बीते वर्ष उच्चतम न्यायालय ने भी इस सिद्धांत को स्वीकार किया था। डीजीपी ने समस्त पुलिस आयुक्त एवं जिलों के पुलिस कप्तानों को निर्देश दिया है कि वह उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के आदेशों का संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करें।

## पांच कर्मचारियों ने मिलकर की बस डिपों में 2,879 लीटर डीजल की चोरी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

रोडवेज बसों में डीजल चोरी के मामले थमते नहीं दिख रहे हैं। बसों में डीजल सप्लाई में भ्रष्टाचार थम नहीं रहा है। ताजा मामला अवध बस डिपो का है। यहां 2879 लीटर डीजल हेराफेरी सामने आई है, जिसे सुनियोजित ढंग से जनवरी से मई के बीच पांच महीनों में किया गया है। प्रकरण में पांच कर्मचारियों पर शक है, जो कार्रवाई के दायरे में आ रहे हैं। हाल ही में कैसरबाग बस डिपो में आठ हजार लीटर डीजल सप्लाई में हेराफेरी का मामला उजागर हुआ था, जिसमें कई कर्मचारियों पर गाज गिरी थी। यह मामला अभी ठंडा भी नहीं हो पाया था कि अवध बस डिपो में 2879 लीटर डीजल की गड़बड़ी पाई गई है। इस मामले में डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सहित पांच कर्मचारी रोडवेज के आला अफसरों के रडार पर हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार पुंडीर की ओर से इन सभी कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दरअसल, अवध बस डिपो से अनुबंधित बस को डीजल दिया जाता है। जिसके लिए यहां पर शिफ्ट के आधार पर ड्यूटी लगती है। इसी वर्ष जनवरी से मई के बीच अनुबंधित बसों को जो डीजल सप्लाई हुई थी, उसके निर्धारित प्रारूप में जो एंट्री हुई, उसकी जांच में गड़बड़ी पाई गई, जिसके बाद चोरी का खुलासा हुआ। रोडवेज अफसरों का कहना है कि मामला अनुबंधित पटल सहायक और अन्य कर्मियों की सांठगांठ के चलते अंजाम दिया गया। जनवरी से मई के बीच पांच महीने में 2879 लीटर डीजल कम पाया गया। इसमें जनवरी में 380 लीटर, फरवरी में 605 लीटर, मार्च में 857 लीटर, अप्रैल में 637 लीटर और मई में 400 लीटर डीजल हेराफेरी उजागर हुई।

# सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने पूर्व विधायक शिव प्रसाद यादव

* 7-8 सीटों पर पार्टी लड़ेगी लोकसभा चुनाव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

देश और समाज में मानवतावादी राष्ट्रवाद की अवधारणा पर चलते हुए, सामाजिक न्याय की व्यवहारिक स्थापना के साथ उपेक्षित, पीड़ित एवं हक वंचितों के अधिकारों की रक्षा करने तथा राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक की योग्यता व क्षमता का राष्ट्रहित में उपयोग करने के संकल्प को लेकर हमने ''सर्वजन सुखाय पार्टी'' की स्थापना की है, जिसकी आज घोषणा करते हुए मैं सबके सुख शांति की कामना करते हुए, सर्व समाज के लोगों से इस पार्टी से जुड़ने एवं सहयोग करने का आह्वान करता हूँ।

प्रेस क्लब सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए पूर्व विधायक एवं समाज सेवी शिक्षाविद् शिव प्रसाद यादव ने अपनी नई राजनैतिक पार्टी का ऐलान करते हुए उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि सर्वजन सुखाय पार्टी बनाने का मकसद कोई व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं है, बल्कि समाज के अपमानित एवं हक वंचितो की पीड़ा का परिणाम है, ताकि सैफई राज परिवार के चहेते हल्ला बोल यादवों द्वारा, सम्पूर्ण यादव समाज के माथे पर लगाये गये ''हल्ला बोल कलंक'' को मिटाया जा सके। शिवप्रसाद यादव ने कहा कि, मैं याद दिलाना चाहता हूँ कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 रामनरेश यादव के शासनकाल के दौरान समूचे उत्तर प्रदेश के यादव समाज के प्रति, सर्व समाज के मन में श्रृद्धा और सम्मान की भावना रहती थी क्योंकि उन्होंने बिना भेदभाव के सर्व समाज के साथ-साथ पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों के हित में कार्य किया और कभी भी अपने चहेतों को हल्ला बोल की अनुमति नहीं दी। लेकिन जैसे ही सत्ता की चाभी, सैफई राज परिवार के हाथ लगी और वे राजनीति में ताकतवर हुए, तभी से प्रदेश में सैफई परिवार ने अपने रिश्तेदार, परिवार व गोत्र के चहेते यादवों को ही सदा सुख प्रदान किया और नियमों को ताक पर रखकर सरकारी नौकरियों, शस्त्रों के लाइसेंस और राजकीय ठेकेदारी गोत्रवाद के आधार पर, अपने ही चहेतों को बांटी गई। इतना ही नहीं इनके प्रत्येक शासनकाल में लखनऊ से लेकर गाजियाबाद तक, यादव समाज के दूसरे गोत्र के लोगों की हत्यायें, उनका उत्पीड़न, बहन-बेटियों को जबरन घर से उठाकर शादी कर लेना तथा पूर्व से स्थापित प्रतिष्ठित यादवों को ध्वस्त एवं बर्बाद करने का कार्य किया गया है। सैफई परिवार को ही आबाद करने के लिए, पूरे उत्तर प्रदेश के सभी यादवों को राजनीतिक रूप से बर्बाद करने का काम किया।




उन्होंने कहा कि सैफई राज परिवार अपने दल में तो परिवार के अलावा किसी दूसरे यादव को आगे बढ़ने ही नहीं देता बल्कि दूसरे दलों में राजनीति कर रहे यादव समाज के नेताओं को भी उस दल से साठ-गाँठ करके उनको वहाँ भी बर्बाद करने का काम करते हैं। सैफई परिवार ने अपने सत्ताकाल में अपने चहेतों व गोत्र के यादवों को राहजनी, ट्रैक्टर, मोटर साईकिल चोरी, हत्यायें, बसों व ट्रेनों में लूट और बलात्कार करने की खुली छूट दे रखी थी। जिससे इनके शासनकाल में इनके चहेते यादवों के हल्ला बोल कारनामों से समूचा समाज त्राहि-त्राहि कर उठा था, जिसके चलते सर्व समाज के मन में पूरी यादव बिरादरी के प्रति नफरत व घृणा का भाव पैदा हो गया है, जबकि हल्ला बोल कारनामे सिर्फ सैफई राज परिवार के चहेते गोत्र के यादवों ने ही किए, जिससे शेष यादव समाज, आज भी अपने को ठगा महसूस कर रहा है। शिव प्रसाद यादव ने कहा ''सर्वजन सुखाय पार्टी'' गोत्रवाद, जातिवाद, परिवारवाद व धार्मिक उन्माद से दूर रहकर सर्वजन सुखाय के आधार पर मानवता वादी राष्ट्रवाद की अवधारणा पर कार्य करेगी।उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के संगठन का विस्तार पूरे प्रदेश में शीघ्र ही किया जाएगा।लोकसभा चुनाव के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि हम कानपुर, आगरा व अलीगढ़ मंडल की 7-8 सीटों पर लोकसभा चुनाव भी पूरी तैयारी के साथ लड़ेगें।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# चीन को कूटनीतिक तरीके से सबक सिखाना होगा!

**आज यूक्रेन और रूस के युद्ध के कारण मानवता को होने वाली क्षति और आर्थिक खामियाजा ये दोनों देश ही नहीं बल्कि विश्व भी भुगत रहा है। इसलिए आवश्यक है कि भारत अपनी कूटनीति और रणनीति में बदलाव करे और चीन को वैश्विक स्तर एक्सपोज करे। वह विश्व को चीन की साम्राज्यवादी नीतियों और मंशा का न केवल संदेश दे बल्कि विश्व समुदाय को उसके खिलाफ खड़ा कर ऐसा सबक सिखाए ताकि वह एलएसी पर बार-बार अतिक्रमण न करे।**

*भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव बना हुआ है। भारत और चीन के बीच हुई 19 वीं दौर की वार्ता के बावजूद दोनों के बीच सीमा विवाद का कोई समुचित हल नहीं निकल सका है। पिछले कुछ वर्षों में भारत और चीन के रिश्ते खराब रहे हैं। भारत की सीमा में चीनी सैनिकों की घुसपैठ बढ़ने से दोनों देशों के बीच सीमा पर कई इलाकों में विवाद कायम है। वहीं, चीन ने जी-20 के लेटर हेड में प्रयोग होने वाले संस्कृत के श्लोक ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' पर आपत्ति जताई है। हाल ही में भारत-चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 19 वें दौर की बैठक चुशुलमोल्डो में आयोजित की गई। वार्ता शांतिपूर्ण रही। भारत ने बैठक में देपसांग और डेमचोक समेत अन्य स्थानों से चीनी सैनिकों की वापसी की बात जोरदार तरीके से रखी लेकिन चीन टस से मस नहीं हुआ और समस्या का कोई समाधान नहीं निकल सका। दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को जी-20 की बैठक प्रस्तावित है। लेकिन भारत और चीन के प्रतिनिधिमंडलों के बीच तनाव बढ़ रहा है। भारत के नेतृत्व में शंघाई सहयोग संगठन (एसीओ) की बैठक के बाद से ही चीन की तल्खी तेज हो रहा है। दरअसल, दोनों देशों के बीच विवाद का प्रमुख कारण दोनों देशों के बीच 3440 किलोमीटर लंबी सीमा है। यह सीमा तीन सेक्टरों में बंटी हुई है। इनमें पूर्वी सेक्टर, पश्चिमी सेक्टर और मध्य सेक्टर शामिल हैं। भारत के पांच राज्यों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश, चीन के साथ सीमा लगी हुई है। चीन पश्चिमी सेक्टर में जम्मू-कश्मीर, शिनजियांग और अक्साई चिन की सीमा वाला इलाके को विवादित कहता रहा है। सीमा को लेकर दोनों देशों के बीच समय-समय पर झड़पें होती रही हैं। चीन अपनी साम्राज्यवादी प्रवृत्ति के चलते लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) का उल्लंघन करते हुए भारत की सीमा में प्राय~ घुसपैठ करता रहा है। गौरतलब है कि भारत-चीन के बीच सीमा विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले वर्ष अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में चीनी सैनिकों ने भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश की थी। हालांकि भारत के जांबाज सैनिकों ने चीनी सैनिकों को खदेड़ दिया था। लेकिन यह बात सच है कि चीन तवांग, डोकलाम, गलवान अथवा लद्दाख में अपनी हरकतों से बाज नहीं आता। उसे जैसे ही मौका मिलता है, घुसपैठ की हरकत शुरू कर देता है। ध्यातव्य है कि भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1962 में भारत और चीन के बीच युद्ध हो चुका है। इस युद्ध में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। जब चीनी सैनिकों ने तवांग जिले में घुसने की कोशिश की, भारतीय सेना ने उसे नाकाम कर दिया था। इसके पहले भी गलवान घाटी में चीन को मुंह की खानी पड़ी थी। लेकिन यह सच है कि भारत और चीन सीमा पर स्थितियां हर साल बिगड़ती जा रही हैं। यही कारण है कि सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव बना रहता है। सीमा में युद्ध जैसे हालात बने रहते हैं। आज अगर हम दोनों देशों के सैन्य बल की तुलना करें तो दोनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं। संख्या और संसाधनों के लिहाज से चीन की सेना भारी पड़ सकती है परंतु अगर सेना के मनोबल और शक्ति की बात की जाए तो भारत का पलड़ा चीन से भारी है। लेकिन यहां सवाल यह नहीं है कि कौन सी सेना भारी या कमजोर है। यहां यह समझना जरूरी है कि आज आमने-सामने युद्ध करने के बहुत दूरगामी दुष्परिणाम होते हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**बहरहाल, आने वाले वर्षों में अक्षय ऊर्जा क्षमता को तेजी से बढ़ाने के लिए इस दिशा में काफी कार्य करना होगा क्योंकि माना जा रहा है कि डेढ़ दशक बाद भारत में सौर ऊर्जा की मांग सात गुना तक बढ़ सकती है। आज न केवल भारत बल्कि समूची दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। इन गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ही ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगी।**

# अक्षय ऊर्जा को अपनाना समय की जरूरत



योगेश कुमार गोयल

**भारत की अक्षय ऊर्जा स्थापित क्षमता को 500 गीगावॉट तक विस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है और 2030 तक देश के कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन को 1 बिलियन टन तक कम करने, दशक के अंत तक देश की अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को 45 प्रतिशत से कम करने तथा वर्ष 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया है।**

पूरी दुनिया में पारम्परिक ऊर्जा के मुकाबले अक्षय ऊर्जा की मांग लगातार तेजी से बढ़ रही है। दरअसल वर्तमान में पूरी दुनिया पर्यावरण संबंधी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है और पारम्परिक ऊर्जा स्रोत इस समस्या को और ज्यादा विकराल बनाने में सहभागी बन रहे हैं जबकि अक्षय ऊर्जा इन गंभीर चुनौतियों से निपटने में कारगर साबित हो सकती है। यही कारण है कि भारत में भी अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा इत्यादि का उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़ी-बड़ी परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। विभिन्न अवसरों पर प्रधानमंत्री सौर ऊर्जा को 'श्योर, प्योर और सिक्योर' बताते हुए अक्षय ऊर्जा के महत्व को स्पष्ट रेखांकित कर चुके हैं। अक्षय ऊर्जा उत्पादन के मामले में भारत की यह बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है कि भारत दुनियाभर में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। देश में अक्षय ऊर्जा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ही वर्ष 2004 से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया जाता है। प्रदूषणकारी और सीमित मात्रा में उपलब्ध पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों के बजाय अक्षय ऊर्जा से ही ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए अब देश के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं से उत्पादित होने वाली बिजली के कारण वातावरण में प्रतिवर्ष लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। अक्षय ऊर्जा उत्पादन के मामले में यह संतोषजनक स्थिति ही है कि भारत इस मामले में दुनिया का चौथा देश है और नई-नई अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के साथ तेजी से इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। कर्नाटक के पावगाड़ा में दो हजार मेगावाट से अधिक क्षमता के सोलर पार्क सहित देश में रीवा से भी ज्यादा सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहे कुछ और सोलर पार्क भी देश में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। बहरहाल, अक्षय ऊर्जा को लेकर यह जानना बहुत जरूरी है कि अक्षय ऊर्जा आखिर है क्या और इसके स्रोत कौनसे हैं? इस संबंध में 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक में विस्तार से बताया गया है कि अक्षय ऊर्जा वह ऊर्जा है, जो असीमित और प्रदूषणरहित है या जिसका नवीकरण होता रहता है। ऊर्जा के ऐसे प्राकृतिक स्रोत, जिनका क्षय नहीं होता, अक्षय ऊर्जा के



**दरअसल आज स्वच्छ वातावरण के लिए कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांटों के बजाय क्लीन और ग्रीन एनर्जी की पूरी दुनिया को जरूरत है और इन्हीं जरूरतों को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री 'वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड' की बात करते हुए इस ओर पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं।**

स्रोत कहे जाते हैं। अक्षय ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्रोतों में सूर्य, जल, पवन, ज्वार-भाटा, भूताप इत्यादि प्रमुख हैं। उदाहरण के रूप में सौर ऊर्जा को ही लें। सूर्य सौर ऊर्जा का मुख्य स्रोत है, जिसकी रोशनी स्वतः ही पृथ्वी पर पहुंचती रहती है। यदि हम सूर्य की इस रोशनी को सौर ऊर्जा में परिवर्तित नहीं भी करते हैं, तब भी यह रोशनी तो पृथ्वी पर आती ही रहेगी लेकिन चूंकि सूर्य से प्राप्त होने वाली इस असीमित ऊर्जा के उपयोग से न तो यह ऊर्जा घटती है और न ही इससे पर्यावरण को किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचती है, इसीलिए सूर्य से प्राप्त होने वाली इस ऊर्जा को अक्षय ऊर्जा कहा जाता है। ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन से बचाव के दृष्टिगत ही आज अक्षय ऊर्जा को अपनाना समय की सबसे बड़ी मांग है। दरअसल पूरी दुनिया इस समय पृथ्वी के बढ़ते तापमान और ग्लोबल वार्मिंग के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं को लेकर बेहद चिंतित है, इसीलिए कोयला, गैस, पैट्रोलियम पदार्थों जैसे ऊर्जा के परम्परागत स्रोतों के बजाय अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। भारत सहित कई प्रमुख देशों में अब थर्मल पावर प्लांटों में कोयले के इस्तेमाल को कम करते हुए सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्रोतों का उपयोग किया जाने लगा है। दरअसल आज स्वच्छ वातावरण के लिए कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांटों के बजाय क्लीन और ग्रीन एनर्जी की पूरी दुनिया को जरूरत है और इन्हीं जरूरतों को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री 'वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड' की बात करते हुए इस ओर पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता कई गुना बढ़ चुकी है। इसके अलावा करीब साढ़े तीन दशक पूर्व पवन ऊर्जा से ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की शुरू की गई पहल के बाद से देश की पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता भी काफी बढ़ चुकी है। चीन, अमेरिका और जर्मनी के बाद भारत अब पवन ऊर्जा उत्पादन के मामले में भी चौथे स्थान पर है। फिलहाल जिस प्रकार देश में शुद्ध, सुरक्षित और भरोसेमंद ऊर्जा की ओर तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं, उससे लगता है कि अगले कुछ दशकों में देश की कोयला, गैस इत्यादि प्रदूषण पैदा करने वाले स्रोतों से ऊर्जा पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2030 तक भारत की अक्षय ऊर्जा स्थापित क्षमता को 500 गीगावॉट तक विस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है और 2030 तक देश के कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन को 1 बिलियन टन तक कम करने, दशक के अंत तक देश की अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को 45 प्रतिशत से कम करने तथा वर्ष 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## एक्सप्रेस कविता

*हवाएँ तेरी,शहर तेरा,मंजिल तेरी, पल ठहर जायेंगे, मर्जी होगी तेरी। शब्द तेरे,छंद तेरे,कविता तेरी, गुनगुनायेंगे हम, हामी होगी तेरी। आसमान तेरा,रंग तेरे, परिंदे तेरे, उकेरेंगे आकृति, गर मर्जी होगी तेरी। भाव तेरा, मन तेरा, भावनाएं तेरी, लेंगे पंक्तिया, गर होगी लेखनी तेरी। कलिया तेरी, पुष्प तेरे, उपवन तेरा, हाथों में सजा देंगे, गर होगी मेहंदी तेरी। कुह कुह तेरी,चह चहाहट तेरी, खूब चहकेंगे,होगी चांदनी तेरी। झरने तेरे,नदियां तेरी,सागर तेरे,पी लेंगे नीर,गर नदी होगी तेरी। पगडण्डी तेरी,सड़के भी तेरी, तय करेंगे सफर,गर होगी गालियां तेरी। पवन तेरा,गगन तेरा,आकाश तेरा, उड़ जायेंगे, गर होंगी आशिकी तेरी। सुर तेरा ,ताल तेरा,शहनाई तेरी, आवाज देंगे, गर पुकार होगी तेरी।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*हमारे जीवन में कई बाधाएं आएंगी, कई शंकाएं आएंगी लेकिन कड़ी मेहनत करें तो कोई सीमा नहीं होगी।*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 24:20 तक |
| नक्षत्रः | हस्त 28:15 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | साध्य, 21:47 |
| सूर्योदयः | 05:56 |
| सूर्यास्तः | 18:52 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 17:15-18:52 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | श्रावण (शुद्ध) |
| शुभ मुहूर्तः | 11:58-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### लगा रहे हैं ज़ोर !

*देने को चुनौती हम ।*
*लगा रहे हैं ज़ोर ।।*
*हों इसमें हम सफल ।*
*है कोशिश पुरज़ोर ।।*
*अपने अपने ढ़ंग से ।*
*छोड़ रहे हैं तीर ।।*
*ना छोड़ेंगे आस ।*
*बदले कुछ तक़दीर ।।*
*दिन बचे हैं कम ।*
*है कमर कस डाली ।।*
*इंतज़ार है पूरा ।*
*आ जाए हरियाली ।।*
*करना उनको है जतन ।*
*अपने जो विचार ।।*
*है मंथन भी चालू ।*
*कम हो अब तकरार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# चेहरे की झुर्रियां मिटाने के लिए लगाएं चावल का पानी, मिलेगी यंग स्किन

**हम** सभी यंग दिखना चाहते हैं। एक उम्र के बाद सभी की त्वचा पर झुर्रियां और फाइन लाइंस पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन खराब लाइफस्टाइल और त्वचा की देखभाल न कर पाने की वजह से आजकल ज्यादातर लोगों की त्वचा पर उम्र से पहले ही झुर्रियां पड़ने लगती हैं। इन झुर्रियों को बढ़ने से रोकने के लिए अक्सर लोग एंटी एजिंग क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई घरेलू उपाय भी झुर्रियों को मिटाने में असरदार साबित हो सकते हैं। चावल का पानी एक ऐसा ही घरेलू नुस्खा है, जो झुर्रियों को कम करने में कारगर हो सकता है। दरअसल, चावल के पानी में अमीनो एसिड, एंटीऑक्सीडेंट्स और कई मिनरल्स पाए जाते हैं, जो त्वचा के एजिंग प्रोसेस को धीमा करने में मदद करते हैं। चावल का पानी त्वचा को टाइट बनाए रखने में मदद करता है। इस पानी को चेहरे पर लगाने से त्वचा में कसाव आता है और फाइन लाइंस दूर होते हैं। आप सोच रहे होंगे कि चेहरे की झुर्रियां मिटाने के लिए चावल के पानी का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है।



**क्लींजर के रूप में:** चेहरे की झुर्रियां मिटाने के लिए आप चावल के पानी से अपने चेहरे को धो सकते हैं। इसके लिए आप चावल को थोड़ी देर पानी में भिगोकर रखें। अब इस पानी से अपने चेहरे को धो लें। रोजाना चावल के पानी से चेहरे को धोने पर झुर्रियां दूर होंगी। साथ ही, त्वचा यंग और खूबसूरत भी बनेगी। चावल के पानी से चेहरे को धोने पर त्वचा की गहराई से सफाई होती है। साथ ही, धूल-मिट्टी और प्रदूषण की वजह से होने वाली समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है।

**टोनर के रूप में:** चेहरे के पीएच लेवल को बैलेंस रखने के लिए टोनर का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है। कोई मार्केट में मिलने वाले टोनर का, तो कोई गुलाब जल का इस्तेमाल करता है। आप चावल के पानी को भी टोनर के रूप में यूज कर सकते हैं। इसके लिए आप चावल के पानी को एक स्प्रे बोतल में डाल दें। अब चेहरे पर चावल के पानी से स्प्रे करें, इससे आपकी त्वचा पर काफी फर्क देखने को मिलेगा। चावल के पानी से त्वचा मुलायम और कोमल बनती है। रोज रात को चावल के पानी का टोनर लगाने से त्वचा में कसाव भी आता है।

**फेस मास्क के रूप में:** चेहरे की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए सप्ताह में एक बार फेस मास्क लगाना जरूरी होता है। अगर चेहरे पर झुर्रियां पड़ रही हैं, तो आप चावल के पानी का फेस मास्क यूज कर सकते हैं। इसके लिए आप चावल का पानी लें। इसमें बेसन और चुटकी भर हल्दी डालें। इसे अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरे को पानी से अच्छी तरह धो लें। सप्ताह में एक-दो बार इस फेस मास्क को लगाने से आपको काफी फर्क मिलेगा। इससे त्वचा में कसाव आएगा और झुर्रियां दूर होंगी।

## एक्सप्रेस विशेष

# भारत को नेताओं की नहीं सर्जेताओं की जरूरत



नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

**आदर्श खत्म से हो गए है। सांसद की बहस देखकर मन दुखी हो रहा है। आम मतदाता अपने नेताओं के इन आचरणों से व्यथित है। आज से 50 वर्ष पूर्ण नेताओं के भाषण सुनने जनता बिना प्रबंधन पहुचती थी। आज नेताओं को उधोगपतियों का सहारा लेना होता है। प्रबंधन करना पड़ता है।**

**राजतंत्र समाज तंत्र के भौतिक ढांचे को व्यवस्थित करने के लिए जन-जन की गाड़ी कमाई का सर्जनतन्त्र है। समाज मे नेता तो मिल जाते है। सृजेता नहीं मिलते। राष्ट्र को नेताओ की नहीं सर्जेताओं की आवश्यकता है। राष्ट्र में नेताओं के माध्यम से चार गुण विकसित होते है। एकता, सुचिता, समता और ममता आज समाज मे इन चारों गुणों का अभाव देखा जा रहा है। सासंद में जिस प्रकार का शोर शराबा व्याप्त है।**

**राष्ट्र** को अब नेताओं की नहीं सर्जेताओं कि आवश्यकता है। देश की संसद में जारी दिशाहीन बहस, नेताओं के अमर्यादित भाषण नागरीक समाज को दिग्भर्मित कर रहें हैं। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए जाति, धर्म, भाषा, श्रेतीयता जैसे कमजोर बंधनो से उभरकर राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देने संम्बंधी विषयो पर ध्यान देने की आवश्यकता हैं। यह कहना है संत पुरुष, कर्मयोगी, तपस्वी पंडित मेवालाल जी पाटीदार का वें भारत सरकार के उपराष्ट्रपति से संत-ईश्वर सम्मान से सम्मानित हुए है। बड़वानी जिले की सेंधवा तहसील में मुम्बई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित गायत्री धाम जामली की स्थापना से लेकर उसकी प्रगति के प्रमुख स्तम्भकार रहें है। उनके समक्ष राष्ट्रीय एकता, राजनीतिक दलों के आचरण, वर्तमान दौर में विज्ञान का महत्व, पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण का महत्व, मानवीय आचरण में आ रही गिरावट, समाज मे बढ़ती अश्लीलता जैसी अनेकों शंकाए प्रकट की गई। उन्होंने सभी का समाधानपरक उत्तर भी दिया। शंका-भारत आजादी का अमृत महोत्सव बना रहा है, आजादी संघर्षों, बलिदानों से प्राप्त हुई है। अनेकता में एकता संविधान की मूल विशेषता एवं आजादी का मूल तत्व है, धार्मिक, जातीय, भाषाई कट्टरता के परिणाम स्वरूप धर्म और जातियों में आक्रमकता देखने को मिल रही है, यह आक्रमकता राष्ट्रीय एकता में बिखराव के रूप में देखी जा रही है। समाधान-आजादी बहुत कीमती है, हमारे संत सुधारक और शहीदों ने इसे बडे संघर्षों से प्राप्त किया है। भारत के नागरिकों को धर्म, पंथ, जाति की भावनाओं से ऊपर उठकर राष्ट्र के संविधान का आदर करें। हमारी नैतिक जवाबदेही को समझे। राष्ट्रीय पर्वो पर भी उतना ही उत्साह, उल्लास, उमंग रहना चाहिए जो हमारे धार्मिक, जातीय उत्सवों के दौरान रहते है। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान राष्ट्र को समृद्ध और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें धार्मिक, जातीय भावनाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रीय चरित्र का विकास करना होगा। नागरीको को यह ध्यान रखना चाहिए कि सरकारों तक या व्यवस्था तक कोई बात पहुचाने के तरीके हिंसात्मक, ध्वंसात्मक न हो, आमतौर पर देखा गया है कि राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक आंदोलनों में राष्ट्रीय संपत्तियों को नुकसान पहुचाने की घटनाएं घट रही है। सार्वजनिक संपत्तियों की रक्षा नागरिकों का मौलिक दायित्व है। आंदोलन और प्रदर्शनों का तरीका संवैधानिक होना चाहिए। भारत राष्ट्र अपना शिखर ध्वज विश्व पटल पर तभी फहरा सकता है जब नागरीको में राष्ट्रीय चरित्र विकसित होगा। शंका-जय जवान जय किसान का राष्ट्रीय नारे को भारत के प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान के रूप आगे बढाया। विज्ञान समाज के लिए वरदान है या अभिशाप एक संत समाज सुधारक के रुप मे विज्ञान को कैसे देखते है। समाधान-विज्ञान निश्चित रूप से जनजीवन की समस्याओं को आसान बनाने का माध्यम है। विज्ञान अध्यात्म और समाज का मित्र है, फर्क यह है की हम इसका प्रयोग कैसे करतें है। आज विज्ञान के आविष्कारों ने मॉनव जीवन के श्रम को कम किया है। विज्ञान ने ही संचार क्रांति के माध्यम से मनुष्य के जीवन को आसान और सुविधा सम्पन्न बनाया है। यातायात के साधनों ने दुनिया मे एक स्थान से दूसरे स्थान की पहुच को सुगम किया है। घरैलु जीवन मे भी विज्ञान का महत्व बढ गया है। विज्ञान उपयोगवादी होना चाहिए। जब विज्ञान भोगवादी हो जाएगा नुकसानदेह हो जाएगा। वैज्ञानिक भी इस सच्चाई से परिचित है कि मोबाइल से निकलने वाली विकिरण, अलग-अलग उपग्रहों की तरंगें मॉनव मन, बालमन, पर्यावरण, पशु पक्षी को गहरा आघात पहुचाते है। बच्चो के स्वास्थ्य एवं मानसिकता पर इन किरणों तरंगों का बहुत प्रभाव पड़ रहा है। जिससे बाल अपराध, बाल आत्महत्या, अनिद्रा, बाल नपुसंकता, छोटी उम्र में असाध्य रोग, नेत्र ज्योति कम होना। कम उम्र में शुगर, बीपी जैसी बीमारियां होना विज्ञान के दुष्प्रभाव है। विज्ञान मर्यादा में है तो हमारा मित्र है, बेलगाम विज्ञान मॉनव का शत्रु है। विज्ञान महावतार है जो सभी प्रकार की शक्तियों के साथ विनाश खड़ा करने में भी समर्थ है। विज्ञान के बढ़ते आविष्कारों ने मानवीय ऊर्जा, इंसानी श्रम का उपयोग कम कर दिया है। मॉनव की ऊर्जा का उपयोग भी होना चाहिए। मनुष्य श्रम का नियोजन भी होना चाहिए। उसे विनाश से सर्जन की ओर ले जा सकते है। शंका- भारत मे राजनीतिक दल नागरिक समाज के मार्गदर्शन का कार्य करते थे, वर्तमान दौर के लगभग सभी दलों में मूल्यहीनता, सिद्धान्तहीनता व्याप्त हो गयी है।

# सामाजिक अधिकारिता शिविर : केंद्रीय मंत्री ने 960 दिव्यांगों को दी कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण की सौगात

- दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सरकार ने किए अभूतपूर्व कार्य : टेनी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




शनिवार को विलोबी मेमोरियल ग्राउंड में जिला प्रशासन की पहल पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत कार्यरत एलिम्को के तत्वावधान में एडिप योजनान्तर्गत सामाजिक अधिकारिता शिविर आयोजित हुआ, जिसमें केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण की सौगात दी। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र ÷टेनी÷ ने विधायक मंजू त्यागी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीसीबी चेयरमैन विनीत मनार, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा संग दीप जलाकर सामाजिक अधिकारिता शिविर का शुभारंभ किया। एलिम्को ने खीरी संसदीय क्षेत्र के ब्लॉक लखीमपुर, बेहजम, फूलबेहड़ नकहा, कुंभी, बांकेगंज एवं बिजुआ के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित आकलन शिविरों के दौरान पहले से पहचाने गए 960 एडिप दिव्यांगजन के बीच 01 करोड 52 लाख 41 हजार रुपये मूल्य के विभिन्न श्रेणियों के कुल 1726 सहायक और सहायता उपकरण निःशुल्क वितरित किए। सामाजिक अधिकारिता शिविर में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल 183, ट्राईसाइकिल 461, फोल्डिगंव्हील चेयर 104, बैसाखी 482, वांकिगंस्टीक 272, रोलेटर 04, बी.टी.ई (कान की मशीन) 42, सी.पी.चेयर 01, ब्रेल किट 01, स्मार्टकेन एवं ब्रेलकेन 36, स्मार्ट फोन 07, कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स 133, उपकरणों की कुल संख्या 1726 वितरित की।केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करने का उद्देश्य उन्हें सशक्त बनाना और समाज की मुख्य धारा से जुड़ने में सक्षम बनाना है। केंद्र सरकार ने 09 वर्षों से लगातार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा। निःशुल्क वितरित किए जाने वाले अंगों, सहायक उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता जाग्रत होगी। साथ ही उनके दैनिक जीवनशैली में भी सुविधा प्रदान होगी। उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने दिव्यांगों के विषय को गंभीरता, प्रमुखता से लिया। गत 05 वर्षों में जिले में दो करोड़ 68 लाख के उपकरण बाटे। आज दो चरणों में ढाई करोड रुपए के उपकरण बांट जा रहे। खीरी में केंद्र ने अबतक 5.50 करोड के उपकरण बाटे। इसके अलावा प्रदेश सरकार भी बड़े पैमाने पर उपकरण बांट रही। दिव्यांगों के जीवन में सुविधा बढ़े, इसके लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही। सरकार दिव्यांगों के कानूनी अधिकार दिलाने एवं उन्हें सुनिश्चित कराने को वर्ष 2016 में एक नया अधिनियम लाए। दिव्यांगों के जीवन में अधिक उत्कृष्ट लाने के लिए अनेक सुविधाएं दी। सरकार ने रेलवे, एयरपोर्ट को दिव्यांगों की अनुरूप सुविधाओं से सुसज्जित किया। दिव्यांगों के लिए नौकरियों में आरक्षण बढ़ाने के साथ ही प्रमोशन में भी आरक्षण की व्यवस्था की। दिव्यांगों में हौसला भरते हुए कहा कि खेलों में रुचि है तो आगे आए। सरकार उनकी प्रतिभा के अनुसार कोच उपलब्ध कराएंगी।विधायक मंजू त्यागी ने कहा कि दिव्यांगों के प्रति सामाजिक सोच बदलने, उनके जीवन के तौर-तरीकों को बेहतर बनाने व उनके कल्याण की योजनाओं को लागू करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जिपं अध्यक्ष प्रति. नरेंद्र सिंह ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किया।

### दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग : डीएम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आइये, हम सभी दिव्यांगों का सम्मान करने और उन्हें उनकी प्रतिभा को उचित स्थान दिलवाने का संकल्प लें। दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग हैं। सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण के साथ शिक्षा, पेंशन, आवास तथा स्वावलंबन के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही।

### इनकी रही मौजूदगी

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, विधायक मंजू त्यागी, डीसीबी चेयरमैन विनीत मनार, अध्यक्ष जिपं प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता बीना राज, प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह, रविंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, अंबरीश सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, भाजपा नेता कुलभूषण सिंह, पुष्पा सिंह, अरविंद गुप्ता, संतोष कुमारी, उमाकांत शुक्ला, संदीप मौर्य, एलिम्को के अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर।

### तीन ब्लाकों के 551 लाभार्थियों को केंद्रीय मंत्री देंगे सहायक यंत्र,उपकरण की सौगात

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने बताया कि 21 अगस्त को उषा इवेन्ट गार्डेन, निघासन में ब्लाक निघासन, पलिया एवं रमियाबेहड़ के 551 पूर्व चिन्हित दिव्यांगजन लाभार्थियों को 92 लाख 94 हजार लागत के 1046 सहायक यन्त्र एवं उपकरण बाटेंगे। केंद्रीय मंत्री चिन्हित दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल 119, ट्राईसाइकिल 292, फोल्डिगंव्हील चेयर 57, बैसाखी 374, वांकिगं स्टीक 110, रोलेटर 03, बी.टी.ई (कान की मशीन) 12, सी.पी. चेयर 01, ब्रेल किट 01, स्मार्टकेन एवं ब्रेलकेन 20, स्मार्ट फोन 01, ए.डी.एल. किट 01, कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स 55 सहित कुल 1046 उपकरण प्रदान करेंगे।

# भाजपा के जिलाध्यक्ष पद पर फैसला जल्द पर्यवेक्षक आलाकमान को सौंप चुकी हैं रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में जिलाध्यक्षों के कामकाज की फाइलें तैयार हो चुकी हैं। इंतजार है तो बस आलाकमान के एलान का।खीरी के लिए भाजपा के पर्यवेक्षक भी अपनी रिपोर्ट आलाकमान को सौंप चुके हैं, जिसमें कामकाज की समीक्षा है। उधर, पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता बताते हैं कि उम्मीद है कि दो से तीन दिन में आलाकमान जिला इकाइयों के नए अध्यक्षों के नामों का एलान कर सकता है।अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में सांगठनिक स्तर पर बदलाव के लिए प्रक्रिया चल रही है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक 20-21 अगस्त तक जिला इकाई के लिए घोषणा हो सकती है। क्षेत्रीय स्तर पर इसको लेकर मंथन हो चुका है।स्थानीय नेताओं का भी कहना है कि लोकसभा चुनाव में ज्यादा वक्त नहीं बचा है, ऐसे में जो भी सांगठनिक बदलाव होने हैं। जिससे लोकसभा चुनावों के लिए सभी को पर्याप्त समय मिल सके। सूत्रों के मुताबिक पहले 20 जुलाई तक जिलाध्यक्ष और क्षेत्रीय कार्यकारिणी पर फैसला आना था। अब एक महीना बीत चुका है। ऐसे में उम्मीद है कि 20-21 अगस्त तक नए जिलाध्यक्षों और कार्यकारिणी पर फैसला आ जाएगा। पर्यवेक्षक प्रियंका रावत ने सौंपी है रिपोर्ट निकाय चुनावों के बाद जिलाध्यक्षों के कामकाज की रिपोर्ट तय करने के लिए पर्यवेक्षक के रोल में जनपद पहुंचीं भाजपा की प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत जिले भर से मिले फीडबैक के बाद अपनी रिपोर्ट आलाकमान को सौंप चुकी हैं। इसके लिए पार्टी के विधायकों, प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल सदस्यों व जिला कार्यकारिणी के तमाम पदाधिकारियों से फीडबैक लिया जा चुका है। इसी के आधार पर आलाकमान को रिपोर्ट सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष के कामकाज का लेखाजोखा लेने के साथ ही कई अन्य पदाधिकारियों की भी समीक्षा की गई थी। उनके प्रदर्शन के आधार पर बदलाव की तैयारी है।सूत्रों के हवाले से खबर यह भी है कि खीरी की रिपोर्ट ठीक गई है। क्योंकि 2021 में तिकुनिया हिंसा के बाद पार्टी के खिलाफ माहौल के बावजूद 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने आठों सीटों पर वापस कब्जा कर लिया था। इसके अलावा पिछले नगर पालिका चुनाव में भाजपा के पास जहां चार नगर पालिका में दो सीटें थीं, वहीं इस बार एक सीट पर बढ़त बनाकर तीन सीटों पर कब्जा जमाया। पिछली बार छह नगर पंचायत में दो पर कब्जा था, जबकि इस बार परिसीमन के बाद आठ नगर पंचायतों में भी दो पर कब्जा रहा।

> "अवध क्षेत्र के सभी जिलों में जिलाध्यक्षों के कामकाज की रिपोर्ट पूरी है। कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। सभी विषयों पर जल्द ही आलाकमान फैसला लेगा।
> – कमलेश मिश्रा
> क्षेत्रीय अध्यक्ष (अवध) भाजपा।



### चित्रकला के माध्यम से पर्यावरण को हरा भरा रखने को लेकर अपील की

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** कस्बा के न्यू एनटीआई पब्लिक स्कूल में बच्चों ने हरियाली तीज पर मेहंदी रचा कर और चित्रकला के माध्यम से पर्यावरण को हरा भरा रखने को लेकर अपील की। शनिवार को न्यू एनटीआई पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज के मौके पर विद्यालय की छात्राओं ने मेहंदी रचाकर और चित्रकला के माध्यम से पर्यावरण को लेकर पोस्टरों पर आकृतियां उकेर कर लोगों को संदेश दिया। विद्यालय की छात्रा जीनत, आराध्या और जीनत 2 द्वारा बनाई गई कलाकृति और मेहंदी रचाने में प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय के प्रबंधक शाहनवाज खां ने इस मौके पर हरियाली तीज की शुभकामनाएं देकर पौध लगाकर उसके संरक्षण करने की अपील की।



# सीडीओ ने किया रेवाना गांव में अन्नपूर्णा उचित दर दुकान का शिलान्यास

- अन्नपूर्णा उचित दर की दुकान में ही संचालित होगा जनसुविधा केंद्र
- जिले में 75, हर ब्लॉक में 05 बनेगी अन्नपूर्णा उचित दर दुकान

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन, मार्गदर्शन में जिले में मनरेगा योजना के तहत अन्नपूर्णा उचित दर दुकानों बनने की शुरुआत हो गई। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने तहसील व ब्लाक मितौली के मॉडल ग्राम रेवाना पहुंचकर पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर शिलान्यास किया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 75 अन्नपूर्णा उचित दर दुकान (प्रति ब्लॉक 05 उचित दर दुकान) का निर्माण प्रस्तावित है। जिनमें इसके अलावा अन्य 11 स्थलों पर मनरेगा योजना के तहत निर्माण कार्य शुरू हुआ। अन्नपूर्णा उचित दर की दुकान में ही जनसुविधा केन्द्र भी संचालित होगा, जिसमें आय, जाति, जन्म, निवास प्रमाण पत्र, आधार, पेंशन व अन्य सेवाओं की सुविधा उपलब्ध करायी जाएं।जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि सभी 75 अन्नपूर्णा उचित दर दुकानों का निर्माण डीसी मनरेगा के देखरेख में मनरेगा योजना के तहत जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। जिले के प्रत्येक ब्लॉक में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा 05-05 राशन की दुकानों के अपग्रेडेशन करते हुए (अन्नपूर्णा उचित दर की दुकान के रूप में विकसित किया जाएगा। जिसकी शुरुआत कर दी गई है। इस दौरान उप जिलाधिकारी विनीत कुमार उपाध्याय, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपा नेता संजीव कुमार मुन्ना ने शिवपाल यादव से मिल क्षेत्र की समस्यायों से कराया अवगत

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान



**पलिया कला खीरी।** सपा नेता संजीव कुमार मुन्ना ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव से मिलकर पलिया विधानसभा क्षेत्र की दर्जनों समस्याओं से अवगत कराया। संजीव कुमार मुन्ना ने अभी कुछ दिन पहले नाबालिक कंचन की हत्या के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी और बताया कि किस तरीके से सत्ता के लोगों ने मिलकर मृत्यु का के साथ अन्याय किया है। और संगठन को लेकर काफी देर तक चर्चा चली। जिसमें सपा नेता को शिवपाल यादव ने आश्वासन देते हुए कहा कि अबकी से बहुत कुछ बदला जाएगा और आने वाले समय में सब सही हो जाएगा। सपा नेता से कहा कि लड़ाई लंबी है आप लोग जनता के बीच में जाकर इस सत्ताधारी सरकार के खिलाफ जनता के बीच जागरूकता अभियान चलाइए। और ज्यादा से ज्यादा आम लोगों से मिलकर इंडिया गठबंधन के बारे में चर्चा कीजिए। अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव की लड़ाई बहुत मजबूती के साथ लड़नी है। और इस सत्ताधारी भाजपा सरकार को आम जनता के दुख दर्द से कोई मतलब नहीं है। या सरकार हमेशा करोड़पतियों के पक्ष में रहती है। जिससे आम जनता को न्याय नहीं मिल पा रहा है। हम सबको मिलकर गरीब दबे कुचले समाज के लिए एक लंबी लड़ाई लड़नी होगी। तभी हम हिंदुस्तान में अपने आप को सुरक्षित महसूस कर पाएंगे।

# खैरटिया बांध से पलिया घर वापसी कर रहे युवक का पैर फिसलने से ट्रेन से कटकर मौत

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान



**पलिया कलां खीरी।** नगर के मोबिन क्लीनिक के संचालक डॉ मोबिन के पुत्र डॉक्टर मतीन का पैर फिसलने से ट्रेन से कटकर मौत। मौके पर मौजूद प्रत्यक्ष दर्शियो ने मृतक की शिनाख्त मतीन पुत्र डॉक्टर मोबिन के रुप में करते हुए परिजनों एवम जी आर पी पुलिस को दी उक्त सूचना मिलते ही नगर एवम परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई घटना स्थल पर पहुची जी आर पी पुलिस उपनिरीक्षक अरुण कुमार यादव ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक के पिता डॉक्टर मोबिन ने बताया कि हमारा पुत्र निजी कार्य कर खैरटिया बांध से पलिया आ रहा था ।इसी दौरान यह दुखद दुर्भाग्यपूर्ण घटना घट गई। जी आर पी पुलिस को युवक की जेब तालशी करने पर 290 रूपये नगद खैरटिया बांध से पलिया का टिकट एवम पेन कार्ड बरामद हुआ है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### छुट्टा पशुओं से अन्नदाता परेशान हाइवे पर बढ़ी दर्घटनाएं



**जन एक्सप्रेस/बिजुआ-खीरी।** ब्लाक बिजुआ क्षेत्र में अन्नदाताओं की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अभी कुछ दिनों पहले मूसलाधार बारिश व तेज हवाओं ने किसानों के खेतों में खड़ी धान व गन्ने की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है और क्षेत्र में घूम रहे हैं छुट्टा पशुओं से किसान काफी परेशान हैं अपनी फसलों को बचाने के लिए जीजान से लगे हैं। खेतों में अटाहने व खेतों के चारों तरफ खंभे व बल्लियों का सहारा लेकर बैरिकेटिंग करना पड़ रहा है। जिसका मुख्य कारण छुट्टा पशु हैं जो फसलों को चट व बर्बाद कर रहे हैं। सुरक्षा हेतु अन्नदाता रस्सी, तारों का सहारा लेना पड़ रहा है। फिर भी फिर छुट्टा पशु अपनी जान की परवाह न करते हुए खेत में घुस जाते हैं। जिससे छुट्टा पशु घायल हो जाते हैं और कुछ पशु अपंग भी हो जाते हैं तथा जानवरों की मौत तक हो जाती है। जबकि शासन प्रशासन ने ब्लेड तार व कटीले तार लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जहां एक तरफ अन्नदाताओं को फसल बचाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही दूसरी तरफ छुट्टा पशुओं को अपना पेट भरने के लिये घायल तक होना पड़ रहा है। वही बिजुआ मेन चौराहा, लखीमपुर भीरा पलिया हाइवे पर शाम होते ही छुट्टा पशु एकत्रित होने लगते है जिससे हाइवे पर आवागवन बाधित होता है दुर्घटनाये होने की संभावना बढ़ जाती है। इस गंभीर समस्या को निपटाने के लिये जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे हैं।

### रहस्यमय ढंग से लापता हो गया युवक, पुलिस को तहरीर

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालपुर से एक युवक रहस्य में ढंग से लापता हो गया है। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही एक युवक पर आशंका जताई है। ग्राम जलालपुर निवासी हिकमत अली ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है 18 अगस्त शुक्रवार लगभग 3 :00 बजे उनका बेटा अरमान (22)घर के काम से निकला था। जो दूसरे दिन भी घर नहीं पहुंचा। काफी तलाश के बाद भी कुछ पता नहीं चला। उन्होंने ग्राम वजीरनगर निवासी एक युवक पर आशंका जताते हुए पुलिस को बताया है।

### 15 दिनों बाद दर्ज हुई बाइक चोरी की रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** मोहल्ला तीर्थ से चोरी हुई बाइक की रिपोर्ट 15 दिन बाद दर्ज की गई है। शहर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी मुन्ना दुकानदार है। उनका कहना है कि मोहल्ला तीर्थ में शौचालय के निकट अपनी दुकान लगाते हैं। वहीं पर पुलिस ने भक्तों की भीड़ नियंत्रित करने के लिए लोहे की वेरिकेडिंग लगी है जहां पर सावन माह के कारण तमाम पुलिस वाले मौजूद रहते हैं। उसके बाद भी उनकी बाइक चोरी हो गई थी। काफी प्रयास करने पर 15 दिनों बाद बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** शहर के मुहल्ला जहानपुर किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जहानपुर निवासी विजय वर्मा ने मुहल्ले के ही आशु ,अंकित और भूरे पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### घर में फंदे से लटका मिला छात्र का शव

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** नगर पंचायत के अंबेडकरनगर वार्ड में युवक का शव घर में रस्सी के फंदे से लटका मिला। दरवाजा न खुलने पर परिजन अंदर पहुंचे, तब घटना की जानकारी हुई। थानाक्षेत्र के गांव हड़हा निवासी संतोष सोनकर का पुत्र आशू (22) पुरवा में रिश्तेदार के घर पर रहकर बीए तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। मां की दो साल पहले बीमारी से मौत होने के बाद वह घर आता-जाता रहता था। आर्थिक स्थिति ठीक न होने से वह परेशान भी रहता था। करीब एक सप्ताह से गुमसुम चल रहा था लेकिन किसी को कुछ बताता नहीं था। गुरुवार दोपहर वह पुरवा से आया था।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर खंती में पलटा, चालक की मौत और दो घायल, अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जिले में टड़ियावां थाना क्षेत्र में हरिहरपुर-फुकहा मार्ग पर अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे खंती में पलट गया। घटना में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। फूकहा निवासी जैनेंद्र यादव के पास ट्रैक्टर है। उसका पुत्र सुमित (35) गांव के ही संजय (28) और अंकित उर्फ कल्लू (25) के साथ ट्रैक्टर के पिछले पहियों में रबडिंग कराने के लिए सीतापुर गया था। देर रात तीनों ट्रैक्टर से वापस गांव लौटकर आ रहे थे। ट्रैक्टर संजय चला रहा था। हरिहरपुर-फुकहा मार्ग पर रजबहा की पुलिया के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खंती में पलट गया। चीख पुकार सुनकर पहुंचे लोगों ने किसी तरह नीचे दबे युवकों को बाहर निकाला। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टड़ियावां ले जाया गया। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल ले जाते समय संजय की रास्ते में मौत हो गई, जबकि सुमित और अंकित को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### बार एसोसिएशन मोहम्मदी ने तहसीलदार कोर्ट का अनिश्चितकालीन किया बहिष्कार

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



बार एसोसिएशन मोहम्मदी की श्रीराम सभागार में अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें तहसीलदार मोहम्मदी की अधिवक्ताओं के प्रति किए गए अभद्र व्यवहार की निंदा की गई तथा तहसीलदार का तानाशाही रवैया के कारण सभी अधिवक्ता गण द्वारा सामूहिक रूप से निंदा करते हुए फैसला लिया गया कि तहसीलदार के न्यायालय का पूर्ण रूप से अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया जाएगा। न्यायिक तहसीलदार के न्यायालय का भी पूर्ण रूप से अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया जाएगा क्योंकि वह कोर्ट तहसीलदार के अधीन है। शेष न्यायालय में न्याय कार्य विधिवत होता रहेगा। इस अवसर पर बैठक में बार एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी गण बी पी सिंह ,मो.हसन नकवी, सुधीर कुमार गुप्ता, माया प्रकाश त्रिवेदी, सुशील कुमार त्रिवेदी, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, आदित्य कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, सच्चिदानंद दीक्षित, आलोक कुमार मिश्रा सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# बाढ़ से स्कूल जलमग्न, डेढ़ हजार छात्रों की पढ़ाई ठप

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर




गंगा की बाढ़ से घिरे आजाद नगर गांव के ग्रामीणों को नाव से निकालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से उन्हें सुरक्षित आश्रय स्थल पर पहुंचाया जा रहा है। बाढ़ क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक प्राथमिक स्कूल जलमग्न हो जाने से लगभग डेढ़ हजार छात्रों की पढ़ाई ठप है। खंड शिक्षाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि ढाई न्याय पंचायत के एक दर्जन से अधिक स्कूलों में बाढ़ का पानी भरा होने से स्कूल बंद हो गए हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्कूल पंखिया नगला, प्राथमिक स्कूल पैलानी उत्तर प्रथम व द्वितीय, कंपोजिट विद्यालय अभिचारपुर, कंपोजिट विद्यालय भरतपुर, प्राथमिक स्कूल कटैला नगला, प्राथमिक धींयरपुरा, प्राथमिक गुटेटी उत्तर, बल्देवपुर, दरियायगंज, बख्तावरगंज, कंपोजिट विद्यालय रामदयाल नगला आदि स्कूलों में बाढ़ का पानी भर जाने से लगभग 1500 छात्रों की पढ़ाई ठप है। ग्राम मस्जिद नगला के बाढ़ पीड़ितों के लिए गांव से निकलकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से भी आश्रय स्थल पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। 20-25 परिवार अपनी गृहस्थी और पशु लेकर इमादपुर के समीप रोड पर आश्रय लिए हुए हैं। यहां उनके लिए लंच पैकेट पहुंचना भी संभव नहीं है। ढाईगांव से ढाईघाट के बीच जलालाबाद-ढाईघाट, शमशाबाद, सौरिख, बिधूना स्टेट हाईवे पर कई जगह पानी आ जाने से धीयरपुरा की डिप पर दो से तीन फुट तेज पानी के बहाव में आवागमन बंद हो गया है। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने सुरक्षा की दृष्टि से क्षतिग्रस्त हाईवे पर लाल झंडी लगाकर पत्थर लगा दिए गए हैं। बाढ़ राहत शिविर में आश्रय लिए बाढ़ पीड़ितों को समाजसेवी रिजवान अहमद ने लंच पैकेट वितरित किए।

### स्वास्थ्य शिविर लगाया गया

शुक्रवार को एसडीएम महेश कुमार कैथल ने बाढ़ राहत शिविर में लगाए गए हेल्थ चेकअप कैंप में रोगियों को दवाओं का खुद वितरण करवाया। सीएचसी जरीयनपुर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदेश रस्तोगी ने बताया कि ढाईगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थायी मेडिकल कैंप लगाकर डॉ. अलीम को नियुक्त किया है। डॉ. अलीम ने बताया कि शुक्रवार को 84 रोगियों को दवा दी गई। इनमें जुकाम, खांसी और बुखार के रोगी अधिक थे।

### गंगा में तीन लाख क्यूसेक से अधिक छोड़ा गया पानी

गंगा में तीन लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है। करीब तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। बाढ़ नियंत्रण कक्ष की शारदा नहर खंड की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार नरौरा बैराज से शुक्रवार को 3,17,158 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जबकि रामगंगा में विभिन्न बैराजों से 20,348 पानी छोड़ा गया है।

# कटौती से त्रस्त लोगों ने जेई को धूप में खड़ा किया

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

भीषण गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से लाइनें भी जवाब देने लगी हैं। जलालाबाद में बिजली न आने और फोन रिसीव न करने से नाराज नगर पालिका के चेयरमैन ने वार्ड सभासदों के साथ उपकेंद्र का घेराव किया। काफी देर तक जेई को धूप में खड़ा रखा। दूसरी तरफ कलान और मिर्जापुर में भी लोग बिजली कटौती से आजिज आ चुके हैं। शुक्रवार सुबह छह बजे कलान में उसावां से आने वाली 33केवी लाइन में फाल्ट आ गया। इसके चलते पूरे क्षेत्र की सप्लाई गुल हो गई। सुबह सबमर्सिबल और मोटर न चलने से पानी का संकट खड़ा हो गया। बिजली निगम की टीमों ने लाइन पर गश्त शुरू की। जले जंपर को सही कराकर आपूर्ति को बहाल किया गया। वहीं दूसरी तरफ दो दिन से कलान में परौर रोड के लोगों को बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही है। यहां पर बंच लाइन को बदलने का काम किया जा रहा है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में गर्मी में ओवरलोडिंग के कारण बंच लाइनें गर्म होने लगी हैं। पिछले 24 घंटे में तमाम जगहों पर बंच लाइन में फाल्ट की शिकायतें मिली हैं। मिर्जापुर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी पटरी से उतर गई। बृहस्पतिवार को शाम से बिजली गुल हो गई। देर रात तक बिजली की आंख-मिचौली जारी रही। सुबह भी बिजली नदारद हो गई। दोपहर 12 बजे सप्लाई मिल सकी। निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी जवाब देने से बचने को मोबाइल फोन बंद कर लेते हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली की आवाजाही से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा फोन रिसीव नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए नगर पालिका चेयरमैन शकील अहमद के नेतृत्व में वार्ड सभासदों व अधिवक्ताओं ने उपकेंद्र का घेराव किया। इस बीच जेई गजेंद्र पाल का घेराव कर उन्हें खरी खोटी सुनाई। आक्रोशित लोगों ने जेई को काफी देर धूप में भी खड़ा रखा।

# बिजली बिलों में हेराफेरी करने वालों के नाम और मोबाइल नंबर के पोस्टर चस्पा करेगा निगम

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

सीएससी सेंटर के जरिये बिजली बिलों में हेरफेर करने वालों के नाम और मोबाइल नंबरों को बिजली निगम सार्वजनिक करेगा। उद्देश्य है कि पोस्टर पर नाम और नंबर चस्पा कर गड़बड़ी लेकर आने वाले उपभोक्ता सीधे उनसे संपर्क कर सकें। 16 अगस्त को बिल जमा होने के बाद भी पुरानी धनराशि जुड़कर आने की शिकायत पर एसई ने वैन में छापेमारी की थी। इसके बाद कई लोगों ने बिल की धनराशि निगम के खाते में ट्रांसफर नहीं होने, पुराना बिल ब्याज समेत जुड़कर आने की शिकायत की थी। एसई ने वैनों को बंद करा दिया था। एसई जेपी वर्मा ने बताया कि वैनों पर कार्यरत कर्मियों, संबंधित कंपनी के जिम्मेदारों के नाम और मोबाइल नंबरों का पोस्टर चस्पा करने के निर्देश एक्सईएन को दिए हैं। इससे वैन पर बिल जमा करने के बाद गड़बड़ी की शिकायत लेकर आने वाले संबंधित से शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

# शिकायतों के निस्तारण में असंतोषजनक फीडबैक मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई: डीएम

**जन एक्सप्रेस । उरई**

डीएम चाँदनी सिंह व एसपी ईरज राजा की अध्यक्षता में तहसील जालौन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों को तत्परता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों व समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में 45 शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत के निस्तारण में संवेदनशीलता दिखाएं और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समस्याओं का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फरियादियों द्वारा दिया गया शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण में क्रास जांच कराई जाएगी। शिकायत के निस्तारण में असंतोषजनक फीडबैक मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण में दी गई है, उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायत के निस्तारण के साथ-साथ शिकायतकर्ता भी अपनी शिकायत से संतुष्ट रहना चाहिए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, एसडीएम सुरेश कुमार, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रविंद्र कुमार गौतम व तहसीलदार गौरव आदि सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालत में तीन नाबालिग छात्र लापता



**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र के कालपी रोड स्थित मेडिकल कॉलेज की ओर जाते समय तीन नाबालिग छात्र संदिग्ध हालत में लापता हो गए। समय रहते घर न पहुंचने पर परिजनों द्वारा उनकी काफी खोजबीन की गई। लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी पता न चलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने लापता हुए छात्रों की खोजबीन शुरू कर दी। कालपी रोड स्थित शीतला माता मंदिर के पास रहने वाले भगवान सिंह का लड़का अभय 13 वर्ष कक्षा 6 का छात्र है।

जबकि घर से चंद कदम दूर रहने वाले संजय वर्मा का लड़का आनंद 13 वर्ष कक्षा 7 का छात्र है। इन दोनों किशोरों की दोस्ती मेडिकल कॉलेज के पास रहने वाले राज 11 वर्ष पुत्र अनिल से काफी समय से है। बताया गया है कि शुक्रवार की शाम को अभय व आनंद मेडिकल कॉलेज के पास रहने वाले अपने तीसरे दोस्त राज को छोड़ने के लिए उसके घर की ओर गए हुए थे, और वहीं से तीनों संदिग्ध हालात में लापता हो गए। काफी रात होने के बाद भी जब वह अपने घर नहीं पहुंचे तब परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। एक दूसरे के घरों पर जाकर जानकारी की गई, तो पता चला कि तीनों ही घर नहीं आए। जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों द्वारा रात भर उनकी खोजबीन की गई और शनिवार दोपहर तक भी उनकी तलाश की गई। लेकिन कहीं भी उनका पता नहीं चल सका। जिसके चलते मामले की जानकारी तीनों के परिजनों ने कोतवाली पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस ने उनकी खोजबीन शुरू कर दी है। मामले में कोतवाल शिवकुमार सिंह राठौर ने बताया कि किशोरों की खोजबीन की जा रही है। बल्कि परिजनों से पूछताछ कर संभावित ठिकानों पर जाकर जानकारी की जा रही है। जल्द ही तीनों को सकुशल बरामद किया जाएगा।

**✻ काफी समय से मित्र थे किशोर, खोजबीन में कोतवाली पुलिस टीम**

# सीडीओ की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रामनगर/बाराबंकी**

मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील रामनगर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के 42, पुलिस के 17, विकास विभाग के 17, विद्युत विभाग के 05, पूर्ति निरीक्षक के 04, जिला प्रोबेशन के 01, जिला कृषि के 04, शिक्षा विभाग के 02, लोक निर्माण विभाग का 01 प्रकरण सहित कुल 98 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 06 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। सिरकौली निवासी श्यामू सिंह पुत्र अहिबरन सिंह ने बताया कि 31 मार्च 2023 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा रामनगर में मेरे खाते से 6 हजार रुपए अवैध तरीके से निकाल लिए गए। बैंक मैनेजर को बार-बार लिखित तथा मौखिक शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया है। पीड़ित ने शिकायती पत्र में जालसाजों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर पैसा दिलाने की मांग की है। इस अवसर पर एसडीएम रामनगर अनुराग सिंह, खंड विकास अधिकारी रामनगर अमित कुमार त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी सूरतगंज प्रीति वर्मा, सप्लाई इंस्पेक्टर सुनील गौतम, एडीओ पंचायत रामआसरे, एडीओ कोआपरेटिव निरंकार सिंह यादव, एडीओ समाज कल्याण रूबी सिंह, सीएससी अधीक्षक रामनगर एलबी गुप्ता, उपनिरीक्षक रामनगर जयचन्द सिंह, चौकी प्रभारी तिलोकपुर रणजीत सिंह यादव सहित सभी विभागों के आधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने जन सुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। उसे समस्या लेकर आए व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए ताकि वह समस्या की निस्तारण प्रक्रिया से संतुष्ट हो सके। उन्होंने उपजिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी से कहा कि जो भूमि संबंधी मामले है। उसमें राजस्व चकबंदी तथा पुलिस की टीम गठित कर समस्या का जल्द निस्तारण करें।शिकायतों के निस्तारण में तनिक भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी के साथ एसपी दिनेश कुमार सिंह ने भी फरियादियों की फरियादें सुनकर संबंधित मातहत को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनसुनवाई में उच्च अधिकारियों के सामने विभिन्न विभागों के 42 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से मौके पर पांच शिकायती पत्रों का निस्तारण कर शेष शिकायती पत्रों के लिए संबंधित मातहत को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत, दूसरा गंभीर

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने भदौरिया ढाबे के पास बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार दो लोगों में एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

बिहार राज्य के सीतामढ़ी जनपद के रहने वाले दो युवक प्रदीप महतो 27 वर्ष निवासी नंदवाड़ा थाना बैरगनिया जिला सीतामढ़ी बिहार और मुकेश महतो 28 वर्ष निवासी मानचौक थाना सैदपुर सीतामढ़ी बिहार अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कपड़े की फेरी लगाने का काम करते थे। इन दिनों सभी लोगों ने अपना रहने का ठिकाना औरैया बना रखा था, और वहीं से बाइक द्वारा कपड़े की थैली लगाने के लिए पड़ोसी जिलों में आया जाया करते थे। जिसके चलते शुक्रवार को भी वह जिला कानपुर देहात की तरफ कपड़े की फेरी लगाने गए थे। जो फेरी लगाकर शुक्रवार रात को वापस औरैया लौट रहे थे। कालपी कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित भदौरिया ढाबा के पास तेज ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के परखच्चे के उड़ गए और दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिर गए। जिसमें प्रदीप की मौके पर मौत हो गई, जबकि साथी मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायल को इलाज के लिये कालपी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस द्वारा ट्रक चालक के बारे में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, जो मौके से ट्रक लेकर भाग गया है।

# एनडीपीएस का आरोपी चकमा देकर पुलिस अभिरक्षा से हुआ रफूचक्कर

**जन एक्सप्रेस । उरई**

न्यायालय में पेश करने लाया गया एनडीपीएस एक्ट का आरोपी चकमा देकर पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। घटना की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। वहीं पुलिस गिरफ्त से फरार हुये आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एसओजी, सर्वलाइंस सेल व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम को लगाया गया है। जो आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर कई जगह दबिश दे रही है। जिससे उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके।



कोंच कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक ने अपनी टीम के साथ मिलकर शुक्रवार की शाम को कोंच नगर से पवन यादव उर्फ बंजारा पुत्र विजय निवासी जयप्रकाश नगर कोंच को 1 किलो 120 ग्राम मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। जब वह तस्करी करने के लिए क्षेत्र में जा रहा था, जिसका खुलासा शनिवार को पुलिस द्वारा किया गया था। खुलासा करने के बाद पुलिस टीम उसे लेकर जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश करने के लिए उरई लेकर आई थी। बताया गया है कि हथकड़ी होने के बावजूद भी आरोपी पुलिस को चकमा देकर हथकड़ी खोलकर मौके से भाग गया। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई, और मामले की खबर मिलते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। जिला एवं सत्र न्यायालय से आरोपी के फरार होने के बाद एसओजी, सर्विलांस टीम, व शहर कोतवाली पुलिस के अलावा कोंच कोतवाली पुलिस संयुक्त रूप से कई स्थानों पर दबिश दे रही है। जिससे आरोपी को गिरफ्तार किया जा सके। बताया गया है कि पवन बंजारा के खिलाफ जालौन के अलग अलग थानों में 8 मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई है।

**विद्यार्थी परिषद के सदस्य पहुंचे कोतवाली**

# प्रबंधक ने सदस्यता अभियान कराने पहुंचे छात्र-छात्राओं से की अभद्रता

**प्रभारी निरीक्षक ने प्रबंधक को बुलवाकर आपसी सामंजस्य के बाद मामला कराया शान्त**

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र के चुर्खी रोड स्थित एक इंटर कॉलेज में शनिवार दोपहर प्रबंधक ने सदस्यता अभियान कराने पहुंचे छात्र-छात्राओं से अभद्रता कर दी। मामला इतना बढ़ा कि कोतवाली पहुंच गया। जहां पर कोतवाल ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। शहर कोतवाली क्षेत्र के चुर्खी रोड स्थित एक इंटर कॉलेज में शनिवार दोपहर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र छात्राएं सदस्यता अभियान को लेकर पहुंचे हुए थे। इस दौरान विद्यालय में पढ़ाई चल रही थी, लेकिन विद्यार्थी परिषद के छात्र-छात्राएं छात्रों की रसीद काटने के लिए क्लास में पहुंच गए। जिसकी जानकारी स्कूल के प्रबंधक को लगते ही वह मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने छात्र-छात्राओं को स्कूल के बाद सदस्यता अभियान की रसीद काटने की बात कही, लेकिन इसी दौरान छात्र-छात्राओं का विवाद प्रबंधक से हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि प्रबंधक ने सदस्यता अभियान कराने पहुंचे छात्र- छात्राओं से अभद्रता करनी शुरू कर दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद घटना की जानकारी अन्य विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को हुई तो वह कोतवाली पहुंच गए। जहां उन्होंने कोतवाली के अंदर विद्यालय के प्रबंधक के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। साथ ही जमकर नारेबाजी करने लगे। कोतवाली के अंदर प्रदर्शन देख हुए प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार राठौर मौके पर पहुंचे। जिन्होंने प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को समझाने का प्रयास किया। मगर छात्र-छात्राएं प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। मामला बढ़ता देख प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल प्रबंधक को बुलाया और छात्र- छात्राओं के साथ बैठकर मामले का हल निकाला। तब कहीं जाकर यह विवाद शांत हुआ। इस मामले प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार राठौर का कहना है कि मामूली बात पर छात्र-छात्राएं कोतवाली पहुंची थी। फिलहाल दोनों में आपसी सामंजस के बाद मामला शांत हो गया है।




### मंडराने लगा संक्रामक रोगों का खतरा, विभाग अलर्ट

**जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी।** बीते 3 दिनों से सरयू का जलस्तर लगातार तेजी से घट रहा है। जिसके चलते नदी की तलहटी सहित आसपास के इलाकों से तेजी से पानी घटने लगा है। ऐसे में सबसे ज्यादा खतरा लोगों को अब संक्रामक बीमारी फैलने का बना हुआ है। जिसको लेकर जिले का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार यादव के निर्देश पर रामनगर सीएचसी प्रभारी लव भूषण गुप्ता की देखरेख में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पानी घटने पर एंटी लार्वा सहित अन्य कीटनाशकों का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। हालांकि इस कार्य में अभी तेजी लाने की आवश्यकता है। पानी घटने के साथ ही तराई क्षेत्रों में जगह-जगह जलभराव बना हुआ है। जिन पर मंडरा रहे मच्छर सहित अन्य संक्रामक जीव खुलेआम बीमारियों को दावत दे रहे है।

# बेखौफ चोर ट्रक में लादकर ले गए खाद

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

थाना हैदरगढ़ अंतर्गत ट्रक के साथ आए चोर दुकान में दाखिल होकर डेढ़ लाख रुपए की कीमती खाद चोरी कर ले गए। पीड़ित को जानकारी होने पर उसने स्थानीय कोतवाली में शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना हैदरगढ़ के भैरमपुर गांव निवासी राजू सिंह की नेशनल हाईवे किनारे गौसुपुर गांव में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र नाम से दुकान संचालित है।

शुक्रवार की रात्रि वह रोज की तरह दुकान को बंद कर घर चला गया। शनिवार सुबह जब दुकान पहुंचा तो देखा कि खाद की दुकान का शटर खुला हुआ था।आनन-फानन में दुकान मालिक राजू सिंह दुकान के अंदर पहुंचा तो वहां रखी 50 बोरी डीएपी व 40 बोरी यूरिया गायब थी। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए है। शातिर चोरों द्वारा बेखौफ इतनी भारी मात्रा में बोरियों को लादकर ट्रक समेत गायब होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसे में पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े हो रहे है। शातिर चोरों द्वारा बेखौफ इतनी भारी मात्रा में बोरियों को लादकर ट्रक समेत गायब होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसे में पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े हो रहे है।

## आरोपी को तीन वर्ष की सजा, पांच हजार का अर्थदंड

**जन एक्सप्रेस । उरई**

न्यायालय में अपर जिला जज की कोर्ट में ट्रायल पर चल रहे मामले में गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद न्यायाधीश ने आरोपी को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपये के अर्थ दंड से भी दंडित किया गया। कोंच कोतवाली के उप निरीक्षक अशोक कुमार ने 6 जनवरी 2021 को कोंच नगर के मुहल्ला सुभाष नगर निवासी सुधांशु अवस्थी को संदिग्ध अवस्था में पकड़ लिया था। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से पुलिस को एक तमंचा बरामद हुआ था। जिस पर उप निरीक्षक ने आरोपित के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करके जेल भेज दिया था।

यह मामला अपर जिला जज के न्यायालय में दो सालों से विचाराधीन था। कोर्ट ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर सुधांशु को दोषी करार देते हुए तीन साल के कारावास की सजा सुनाई और पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
**उत्तर रेलवे**
G20
**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए **ई-निविदा** आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 01 | **कार्य का नाम :** क्लीनिंग ऑफ वर्कशॉप टॉयलेट, यूरिनल, वाशबेसिन एन्ड वाटरबूथ। |
| 02 | **कार्य स्थल :** सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | **अनुमानित लागत :** रु. 80,14,702.00 मात्र। |
| 04 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 5,000/-। |
| 05 | **बिड सिक्युरिटी :** रु. 1,60,300/- मात्र। |
| 06 | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 02 वर्ष। |
| 07 | **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** दिनाँक– 28.08.2023 से 11.09.2023 समय 15.00 बजे तक। |
| 08 | **प्रमाणपत्र :** फर्म द्वारा ANNEXURE-A के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | **खुलने का समय :** निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | **कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है** — निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट – www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | **वेबसाईट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है** |

सं.: 2023-ए.एम.वी.-सी एन डब्लू-सर्विस-01 दिनाँक: 17.08.2023 2570/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## तालाब में चल रहे कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने शनिवार को दशहराबाग वार्ड मोहारी पुरवा के तालाब में चल रहे सुंदरीकरण सहित जल शोधन-संरक्षण व जल निकासी के कार्य का निरीक्षण किया। यहां जिलाधिकारी ने संबंधित मातहत को कराए जा रहे कार्य को गुणवत्तापूर्ण व समय के अंदर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नवाबगंज एवं अवर अभियंता सहित अन्य अधिकारियों से तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य में विशेष रूचि लेकर कराए जाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि जल शोधन एवं जल संरक्षण का कार्य वर्तमान समय की सामयिक समस्या है।

# मठ की जमीन बिकने से नाराज साधु खोद रहा कब्र

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

जिले की तहसील रामसनेहीघाट अंतर्गत थाना असंद्रा के एक मठ में रहने वाले साधु ने मठ की जमीन को फर्जी तरीके से बैनामा कर बेचने का आरोप गांव के ग्रामीणों लोगों पर लगाया है। जिसमें साधु का आरोप है कि ग्रामीणों के साथ स्थानीय प्रशासन भी मिला हुआ है। जिससे नाराज साधु इन दिनों अपनी कब्र खोद रहा है। पूछने पर साधु बताते है कि यदि एक सितंबर तक तहसील प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की तो वह इसी कब्र में समाधि ले लेगा। असल में तहसील रामसनेही घाट के असंद्रा थाने के भावनियापुर मजरे किठैहया गांव में रामजानकी नाम से एक मठ मौजूद है। इस मठ पर महात्मा मुकुंद पुरी बीते कई वर्षों से रहते है। वह इन दिनों अपनी कब्र खोद रहे है। सूचना पर पहुंचे लोगों ने जब साधु मुकुंद से कब्र खोदने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि मैं इस मठ में बचपन से रह रहा हूं। मगर फर्जी वसीयत कराकर गांव के लोगों ने मठ की जमीन को बेच दिया है।



# राजस्व टीम व भारी पुलिस बल के बीच हुआ कब्जा परिवर्तन

**जन एक्सप्रेस । सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी**

एसडीएम की अगुवाई में राजस्व टीम ने भारी पुलिस बल के साथ भूमि का चिन्हांकन कराकर कब्जा परिवर्तन कराया। उच्च न्यायालय के आदेश एंव आयुक्त अयोध्या के निर्देश के क्रम में तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम थानाडीह मे पुणेन्द्र प्रताप सिंह व सरोज सिंह भूमि स्वामी को राजस्व व पुलिस की टीम ने कब्जा दिलाया। बताते चलें कि तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम थानाडीह मे गाटा संख्या 175 रक्बा 1,907 हेक्टेयर भूमि पर प्रदीप नान, सिताबा आदि के पूर्वजों को सीलिंग भूमि के कृर्षि कार्य हेतु पटटे सन् 1995 दिए गये थे। जिसके बाद सन् 1995 से ही पुणेन्द्र प्रताप सिंह व सरोज सिंह निवासी खजुरी तहसील सिरौलीगौसपुर ने उपजिलाधिकारी के न्यायालय पर वाद दायर किया था। जिसमे वर्ष 2000 में उपर्युक्त जमीन का एस डीएम के आदेश पर सीलिंग समाप्त कर पुणेन्द्र प्रताप सिंह आदि के नाम उक्त भूमि दर्ज की गयी।तदुपरान्त मण्डला आयुक्त अयोध्या द्वारा वर्ष 2008 में पट्टेदारों के अनियमित पटटे निरस्त किये गये। तत्पश्चात पट्टेदारों द्वारा उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की गयी। जिसमे पट्टेदारो की याचिका 26 मई 22 को उच्च न्यायालय ने पूर्व के आदेशों को सही मानते हुए निरस्त कर दिया। जिसके बाद भूस्वामी पुणेन्द्र प्रताप सिंह व सरोज सिंह द्वारा कब्जा परिवर्तन हेतु आयुक्त अयोध्या के यंहा प्रत्यावेदन दिया गया। जिस पर कोई कार्यवाही न होने पर पुणेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा उच्च न्यायालय हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। उच्च न्यायालय ने 26अप्रैल 23 को आयुक्त अयोध्या को आदेश किया कि आठ सप्ताह में पुणेन्द्र प्रताप सिंह व सरोज सिंह को कब्जा दिलाएं। उक्त समय बीत जाने पर पुणेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा उच्च न्यायालय में अवमानना का वाद दायर किया गया। जिसमें 24अगस्त 23 तारीख पेशी नियत है।उक्त अवमानना व मंण्डलाआयुक्त के आदेश 27 जुलाई 23के आदेश के क्रम में उपजिलाधिकारी विश्वमित्र सिह तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय लेखपाल सुधांशू कटियार थानाध्यक्ष बदोसराय गजेन्द्र प्रताप सिंह पुलिस उपाधीक्षक रामनगर हर्षित चौहान थानाध्यक्ष रामनगर सहित भारी पुलिस बल के साथ 19अगस्त को थानाडीह पंहुच कर कब्जा परिवर्तन करा दिया है। वहीं पुणेन्द्र प्रताप सिंह की तरफ से स्वेच्छा से प्रत्येक पट्टा धारक को 3500/ रुपए प्रति बीघा फसल की लागत के तौर पर 70 हजार रूपए दिए हैं। जिन्हें उपजिलाधिकारी विश्व मित्र सिंह ने लेखपाल को वितरण के लिए निर्देशित किया है।



# अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेः सीएम योगी

## अयोध्या में हो रहे निर्माण कार्यों को समय सारिणी के अनुसार पूरा करें

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरयू होटल में अयोध्या में चले विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त आदि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अयोध्या में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी उन्होंने ली। जिसमें संक्षिप्त विवरण मण्डलायुक्त ने प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं, उन्हें निश्चित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाय। आगामी दीपोत्सव को देखते हुये तैयारियां की जाए। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले।

दिगम्बर अखाड़ा में आयोजित महंती कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिगम्बर अखाड़ा में पहुंचकर वहां के मंदिर में पूजा की व साकेतवासी महंत परमहंस की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री वहां दिगम्बर अखाड़े के प्रमुख महंत सुरेश दास, नये महंत रामलखन दास के महंती समारोह में भी भाग लिया। उन्होंने गणमान्य पूज्य संतों से मुलाकात की जिसमें पूज्य संतों से मुलाकात के दौरान अयोध्या के विकास सम्बंधी बिन्दुओं की चर्चा की। इस मौके पर महंत धर्मदास, महंत अवधेश दास, मैथिलीशरण दास, भरत दास, वैदेही बल्लभ, रामदास, कमल नयन दास, कार्यक्रम के मुख्य आयोजक महंत सुरेश दास, महंत जयराम दास, महंत बलराम दास, आशुतोष दास सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



### सीएम ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण की प्रगति का भी लिया जायजा

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। राम कथा पार्क हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे रामचंद्र परमहंस दास की समाधि पर पहुंचे। यहां उन्होंने परमहंस की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद सीएम योगी ने श्रीराम जन्मभूमि पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और देश-प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। रामलला के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति का हाल जाना। यहां श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण से जुड़ी जानकारी दी। योगी आदित्यनाथ ने यहां कार्य कर रहे मजदूरों से भी बातचीत की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से वर्तमान समय में चल रहे कार्य की प्रगति भी जानी। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## प्रभु झूलेलाल को लगा छप्पन भोग

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रामनगर कालोनी स्थित संत नवलराम दरबार में चल रही प्रभु झूलेलाल चालिहा महोत्सव महाआरती के 38 वें दिन शुक्रवार को बडे हर्षोल्लास के साथ प्रभु झूलेलाल व बाल ब्रह्मचारी संत नवलराम साहिब की पुण्यतिथि पर सिंधी व्यंजनों का 56 भोग लगाया गया जिसमें कोकी, राह, खीरणी, सूढी, मीठी आटे की टिक्की, सिंधी पेढा, मीठी तेहरी, भुग्गा चावल आदि व्यंजन थे सिंधु सेवा समिति व संत नवल राम पंचायत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में साई नितिन राम, संत भावन दास,साई महेंद्र लाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। समिति के अध्यक्ष मोहन मध्यान, मुखिया हरीश मन्ध्यान व अन्य गणमान्य लोगों ने सभी संतों का स्वागत शाल ओढ़ाकर किया। चालिस दिवसीय महाआरती का समापन 20 अगस्त की शाम को होगा जिसमे प्रभु झूलेलाल को मेवा भोग भी लगाया जाएगा। सिंधु सेवा समिति के मीडिया प्रभारी सुमित माखेजा ने बताया कि महा आरती के बाद संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें समाज के बच्चों द्वारा विभिन्न नृत्य व नाट्य प्रस्तुत किये जायेंगे।

# संपूर्ण समाधान में डीएम के ना पहुंच पाने पर मायूस हुए फरियादी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



तहसील मुख्यालय मिल्कीपुर सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस डीएम की अध्यक्षता में होना था। लेकिन मुख्यमंत्री के अयोध्या दौरे के कारण जिलाधिकारी नितीश कुमार सहित जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी भी समाधान दिवस में नहीं पहुंच सके। जिसके चलते जिलाधिकारी से अपनी फरियाद कि आप लेकर पहुंचे क्षेत्र के फरियादियों को मायूस होकर बेरंग अपने घरों को लौटना पड़ गया। हालांकि संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र से 222 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की जिनमें से मात्र 4 मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। जिलाधिकारी के मिल्कीपुर संपूर्ण समाधान दिवस में ना पहुंच पाने के चलते तहसील सभागार में मौजूद अधिकारियों में रामराज छाया रहा। उच्चाधिकारियों के न आने से जो अधिकारी आए भी थे उनमें अधिकांश समय से पहले ही खिसक लिए। जो बैठे भी थे वह अपने मोबाइल फोन में फेसबुक, व्हाट्सएप, मइंस्टाग्राम में व्यस्त नजर आए। समाधान दिवस में तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता, उपनिदेशक कृषि डॉ संजय कुमार त्रिपाठी, बीडीओ मिल्कीपुर ए के सिंह, हैरिंग्टनगंज अनीश मणि पाण्डेय ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंधा गांव निवासी महिला अनुराधा पाठक ने अपने पति के नाम आवंटित पट्टे की धुन में बने शौचालय एवं टिन सेड पर गांव के ही एक दबंग और मन बढ़ व्यक्ति गुरशरण यादव द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की। इनायत नगर थाना क्षेत्र के घुरेहटा पूरे दरियावां निवासी राम सुंदर शर्मा ने शिकायत की कि मेरा बेटा बीते 25 जून को अपनी बुआ के यहां से घर आ रहा था रास्ते से लापता हो गया, अभी तक कोई पता नहीं लग सका। खंडासा गांव निवासी रामचंद्र तिवारी का कहना है कि एक वर्ष से हम तहसील दिवस, मुख्यमंत्री दरबार का चक्कर लगा रहे हैं, गांव के झब्बू साहू ने चकमार्ग पर अबैध निर्माण कर कमरा बना लिया है जिसे अभी तक हटवाया नहीं जा सका है। क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगो द्वारा झूठी रिपोर्ट लगाई जा रही है। सभागार में मौजूद अधिकारियों को संबोधित करते हुए तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है। इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है।

# एलएलबी के छात्रों को उच्च न्यायालय के संग्रहालय का कराया गया भ्रमण

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



खजुरहट स्थित जी.एस .कॉलेज आफ लॉ गंडई के छात्रों को एक दिवसीय भ्रमण कराया गया छात्रों को इलाहाबाद संग्रहालय और उच्च न्यायालय के कार्य प्रणाली को दिखाया गया आपको बताते चलें कि जीएस कॉलेज ला में समय-समय पर छात्रों को थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल भी कराया जाता है उच्चतम न्यायालय में छात्रों को बार व बेंच में अंतर बताया गया इसी के साथ साथ न्यायालय में किस तरह बहस की जाती है और कैसे जिरह की जाती है इसकी भी जानकारी दी गई व छात्रों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीकापुर के समाजसेवी श्रवण कुमार दूबे ने हरी झंडी दिखाकर इलाहाबाद के लिए रवाना किया प्रवक्ता शैली पांडेय ने बताया की हमारे विद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ न्यायालय में ले जाकर प्रैक्टिस कैसे की जाती है बहस कैसे की जाती है किस तरह से अधिवक्ता न्यायालय के सामने अपनी बातों को रखते हैं जमानत कराने के लिए क्या क्या प्रक्रिया होती है इन सभी की जानकारी दी जाती है प्रवक्ता शैली पांडे ने बताया कि एक दिवसीय न्यायालय भ्रमण के दौरान यात्रा में ज्योति शुक्ला,शिब्बू सिंह, शिवांगी सिंह आरती तिवारी, संदीप सूर्यवंशी शिवांग पांडेय,पवन निषाद,मोहम्मद रइस, खुशचंद लाल,स्वस्तिक,शीजल,श्रुष्टि ,रूबी ,विवेक,अभय आदि छात्रों को प्रशिक्षण दिलाया गया इस मौके पर मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज गोयल डायरेक्टर राजन यादव प्रशासक सत्य प्रकाश मिश्रा एवं सुलेखा गौतम श्रीकांत मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## फाउंडेशन के तत्वावधान में हुआ पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस/गोसाईगंज-अयोध्या।** एकाक्ष फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम भगोला में पौधरोपण किया गया ।पौधरोपण का शुभारंभ सया डिग्री कालेज के पूर्व बीपीएड प्रवक्ता दिनेश तिवारी ने किया ।उन्होने अपने संबोधन में पेड़ो की उपयोगिता और महत्व पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला ।कहा कि सभी लोगो को अपने जीवन में एक एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए ।फाउंडेशन के प्रबंधक हिमांशु शेखर तिवारी ने कहा कि इस धरा को हरियाली से मंडित करना ही सभी लोगो का उद्देश्य होना चाहिए ।पेड़ हमारे लिए कई प्रकार से लाभप्रद हैं ।पेड़ो से हमें तमाम प्रकार की औषधीय दवाइयां और फल तथा लकड़ियां प्राप्त होती हैं ।नीम,पीपल सहित कई वृक्षो को सनातन धर्म में पूजा जाता है ।अध्यक्ष ऋषभ पांडेय ने कहा कि पेड़ो से हमें आक्सीजन प्राप्त होता है। ।पेड़ हमारे जीवनदाता हैं। पौधरोपण से ही पर्यावरण का संरक्षण हो सकता है।

# ग्राम पंचायत अधिकारी की कार्यशैली पर प्रधानों ने जताया आक्रोश

**जन एक्सप्रेस । बीकापुर/अयोध्या**



अखिल भारतीय प्रधान संगठन की हंगामेदार बैठक प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विशाल सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को ब्लॉक सभागार में संपन्न हुई संचालन जिला सचिव मुकुल आनंद ने किया। बैठक में विकासखंड बीकापुर के करीब तीन दर्जन ग्राम प्रधानों ने शिरकत किया। बैठक में उस समय गहमागहमी का माहौल छा गया जब मिलथू कनक ग्राम पंचायत के प्रधान राकेश यादव ने अपने ही ग्राम पंचायत सचिव पर मनमानी करने का आरोप जड़ा। और गलत ढंग से परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करने का आरोप लगाया। प्रधान संघ के पदाधिकारियों के आवाहन पर जब सचिव को तलब किया गया तो सचिव द्वारा परिवार रजिस्टर में अंकन को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। नाराज ग्राम प्रधानों ने इसकी शिकायत एडीओ पंचायत अजय तिवारी से करते हुए हंगामा भी किया। उसके बाद ग्राम प्रधानों द्वारा दो सूत्र मांग पत्र खंड विकास अधिकारी रषेश गुप्ता को दिया गया। परिवार रजिस्टर में हड़बड़ी में अंकित किए गए नाम को खारिज करने की मांग की गई। इसके अलावा दशरथपुर ग्राम पंचायत में तैनात रोजगार सेवक की भी शिकायत की गई और बताया गया कि रोजगार सेवक द्वारा पंचायत के कार्य में उदासीनता दिखाई जाती है। ग्राम पंचायत अधिकारी प्रधान और अधिकारियों का कई कई दिनों तक फोन नहीं रिसीव किया जाता है। जिससे ग्राम पंचायत का कार्य बाधित होता है। बैठक के दौरान प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विशाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सितंबर महीने में पूर्वांचल के 17 जनपदों के ग्राम प्रधानों का सम्मेलन अयोध्या जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। सम्मेलन की तैयारी के संबंध में भी बैठक दौरान चर्चा और रणनीति बनाई गई इसके अलावा संगठन को मजबूत करने के संबंध में भी चर्चा हुई। खंड विकास अधिकारी रषेश गुप्ता द्वारा ग्राम प्रधान संघ द्वारा दिए गए दो सूत्रीय मांग पत्र के निस्तारण का आश्वासन दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि ग्राम प्रधानों द्वारा परिवार रजिस्टर में गलत तत्व पर परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज किए जाने की शिकायत की गई है जिसके लिए सहायक विकास अधिकारी पंचायत के नेतृत्व में तीन सदस्य जांच टीम का गठन किया गया है और तीन दिवस के भीतर रिपोर्ट देने का आदेश दिया गया है। दशरथपुर ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक की उदासीनता की भी जांच कराई जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विशाल सिंह जिला सचिव मुकुल आनंद, प्रधान गण मेवालाल चौहान, विजय गौड़, धर्मेंद्र मिश्रा, राकेश यादव, शशिकांत मिश्रा, अहमद रजा, बलवंत सिंह, सोनू, सुभाष वर्मा, मुकेश निषाद करीब तीन दर्जन ग्राम प्रधान और उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# टैंकर की चपेट में आने से दो बाइक सवारों की मौत

## आसाम रोड स्थित टोल प्लाजा के निकट हुआ हादसा, दरगाह पुलिस ने शवों का कराया पोस्टमार्टम

**जन एक्सप्रेस । रूपईडीहा, बहराइच**

थाना दरगाह क्षेत्र अंतर्गत आसाम रोड स्थित टोल प्लाजा के निकट टैंकर की चपेट में आकर दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में एक अन्य व्यक्ति घायल भी हुआ है जिसका उपचार जिला अस्पताल में कराया जा रहा है। उसकी भी हालत चिंताजनक बनी हुई है। दुर्घटना के बाद टैंकर चालक गाड़ी छोड़ मौके से फरार हो गया।

थाना दरगाह शरीफ क्षेत्र के टोल प्लाजा के निकट शुक्रवार की दोपहर बलरामपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार तेल टैंकर की विपरीत दिशा से आ रही मोटर साइकिल की जबरदस्त भिड़ंत हो गई जिससे मोटर साइकिल सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये और दोनों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई मृतकों की पहचान 35 वर्षीय सद्दाम पुत्र हबीब अहमद और 18 वर्षीय करीम उददीन पुत्र गुल्ले निवासी बगिया दुलारपुर थाना दरगाह के रूप में हुई जो निकट के ही गांव के रहने वाले थे और रिश्ते में चाचा भतीजे थे दुर्घटना की सूचना गांव पहुंचते ही वहां मातम छा गया और परिवार के लोग रोते बिलखते टोल प्लाज़ा पहुंच गये लोगों का कहना है कि दोनों चाचा भतीजे मोटर साइकिल से शुक्रवार की नमाज़ पढ़ने के लिये दरगाह शरीफ गये थे और नमाज़ बाद वह गांव को वापस आ रहे थे कि टोल प्लाजा के करीब अचानक टैंकर की चपेट में आ गये। घटना की सूचना पाते ही प्रभारी थाना दरगाह शरीफ निरीक्षक हरेन्द्र कुमार मिश्र व चौकी गल्ला मण्डी प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगन्नाथ यादव पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और टैंकर को अपने कब्जे में लेते हुवे घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को अपने कब्जे में कर आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिये रवाना किया है। और टैंकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 09 सितम्बर 2023 को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सिविल कोर्ट बहराइच के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिकाधिक संख्या में वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 सितम्बर 2023 में किया जाय। बैठक में अधिकारियों से लोक अदालत को सफल बनाने में आ रही बाधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए लोक अदालत के सफल आयोजन के सम्बन्ध में उनके सुझाव भी प्राप्त किये गये। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने जन सामान्य से अपील की है कि 09 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में वादों को, नियत करवाकर सुलह-समझौता के माध्यम से निस्तारित करवाये और आयोजन का भरपूर लाभ उठाये।

# प्रशिक्षित 35 कृषि स्नातकों को जिलाधिकारी ने वितरित किए प्रमाण-पत्र

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



इण्डियन बैंक स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच में कृषि विभाग अन्तर्गत एग्रीजंक्शन (प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन) योजना के तहत चयनित 35 कृषि स्नातकों के 17 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर शुक्रवार को देरशाम जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रशिक्षित स्नातकों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सुझाव दिया कि विभागीय अपेक्षाओं को पूरा करने हेतु अपनी योग्यता के साथ टेक्नालॉजी का भी भरपूर उपयोग करें।

डीएम ने कहा कि आप कृषि के क्षेत्र में स्नातक एवं परास्नातक डिग्री होल्डर हैं इसलिए जिले के किसानों को मानक के अनुरूप खाद, बीज, कृषि रक्षा रसायन उपलब्ध कराने के साथ-साथ अपनी योग्यता के अनुरूप सुझाव भी दें। शिक्षित युवकों के हाथों में एग्रीजंक्शन जैसी योजना की कमान सौपने के पीछे शासन की यही मंशा है कि क्षेत्र के कृषकों को आपकी योग्यता का भी लाभ प्राप्त हो। डीएम ने प्रशिक्षार्थियों को सुझाव दिया कि ''ऑनेस्टी इज़ द बेस्ट पॉलीसी'' का अनुसरण करते हुए एग्रीजंक्शन का संचालन करें तथा कृषकों के हितों को सर्वोपरि रखें। डीएम ने कहा कि सभी प्रशिक्षित नवयुवकों से उन्हें यही अपेक्षा है कि आप सूचना क्रांति के युग में इण्टरनेट के माध्यम से इण्ड्रायड मोबाइल फोन से कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कारोबार करने वाली कम्पनियों, प्रगतिशील कृषकों, नई खोजों, अत्याधुनिक कृषि यन्त्रों के बारे में जानकारी प्राप्त कर स्वयं के ज्ञानार्जन के साथ किसानों को भी उपयोगी सुझाव देकर उनकी आय को दोगुना करने में सहयोग प्रदान करेंगे। डीएम ने डीडी एग्री व बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवयुवकों को शासन द्वारा अनुमन्य ऋण योजना का भी लाभ दिलाया जाय।

उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने बताया कि कृषि में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना (एग्रीजंक्शन) अन्तर्गत जिले के कृषकों को एक ही छत के नीचे वन स्टॉप शॉप के माध्यम से बीज, उर्वरक कीटनाशक, जैव कीटनाशक, जैव उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रिएन्ट्स, वर्मी कम्पोस्ट, कृषि यन्त्र एवं प्रसार सेवायें, मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर संस्तुत उर्वरक एवं खाद तथा नवीन तकनीकी की जानकारी प्रदान किये जाने के उद्देश्य से चयनित कृषि स्नातकों हेतु 02 से 18 अगस्त तक 17 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## कला, संगीत, शिल्प, लोक नृत्य और व्यंजनों के संरक्षण पर मिलेगा एकमुश्त अनुदान

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** पयर्टन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि उ.प्र. पर्यटन नीति 2022 अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय महत्व के प्रसिद्ध पर्यटन गंतव्य स्थलों के आसपास 50 कि.मी. की परिधि में उत्तर प्रदेश की स्थानीय पारंपरिक और दुर्लभ व लुप्तप्राय कला, संगीत, शिल्प, लोक नृत्य और व्यंजनों के संरक्षण, संवर्धन व पुनर्जीवित करने में शामिल व्यक्ति/समूह को रू. 05 लाख (रुपये पांच लाख) तक का एकमुश्त अनुदान दिये जाने की व्यवस्था की गई है। पयर्टन सूचना अधिकारी ने बताया कि अनुदान का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति एवं समूह सोमवार, बुद्धवार अथवा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय कक्ष अथवा मोबाइल नम्बर 6306339747 पर सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## गांवों को मुख्य मार्गो से जोड़कर बेहतर परिवाहन सुविधा प्रदान की जा रही: सांसद लल्लू सिंह

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** बीकापुर विधानसभा के कोछा सम्पर्क मार्ग से बछरामपुर गांव के मंदिर तक सड़क का शिलान्यास सांसद लल्लू सिंह ने किया। 550 मी. लम्बाई की इस सड़क की लागत 29.45 लाख रूपये है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा बेहतर सड़के किसी क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं में है। बेहतर परिवाहन के लिए सड़को का अच्छा होना आवश्यक है। डबल इंजन की सरकार में अयोध्या में सड़कों नवीनीकरण, सुदृढ़ीकरण व सुन्दरीकरण हो रहा है। गांवों को मुख्य मार्गो से जोड़कर बेहतर परिवाहन सुविधा प्रदान की जा रही है। बेहतर आवागमन सुविधा होने से ग्रामीण बाजारों के व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। रोजगार सृजन को सम्बल मिलेगा। अयोध्या पुरातन कालीन अपने वैभव को प्राप्त कर रही है।

# विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडर स्कूल में शनिवार को अभिभावक शिक्षक गोष्ठी तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 19 अगस्त को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी में अभिभावकों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया और अपने बच्चों के परीक्षाफ्ल को जाना। गोष्ठी के दौरान छात्र छात्राओं के लिए इंटर हाउस रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इंटर हाउस रंगोली कंपटीशन में बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इंटर हाउस रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 8 तक का विषय मेरी माटी मेरा देश था, जबकि कक्षा 9 से लेकर 12 तक में विषय सेव अर्थ था।

कार्यक्रम आयोजक अनीता सिंह एवं अमन जयसवाल के दिशा निर्देशन में बच्चों ने रंगोली में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में लिली हाउस से मान्या, मुस्कान, कूदशिया, ट्यूलिप हाउस से वैष्णवी, दीपिका व साहिब आर्किड हाउस से विदुषी, आयुषी व समीक्षा तथा लैवंडर हाउस से निशा, हर्षिता, व वंशिका ने अपने अपने हाउस का प्रतिनिधित्व किया। स्पर्धा के निर्णायक मंडल मे विद्यालय के समन्वयक आफाक हुसैन व रेखा ठाकुर के अतिरिक्त शरद श्रीवास्तव, लाइक अंसारी तथा आशीष श्रीवास्तव रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर 253 अंकों के साथ ट्यूलिप हाउस रहा । द्वितीय स्थान पर 244 अंकों के साथ लिली हाउस एवं तृतीय स्थान पर 219 अंकों के साथ आर्किड हाउस रहा।

# जिले के तीनों तहसीलों में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



शनिवार को जनपद के तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील में जिला स्तरीय समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने लोगों की शिकायतों को सुना और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं उतरौला तहसील में मुख्य विकास अधिकारी तथा तुलसीपुर तहसील में अपर जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देश दिया।

बताते चलें कि समाधान दिवस में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित फरियादियों की शिकायतें सुनी गयी तथा सम्बन्धित अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुये राजस्व सम्बन्धित मामलों का राजस्व एवं पुलिस टीम बनाकर पारदर्शिता पूर्वक जांच परक कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने विभाग के मामलों का स्थलीय सत्यापन कर गम्भीरतापूर्वक समयबद्ध निस्तारण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी महोदय द्वारा पुराने शिकायती प्रार्थना पत्रों का फोन द्वारा सत्यापन किया गया। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल के सन्दर्भ का शासन स्तर एवं जिला स्तर पर निगरानी की जा रही है, इसलिये सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने पोर्टल पर प्राप्त हुये सन्दर्भो का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि नाली, चकरोट, जमीन आदि के मामलों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर स्थलीय जांचकर पारदर्शिता के साथ निस्तारण कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान कुल 48 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मौके पर 04 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा मौके पर किया गया। उन्होंने शेष प्रार्थना पत्रों का संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थलीय सत्यापन करते हुए ससमय पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार द्वारा पुलिस से सम्बन्धित प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुये सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतों का जांचपरक कर समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराएं।

# विद्यालय में आयोजित की गई क्राफ्ट के कार्य की कार्यशाला

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को क्राफ्ट के कार्य की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 19 अगस्त को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में 'क्राफ्ट के कार्य का कार्यशाला' का आयोजन विद्यालय के प्राइमरी ग्रुप में आजाद हाउस, गॉधी हाउस, सुभाष हाउस एवं टैगोर हाउस एवं जूनियर ग्रुप में विद्यालय के प्रन्बन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी एवं प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। आयोजन के अवसर पर कक्षा-1 से कक्षा-5 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया इसमें सभी कक्षा के अध्यापक अध्यापिकायें अपने-अपने कक्षा के छात्र-छात्राओं के क्राफ्ट के कार्य को पूर्ण करने में सहायता की। जिसमें नेहा श्रीवास्तव, उर्वशी शुक्ला, लता श्रीवास्तव, ए0के0 तिवारी, किरन मिश्रा, रूबी त्रिपाठी एवं अपर्णा पटवा ने अपने-अपने कक्षा के छात्र-छात्राओं का क्राफ्ट का कार्य सम्पन्न कराया। क्राफ्ट के कार्य में आजाद हाउस से रूद्र प्रताप सिंह, गौरी मिश्रा, आन्या शर्मा, यती प्रकाश, वेदांसी अवस्थी, पुष्कर दूबे, माही सुभाष हाउस से यशी श्रीवास्तव, शुभ्रा सिंह, जान्हवी पाण्डेय, हिफ्जा सेख एवं आराध्या गुप्ता, टैगोर हाउस से श्लोक मिश्रा, आस्था तिवारी, वर्णित श्रीवास्तव, अर्जुन शर्मा, हैप्पी पाण्डेय एवं आराध्या तथा गांधी हाउस से काव्या श्रीवास्तव, ख्याति मिश्रा, राशि तिवारी एवं एकता ने आदि छात्र-छात्राओं ने बहुत ही सुन्दर गुड़िया, गुडडा, राखी, सांप, आदि बनाया।

# गढ़वा खेड़ा इंचार्ज बोले ताले टूटे थे चोरी नहीं हुई, नहीं दर्ज की रिपोर्ट

- चौकी से चंद कदम दूर चार दुकानों में हुई थी चोरी की वारदात
- रिपोर्ट दर्ज किए बगैर हवा में हाथ पांव मार रही पुलिस

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** पूरनपुर खुटार नेशनल हाईवे पर स्थित गढवा खेड़ा चौकी से चंद कदम दूर चौराहे पर 15 अगस्त की रात मनबढ चोरों ने चार दुकानों के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया था। नेशनल हाईवे के किनारे मु?ख्य चौराहे पर हुई चोरी की वारदात के बाद भी पुलिस को भनक नहीं लगी थी। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस से पहले ही चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे।चौकी पर प्रार्थना पत्र देने के पांच दिन बाद भी पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर नहीं की है। थाना सेहरामऊ उत्तरी की पुलिस चौकी गढ़वा खेड़ा क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातों में इजाफा हो रहा है। क्षेत्रीय ग्रामीण अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जागकर रात गुजारने को मजबूर है। स्थानीय पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय है। पूरनपुर खुटार हाईवे पर 24 घंटे आवागमन बना रहता है। गढ़वा खेड़ा चौराहे पर भी देर रात तक लोगों की चहल कदमी रहती है।15 अगस्त की रात मनबढ चोरों ने गढवाखेडा पुलिस को चुनौती दे दी। चोरों ने सबसे पहले धनेगा निवासी इकबाल की भारत पेस्टिसाइड की दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने सब्बल की मदद से दुकान के ताले तोड़कर काउंटर में रखी 35 हजार की नकदी चोरी कर ली। पड़ोस में ही स्थित फिरदौस की दुकान के ताले तोड़कर काउंटर में रखी 27 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। वारदात के दौरान चोर पुलिस से पूरी तरह बेखौफ थे। दो दुकानों में वारदात के बाद 50 मीटर दूरी पर स्थित तारक खां की दुकान के ताले तोड़कर 20 हजार की नकदी चोरी कर ली। चोर कुरैंया निवासी इरफान की बैटरी की दुकान का शटर तोड़ रहे थे। शटर तोड़ने की आवाज सुनकर ग्रामीण जाग गए। शोर-शराबा करने पर नकाबपोश चोर तीन दुकानों को खंगालने के बाद मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची गढ़वा खेड़ा पुलिस ने ग्रामीणों से जानकारी जुटाई थी। दुकानदार की ओर से तहरीर पुलिस को दी गई। वारदात के पांच दिन बीतने के बाद भी मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज किए बगैर हवा में हाथ-पांव मार रही है। गढवा खेड़ा चौकी प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।दुकानों के ताले तोड़े गए थे लेकिन चोरी नहीं हुई है।

### ग्रामीण बोले रात्रि में गश्त ना होने से बढ़ रहीं वारदात

नेशनल हाईवे के किनारे चार दुकानों में हुई चोरी की वारदात ने पुलिस व्यवस्था की पोल खोल दी। 15 अगस्त की रात्रि चौकी पर तैनात कांस्टेबल अंकुर की ड्यूटी लगी हुई थी। चर्चा है की जिम्मेदार ने रात्रि में गस्त करने के बजाए चौकी पर ही आराम फरमाते रहे।चौकी से चंद कदम दूरी पर चार दुकानों में चोरी की वारदात के बाद से गढ़वा खेड़ा पुलिस की खासी फजीहत हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रात्रि के दौरान पुलिस गस्त नहीं कर रही है।

### दिनदहाड़े तीन घरों से चोरी का नहीं हुआ राजफाश

23 मई को घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया जगतपुर निवासी हरपेज सिंह के घर चोरों ने दिनदहाड़े 80 हजार की नगदी, पांच सोने की अंगूठी,एक जोड़ी सोने के झाले, पड़ोस के ही गुरजंट सिंह के घर तीन सोने की अंगूठी चोरी कर ली थी। पड़ोस के ही जितेंद्र सिंह के घर भी चोरी का प्रयास किया था। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।वारदात का राजफाश नहीं हो सका।



"चोरी की वारदात की सूचना पर स्थलीय निरीक्षण किया गया था। वारदात के राजफाश के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। कुछ संदिग्धों को बुलाकर पूछताछ भी की जा रही है। घुंघचाई थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात की जानकारी नहीं है। जल्द ही वारदात का राजफाश किया जाएगा।

–आलोक कुमार
पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर

### गत वर्ष भी गढवाखेडा क्षेत्र में दो घरों से हुई थी 60 लाख की चोरी

गत वर्ष चोरों ने दो घरों में नकब लगाकर नगदी व जेवरात सहित 60 लाख की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। गत वर्ष 25 जुलाई की रात जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ दलजीत कौर के थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव सिंहपुर में रहने वाले बहनोई जसवीर सिंह के घर खिड़की की ग्रिल तोड़कर घर में दाखिल हुए चोरों ने 65 तोला सोना और करीब 5 लाख की नगदी चोरी कर ली थी।

# गन्ना किसानों की समस्याओं के प्रति प्रदेश सरकार गम्भीर : संजय सिंह गंगवार

- राज्यमंत्री का सहकारी गन्ना विकास समिति की निकाय बैठक मे सम्बोधन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है कि प्रदेश सरकार गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर प्रयत्नशील है उन्होंनें कहा की गन्ना किसानों के विकास के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जाना चाहिए। राज्यमंत्री श्री गंगवार आज शनिवार को पीलीभीत बैंकट हॉल में आयोजित पीलीभीत सहकारी गन्ना विकास समिति की सामान्य निकाय की बैंठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा की भाजपा की डबल इंजन सरकार गन्ना उत्पादक किसानो के कल्याण के लिए गम्भीर बनी हुई है। उनका मानना है कि प्रत्येक समिति पर एक बारात घर होना चाहिए और आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर गन्ना किसानों को भी स्वास्थ्य लाभ योजना का भी लाभ मिलना चाहिए। उन्होनें गन्ना किसानों से भी अपील की जागरूकता लाये और गन्ना उत्पादन से लेकर गन्ना सप्लाई और भुगतान तक होने वाली अनियमितताओं को उजागर करे ताकि अनियमितता करने वालो के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जा सके। उन्होनें गन्ना विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गन्ना सर्वे, सट्टा आदि की प्रक्रियाओं में पूरी तरह पारदर्शिता बरती जाये। इसमें अगर किसी भी तरह की गड़वड़ी की शिकायते मिली तो सम्बन्धितों के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा की गन्ना किसानों को भुगतान अधिकांश कर दिये गये है लेकिन कुछ चीनी मिलो ने अभी भुगतान नही किये है जिन पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसमें मुख्य रूप से बजाज चीनी मिल शामिल है।

### किसानों ने किये सवाल जवाब

सामान्य निकाय की बैठक में किसानों ने अपनी समस्यायें भी रखते हुए सवाल जवाब किये। गन्ना किसानों ने समितियो पर मिलने वाली खाद के साथ कीटनाशकों दवाओं को जबरन दिये जाने का आरोप लगाया। किसानों का कहना थी की जिस कीटनाशक की उनकी जरूरत नही है उनकों जबरन खाद के साथ दिया जाता है। इसके अलावा कुछ गन्ना किसानों ने गन्ना विभाग द्वारा दिये जाने वाले अनुदान पर सवाल उठाते हुए कहा की अधिकाश गन्ना किसानों को अनुदान की जानकारी भी नही हो पाती जिससे उनकों अनुदान का लाभ नही मिल पाता। कुछ किसानों ने सर्वे एवं सट्टा आदि का मुद्दा उठाते हुये गड़वड़ी का आरोप लगाया। इस पर राज्यमंत्री श्री गंगवार विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये की खाद की सप्लाई के साथ जबरन कीटनाशक दवाये दिये जाने वालो के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्यवाही की जाये अगर आवश्यकता पड़े तो एफ0आई0आर0 भी दर्ज करायी जाये। उन्होनें गन्ना सर्वे, अनुदान, सम्पूर्ण समाधान आदि सरकारी योजनाओं की जानकारी गन्ना किसानों को मोबाईल पर उनके वाटसऐप ग्रुप पर डाली जाये साथ ही उनकों मैसज करके अन्य प्रचार प्रसार के तरीकों को अपनाकर योजनाओं की जानकारी दी जाये।

## फास्ट फॉरवर्ड

### प्रेम विवाह करने वाले जोड़े का जीना हुआ मुहाल

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** मीरगंज थाना क्षेत्र के मोलानापुर गांव के युवक को अपने ही गांव की युवती के लिए प्रेम विवाह करना इतना महंगा साबित हो रहा है कि अब उनको जान के लाले पड़ गये हैं और अपने ही गांव में सिर छिपाने के लिये पति पत्नी शरण मांग रहे हैं। लड़की के परिजन ही उनकी जान के दुश्मन बन बैठे हैं। धमकियों से घबराये प्रेमी जोड़े ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार की हैं। बताया जाता है कि ग्राम मोलानापुर निवासी शीत बसंत चौहान के पुत्र सुनील चौहान का गांव की ही एक युवती प्रिया चौहान पुत्री लाल बहादुर चौहान से प्रेम प्रसंग लंबे समय से था। वर्ष 2015 मे दोनों प्रेमी युगल घर से भाग मुंबई चले गये और 8 दिसंबर 2015 में दोनो ने मुंबई मे ही शादी कर लिये। इस बात से लड़की के परिजन बहुत नाराज थे। इस बीच मुंबई मे रहते हुये दोनो को एक बच्चा भी हो गया और उसका नाम अयान्स है। सुनील चौहान का आरोप है की अगर मैं घर गया तो उसकी पत्नी प्रिया चौहान के पिता लाल बहादुर चौहान उसको जान से मार देंगे जबकि सुनील चौहान कई वर्षों के बाद 6अगस्त2023 को मुंबई से वापस अपने जनपद जौनपुर आ गया, लेकिन उसको डर है कि अगर घर गया तो उसकी पत्नी के पिता लाल बहादुर चौहान उसको जान से मार देंगे। इस खौफ से सुनील चौहान ने अपने परिवार के साथ क्षेत्राधिकारी मछलीशहर अतर सिंह से अपने और अपने परिवार की जान की सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं जबकि 21जुलाई 2023 माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशानुसार याचीगण को शांतिपूर्ण रहन–सहन में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न किया जाय का निर्देश न्यायालय ने दिया है।



### 'प्रशिक्षण में सीखे गुण को बच्चों के बीच खूब प्रयोग करें'

**जन एक्सप्रेस/ प्रयागराज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के निर्देशन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। प्रशिक्षण में सीखे गए टिप्स को पढ़ाई में बच्चों के बीच प्रयोग करने की सलाह दी गई। डायट प्राचार्य राजेंद्र प्रताप ने प्रक्षिक्षण लेने वाले शिक्षकों से कहा कि शिक्षण तकनीकी तभी सार्थक होगी जब पढ़ाने के दौरान बच्चों में इसका प्रयोग करें। तीन दिवसीय प्रशिक्षण विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषय पर कार्य कर रहे सहायक अध्यापकों के लिए शिक्षण विधियों पर नियोजित किया गया। प्रत्येक विषयों से सौ –सौ अध्यापक शामिल किए गए थे। प्रवक्ता श्रीमती शबनम, अमित सिंह, अखिलेश कुमार सिंह विज्ञान, अंग्रेजी और गणित विषय के नोडल एवं संदर्भदाता रहे। शिव नारायण सिंह और विपिन कुमार की प्रमुख भूमिका रही।

### आज आएंगे सांसद वरुण गांधी, कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

**जन एक्सप्रेस/ पीलीभीत।** आज सांसद वरुण गांधी जिले के भ्रमण पर आयेंगे। इस दौरान वह शहर सहित पूरनपुर व बीसलपुर ब्लॉक क्षेत्रों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के शरीक होंगे। सांसद वरुण गांधी रविवार की सुबह चार बजे दिल्ली से चलेंगे, नौ बजे खमरिया पुल पहुंचने पर कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। उसके बाद वह पूरनपुर जायेंगे जहां वह ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम वैजूनगर, विधीपुर जप्ति, इटौरिया, शिवनगर, वानगंज, ग्रंट, लालपुर, नदहा, सिसैय्या, पिपरिया ग्रामों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे तथा जनसमस्याएं सुनेंगे। शाम को 6 बजे सांसद वरुण गांधी शहर के होटल सॉलिटेयर में दैनिक अखबार अमर उजाला द्वारा आयोजित शिक्षा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शरीक होंगे। उसके बाद वह रात्रि विश्राम करेंगे। सांसद वरुण गांधी 21 अगस्त को प्रात: 8 बजे से 9 बजे के बीच शहर में वरिष्ठ पत्रकार संदीप सिंह, नवीन चतुर्वेदी, वैभव शुक्ला तथा सीनियर पत्रकार देवेंद्र देवा के घर जायेंगे और शोकाकुल परिवारों से मिलकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। उसके बाद सांसद जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु डीएम व एसपी से मुलाकात करेंगे। तत्पश्चात वह बरखेड़ा के रामपुरा नत्थू गांव में एक शोकसभा में शामिल होने के बाद बीसलपुर जायेंगे।

# अंगूरी देवी विद्यालय में किया गया मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस । राजकुमार




**पीलीभीत।** शनिवार को अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालेज पीलीभीत मे मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक की लगभग 115 छात्राओं ने अत्यन्त उत्साह से सहभागिता की। सुन्दर और आकर्षक मेंहदी की कलाकृतियों ने निर्णायिका नेहा गुप्ता व रेनू गौरी अग्रवाल का मन मोह लिया।और उन्हें निर्णय लेने में अत्यन्त कठिनाई का सामना करना पड़ा । अन्ततः उनके विवकेशील निर्णय, नीर क्षीर जैसा प्रतीक हुआ।मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा 6 में अष्टिमा, कक्षा 7 में प्रियांशी, कक्षा 8 में अवनी, कक्षा 9 में साक्षी,कक्षा 10 में कशिश, कक्षा 11 में गरिमा, कक्षा 12 में अमितेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कक्षा 6 में सिद्धि, कक्षा 7 में सिद्धि, कक्षा 8 में श्रेया, कक्षा 9 में इशिका, कक्षा 10 में लावन्या,कक्षा 11 में वैष्णो कक्षा 12 में खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।तृतीय स्थान पर निशा, अंजलि, अदिति राठौर, शिवांगी, प्रियांशी व नेहा रही। प्रतियोगिता के अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना ने निर्णायिका बहिनों को उपहार देकर आभार व्यक्त किया प्रतियोगिता का सफल आयोजन रेशू जायसवाल द्वारा किया गया।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील कलीनगर का सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की अध्यक्षता में तहसील कलीनगर का तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 26 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही 21 शिकायतों का निस्तारण किया गया। अवशेष शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढ़ंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे कि शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा शिकायत न की जा सके। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, डीएफओ, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी कलीनगर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक अधिकारी, पीओ डूडा, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक अधिशासी अभियन्ता विद्युत व तहसीलदार कलीनगर, खण्ड विकास अधिकारी पूरनपुर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन 2024 : फूलपुर से ताल ठोक सकते हैं बिहार के नीतीश और यूपी के केशव

जन एक्सप्रेस । शिवाशंकर पाण्डेय

**प्रयागराज।** मिशन 2024 के लोकसभा चुनाव में इस बार फूलपुर की लोकसभा सीट राजनीति की धुरी साबित होने जा रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य फूलपुर सीट से एक दूसरे के खिलाफ चुनावी ताल ठोक सकते हैं। अगर सब कुछ आखिरी तक ठीक ठाक रहा तो फूलपुर विश्व के सियासी नक्शे में एक बार फिर अपनी जगह बनाने जा रहा है। इंडिया बनाम एनडीए के सियासी जंग का अखाड़ा फूलपुर बन सकता है। गौरतलब है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के प्रमुख नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करीब एक सप्ताह पूर्व मीडिया में बयान देकर सियासी गर्माहट पैदा कर दी थी। कहा गया कि अगला चुनाव नीतीश कुमार यूपी के फूलपुर सीट से लड़ सकते हैं। इसके पांच दिन बाद प्रयागराज दौरे पर आए यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी यह कहकर मुद्दे को हवा दे दी कि लोकसभा का अगला चुनाव वो खुद फूलपुर से लड़ सकते हैं। सियासी क्षेत्र में यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि क्या आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इस बार फूलपुर लोकसभा सीट से एक दूसरे के आमने-सामने होने जा रहे हैं।

### नेहरू की सीट से मोदी समेत पूर्वी यूपी निशाने पर

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के प्रमुख नेता नीतीश कुमार जो कुर्मी बिरादरी से ही आते हैं, कुर्मी बिरादरी बाहुल्य क्षेत्र फूलपुर से चुनाव लड़कर कई स्तर पर सियासी संतुलन साधने का दांव चलना चाह रहे हैं। फूलपुर के बगल ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट वाराणसी है। वाराणसी का आखिरी छोर बिहार राज्य से जुड़ा है। सियासी पंडितों की मानें तो नीतीश कुमार देश की चर्चित लोकसभा सीट फूलपुर से प्रयागराज और उसके आसपास के जिले खासकर, प्रधानमंत्री मोदी की सीट, पूर्वांचल का हिस्सा को प्रभावित करने की तैयारी में हैं।



# विकास योजनाओं की समीक्षा में मिली खामियां कई बीडीओ के वेतन पर रोक, कई को नोटिस

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज -2 के कार्यों की समीक्षा में कई खामियां उजागर हुईं। कार्यों में लापरवाही पर कई खंड विकास अधिकारियों एवं एडीओ पंचायत पर शिकंजा कसा गया। कई बीडीओ के वेतन रोक दिए गए हैं तो कई ब्लॉक के कर्मचारियों को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने विकास योजनाओं की हकीकत परखी तो कई ब्लॉक में खामियां ही खामियां नजर आई। जिलाधिकारी ने असंतोष जाहिर करते हुए कई ब्लॉक के कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन लिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज -2 कार्यों की समीक्षा करते हुए व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य एवं जियो टैगिंग कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और उसका निरंतर अनुश्रवण करते रहने पर जोर दिया। शौचालय निर्माण की प्रगति धीमी पाए जाने पर एडीओ पंचायत कोरांव से स्पष्टीकरण मांगा है। एडीओ पंचायत धनपुर एवं प्रतापपुर का वेतन रोके जाने का भी निर्देश दिया। कार्यों मेल प्रवाहित पाए जाने पर श्रृंगवेरपुर के खंड विकास अधिकारी का वेतन रोक दिया। इसके अलावा मांडा और भगवतपुर के खंड विकास अधिकारी से भी स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों एवं एडीओ पंचायतों को गुणवत्ता के साथ कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कराए जा रहे कार्यों का टीम द्वारा जांच भी कराए जाने को जरूरी बताया। गांवों में ठोस एवं तरल कूड़े को इकट्ठा किए जाने के कार्यों में लापरवाही पाए जाने सहसों के भी खंड विकास अधिकारी का वेतन रोकने का निर्देश दिया। आठ पंचायत सहायकों यूपीआई तथा पांच ग्राम पंचायत अधिकारियों को लैपटॉप वितरित किए गए। चारागाहों में नेपियर घास की बुआई लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत पूरा करने तथा आयुष्मान कार्ड को भी जल्द ही बनवाये जाने पर जोर दिया है।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण में विद्यालय में छात्र नदारद

- 122 छात्र में से मात्र 22 छात्र उपस्थित मिले, अन्य कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा
- विद्यालय की सहायक अध्यापक या बिना बताए गायक वेतन रोकने का निर्देश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




पूर्व प्राथमिक विद्यालय बबुरा, विकास खंड बदलापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के अध्यापक उपस्थिति पंजिका के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापिका सपना देवी अनाधिकृत रूप से बिना किसी पूर्व सूचना के विद्यालय पर अनुपस्थित हैं एवं भूमिका त्रिपाठी सहायक अध्यापिका आकस्मिक अवकाश पर हैं। विद्यालय में कार्यरत अन्य समस्त शैक्षणिक कर्मचारी विद्यालय पर उपस्थित पाये गये। विद्यालय में कुल नामांकित छात्र संख्या 129 के सापेक्ष सिर्फ 22 छात्र उपस्थित पाये गये। विद्यालय की छात्र उपस्थित पंजिका के अवलोकन मे अनुपस्थित छात्रों की अनुपस्थित पंजिका में अद्यतन नहीं की गयी प्राप्त हुयी। शासन द्वारा विद्यालय को गत शैक्षिक सत्र 2022-23 में प्राप्त कुल 50000 के आय व्यय का विवरण विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापिका संगीता सिंह द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जा सका। निरीक्षण में विद्यालय प्रांगण बहुत ही गन्दा पाया गया। विद्यालय में छात्रों हेतु खेल-कूद सामग्री उपलब्ध पायी गयी, परन्तु सामग्री के अवलोकन से प्रतीत हुआ कि खेल-कूद सामग्री का उपयोग छात्रों द्वारा निरन्तर नहीं किया जा रहा है। मल्टीपल हैण्डवास टूटे हुये पाये गये। निरीक्षण में विद्यालय का भौतिक एवं शैक्षणिक पर्यावरण शिक्षण अनुकूल प्राप्त नहीं हुआ। प्रांगण मे अवस्थित एक कक्षा जर्जर प्रतीत होने पर प्रधानाध्यापिका को जर्जर भवन में कक्षा संचालन तत्काल बंद करने एवं प्राविधानित व्यवस्था मे अनुक्रम में आवश्यक कार्यवाही करते हुये जर्जर भवन को तत्काल ध्वस्त कराने हेतु मौके पर ही निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री पोषण अभियान के अंतर्गत विद्यालय मे मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार बना हुआ नहीं प्राप्त हुआ। विद्यालय की मध्यान्ह भोजन पंजिका अद्यतन नहीं प्राप्त हुई। निरीक्षण के दौरान विद्यालय मे प्राप्त अनियमितता के दृष्टिगत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एवं कार्यरत शिक्षकों द्वारा उ0प्र0 शासन के पत्र द्वारा टाइम एण्ड मोशन स्टडी के आधार पर शिक्षकों को विद्यालय अवधि एवं कार्य निर्धारण का अनुपालन प्राविधानित व्यवस्था के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, विद्यालय मे कार्यरत शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा यह कृत्य उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली 1956 के सर्वथा विपरीत है। अतएव उक्त के क्रम मे विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सपना सिंह का अग्रिम आदेश तक व सहायक अध्यापिका सपना देवी द्वारा अनाधिकृत रूप से बिना किसी पूर्व सूचना के विद्यालय पर अनुपस्थित रहनें के कारण निरीक्षण तिथि का वेतन अवरूद्ध करते हुये निर्देशित किया गया कि विद्यालय में प्राप्त कमियों में सुधार करते हुये साक्ष्यों सहित अपना स्पष्टीकरण सम्बंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के समक्ष उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपस्थित समस्त शैक्षणिक कर्मचारियों को छात्रों के अधिगम स्तर मे वृद्धि लाने, निपुण लक्ष्य प्राप्त करनें व विद्यालय प्रांगण एवं रसोईघर की साफ-सफाई एवं विद्यालय मे अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के उपस्थित एवं ठहराव मे वृद्धि करने तथा शासन द्वारा संचालिय योजनाओं यथा-यू-डायस्, डी0बी0टी0 आदि को ससमय पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# अगस्त क्रांति के शहीद रामदुलारे सिंह को शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

- तहसील परिसर में अंग्रेज सिपाहियों की गोली लगने से हुए थे शहीद

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




मछ्ली शहर तहशील क्षेत्र में 19 अगस्त वर्ष 1942 में अगस्त क्रान्ति के दौरान शहीद हुए रामदुलारे सिंह को उनके शहादत दिवस पर तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि दी गई। शनिवार को हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक आर्मी एवं लक्ष्मी बाई ब्रिगेड के कैडरों ने तहसील परिसर में अमर शहीद राम दुलारे सिंह को श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान लक्ष्मी बाई ब्रिगेड की ?अध्यक्ष मंजीत कौर ने कहा कि अमर शहीद रामदुलारे सिंह अपने साथ क्रांतिकारियों का हुजूम लेकर इंकलाबी नारा लगाते हुए तहसील प्रांगण में पहुंचकर अंग्रेजों भारत छोड़ो साम्राज्यवाद मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए तहसील भवन से यूनियन जैंक का झंडा उतार कर फेंका और तिरंगा फहरा दिया जिसके बाद मजिस्ट्रेट के आदेश पर राम दुलारे सिंह को गोली मार दी गई। घायल राम दुलारे सिंह को उनके साथीअपने साथ गांव ले गए । करियांव गांव में उन्होंने अपना दम तोड़ दिया। शहादत दिवस पर उनकी प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने किया। इस अवसर क्षेत्राधिकारी अतर सिंह, अजय सिंह, धरम सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, सुषमा, सरिता, आदि लोग मौजूद रहे। उधर मीरपुर तिराहे पर स्थित शहीद राम दुलारे सिंह के स्मारक पर कमला हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर आर बी चौहान द्वारा शहादत दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र सिंह ने उनके जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉक्टर आरबी चौहान राजेंद्र सिंह, टीपी त्रिपाठी, संजय सिंह, रंजीत, वंदना पटेल, शाहिद ,भाजपा मीरगंज मंडल के अध्यक्ष राम नारायण सेठतमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह ने किया।

# कानपुर के नए पुलिस कमिश्नर बने आर के स्वर्णकार



जन एक्सप्रेस। विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** आरके स्वर्णकार को कानपुर का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। वहीं इनकी जगह 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी बीपी जोगदण्ड को पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, कानपुर नगर से अपर पुलिस माहनिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ की जिम्मेदारी दी है। स्वर्णकार मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं। लंबे समय से भर्ती बोर्ड में तैनाती के दौरान उनको इनाम के तौर पर कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की तैनाती दी गई है।

### बेदाग रहे बीपी जोगदंड

सीनियर आईपीएस बीपी जोगदंड ने 1 अगस्त 2022 को कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की कमान संभाली थी। 1 साल 19 दिन का कार्यकाल पूरा करने के बाद उनका ट्रांसफर हुआ। जोगदंड के रहते हुए कानपुर में सबसे बड़ी कार्रवाई समाजवादी पार्टी के चार बार के विधायक इरफान सोलंकी पर कार्रवाई हुई। इरफान सोलंकी के खिलाफ गैंगस्टर समेत 8 मुकदमे लिखे गए और उन्हें जेल भेजा गया। करीब 100 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति सीज की गई।

### दागी पुलिस, वकील और पत्रकारों की सूची कराई तैयार

कानपुर पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने अपने कार्यकाल के दौरान कानपुर में माफियाओं का सिंडीकेट तोड़ने के लिए दागी पुलिस कर्मी, अपराधी प्रवृत्ति के वकील और पत्रकारों की सूची भी तैयार कराई है। पुलिस जल्द ही इन सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

### कानपुर पुलिस कमिश्नर

बीपी जोगदंड का एक साल का कार्यकाल बेदाग रहा। कानपुर में तैनाती के दौरान उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने के साथ ही कानपुर के लॉ एंड ऑर्डर को भी बेहतर किया। कमिश्नरी बनने के बाद कानपुर में सबसे पहले पुलिस कमिश्नर असीम अरुण फिर विजय मीणा और इसके बाद तीसरे पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड बने थे।

## हरियाली तीज पर राधा रानी की डोली राजधानी मार्ग होते हुए पहुंची दुर्गा मन्दिर

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव

हरियाली तीज को देखते हुये शुक्लागंज में राधा रानी की डोली पोनी रोड पर निकाली गई। जो पोनी रोड स्थित श्री राधा कृष्ण दुर्गा मंदिर से होते हुये राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर पहुंची। जिसके बाद श्री नगर श्याम मंदिर पहुंची। इस दौरान भक्तों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की। इस दौरान प्रसाद वितरण किया गया। वहीं मथुरा, वृंदावन की तर्ज पर गोवर्धन परिक्रमा भी की। इस मौके पर आयोजक वीरेन्द्र शुक्ला, कमल दोसर के अलावा सैकड़ों भक्त मौजूद रहे। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। आयोजकों ने बताया कि हरियाली तीज पर मथुरा वृंदावन पर तमाम कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। उसी तरह नगर में भी कार्यक्रम कराये जा रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### घर से सो रही महिला को सांप ने डंसा, मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के महाराजपुर परसन्डा गांव में घर के अंदर सो रही महिला को सांप ने डस लिया। परिजन दिन भर झाड़ फूंक कराते रहे जिसके चलते देर शाम उसकी मौत हो गयी। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महराजपुर परसंडा गांव निवासी केसन दुलारी (48) पत्नी राम किशन धोबी शुक्रवार भोरपहर घर में सोते समय सांप ने डस लिया। मामले की जानकारी होने पर परिजन उसे उपचार के लिए न ले जाकर झाड़फूंक कराते रहे जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ती रही। देर शाम उसने दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उसकी मौत पर चार बच्चों में बेटियों गोल्डी, प्रियंका, पुष्पा और बेटे दुर्गेश का रो रोकर बुरा हाल है।

### बाइकें आपस में टकराई, पांच घायल



जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव। अजगैन कोतवाली के क्षेत्र के भौली मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत नाजुक होने के चलते उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भौली गांव निवासी एक ही परिवार के पांच लोग दो बाइकों से सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गोरिन्दा पाठकपुर चाचा के यहां तेरहवीं संस्कार में गये थे। वहां से वापस आते समय भौली मार्ग स्थित रसेड़ा पुल के पास अचानक एक बाइक सामने से निकली। जिसे बचाने के लिए आगे चल रहे बाइक सवार ने ब्रेक मार दिया। जिससे तेज रफ्तार से आ रही दूसरी बाइक पीछे से भिड़ गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार माया देवी पत्नी गुरुप्रसाद, शिवकांती पत्नी बांकेलाल, किरन पत्नी मेवालाल, अनूप पुत्र बांकेलाल व कृष्णा पुत्र मनोज घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की नाजुक हालत देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। कानपुर लखनऊ हाइवे पर शुक्रवार देर रात जगदीशपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसके साथ रहे दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गोकुलखेड़ा गांव निवासी दीपक (27) गांव के ही राज राजपूत (20) और हरदोई के जाहिदपुर गांव निवासी लालू (28) के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक दीपक चला रहा था। लखनऊ कानपुर हाइवे के जगदीशपुर गांव के निकट रात करीब 10:30 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राजगीरों की सूचना पर पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाल राजकुमार ने बताया कि मृतक के पास मिले मोबाइल से सूचना परिजनों को दी गई है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### नहीं हल हो रही जाम की समस्या, शनिवार को भी लोग फंसे



जन एक्सप्रेस/बिछिया। अयोध्या में श्रावण झूला मेला और कावड़ यात्रा के चलते कानपुर लखनऊ हाईवे पर दूसरे दिन भी जाम के हालात जस के तहत बने रहे और पुलिस कड़ी धूप में पसीना बहाती रही सदर कोतवाली के गदन खेड़ा चौराहे पर रुट डायवर्जन किया गया था और दही थाना क्षेत्र के पुरवा मोड़ पर डायवर्जनकिया गया था ताकि मोहन लाल गंज होते हुए भारी वाहन निकल जायेंगे जिसके चलते गुरुवार देर रात से ही जाम लगना शुरु हो गया जिसमें पुलिस के पसीने छूट गए उसी तरह शुक्रवार को भी देर रात से ही जाम के हालात और शनिवार देर शाम तक हाइवे पर जाम के हालात बने रहे जिसमें लोग फंसे रहे करीब 24 घंटे से जाम जैसे हालात बने हुए है। दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया की डायवर्जन के कल से आज जाम कम रहा है।

### चंपापुरवा, तेजीपुरवा, कर्बला समेत कई मुहल्ले जलमग्न

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि शुक्रवार शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 112.910 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद शनिवार को 112.970 मीटर तक तक पहुंच गया। जो खतरे के निशान 113 मीटर से 3 सेंटीमीटर दूर है। वहीं चंपापुरवा, तेजीपुरवा, कर्बला, सैय्यद कम्पाउंड, कर्बला, हुसैन नगर, मोहम्मद नगर के अलावा रविदास नगर, श्री नगर के मालवीय नगर के आदि मोहल्लों के सैकड़ों मकान जलमग्न है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी भीषण जलभराव हो गया है। अधिकांश लोग पलायन कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गये हैं। वहीं जिन मोहल्लों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं प्रशासन की ओर से जिन मोहल्लों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। वहां पर अब तक तेरह नावें लगवाई गई हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी पहुंच रहा है। इसके अलावा स्टेडियम पुलिया से भी पानी पहुंचने पर यहां के लोगों को मुसीबतें उठानी पड़ रही है।

### दबंग ने कार में टक्कर मारने के बाद की मारपीट

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गोपीनाथ् पुरम निवासी अनुराग बाजपेई की पत्नी ऋचा ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि गुरूवार रात उनके जेठ अमन बाजपेयी और जेठानी शिवानी एक रेस्टोरेंट में खाना खाने जा रहे थे, तभी आरोप है कि अंबिका पुरम निवासी विजित दीक्षित ने अपनी कार से टक्कर मार दी। विरोध करने पर वह मारपीट करने लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## तालाब पर मछली मारने गया युवक डूबा, मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गोसाईखेड़ा निवासी आशू रावत(35) की शनिवार शाम तालाब में डूबने से मौत हो गई। स्थानीय लोगो की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचें और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनो ने बताया कि तीन भाइयों में आशू बड़ा था उसकी पत्नी व आठ माह का बच्चा है। मृतक को मिर्गी की बीमारी थी जिसका लंबे समय से लखनऊ में इलाज चल रहा था। शनिवार को बगैर बताए मछली का शिकार करने तालाब पर गया था। इस दौरान मिर्गी का दौरा पड़ने पर तालाब में डूब गया है जिससे मौत हो गई। पुलिस टीम ने ने मौके से काटा आदि बरामद किया है। युवक मजदूरी का कार्य करता था।

## बिल्हौर ब्लाक के न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर



बिल्हौर ब्लॉक के संविलियन विद्यालय खड़ामऊ में बीते दिन शुक्रवार को न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बरंडा न्याय पंचायत के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया एवं खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में दमखम दिखाया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में खाड़ामऊ के वारिस और बालिका वर्ग में खाड़ामऊ की मेहनाज प्रथम स्थान पर रही, वहीं जूनियर स्तर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में संविलियन विद्यालय बरंडा के आदित्य कुमार और हिलालपुर की मुस्कान प्रथम स्थान पर रही। वहीं आयुषी बरांडा द्वितीय स्थान पर रही। गोला फेंक जूनियर स्तर में अभिजीत संविलियन बरंडा प्रथम स्थान पर रहे। खो-खो एवं कबड्डी बालक एवं बालिका वर्ग संविलियन विद्यालय बरंडा के खिलाड़ी प्रथम स्थान पर रहे। लंबी कूद में बरंडा के गुलशन एवं बालिका वर्ग में महनाज खड़ामऊ प्रथम स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग लंबी कूद बालक वर्ग में जान मोहम्मद खाड़ामऊ एवं बालिका वर्ग में मुस्कान यूपीएस लालपुर प्रथम स्थान पर रहे। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में संकुल बरंडा के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षकों अरविंद किशन, संध्या कटियार, पुष्पेंद्र, मोहम्मद शमी, आलोक कुमार, मोहम्मद अरगून, उमेश चंद्र, अली अहमद विद्या देवी,सरोज, हिना वर्मा, रंजना, सायरा बानो आदि ने सुचारू ढंग से प्रतियोगिता संपन्न कराई। मुख्य अतिथि के रूप में एआरपी राधा मोहन कुशवाहा उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर संविलियन विद्यालय कमसान में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें न्याय पंचायत के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्राथमिक स्तर 50 मीटर दौड़ प्रतियोगिता बालिका वर्ग में प्रिया प्रथम स्थान संविलियन विद्यालय अलियापुर, एवं 200 मीटर में तान्या औरंगपुर सांभी प्रथम स्थान, बालक वर्ग 50 मीटर में अतुल प्रथम स्थान संविलियन विद्यालय कमसान,100 मीटर अतुल संविलियन विद्यालय अलियापुर, 200 मी आयुष कमसान, लंबी कूद मीना प्रथम स्थान अलियापुर, मोहम्मद साहिल प्रथम स्थान यूपीएस बैड़ी अलीपुर, कबड्डी में संविलियन विद्यालय अलियापुर बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया गोला फेंक,चक्का फेंक, खो-खो इत्यादि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। खेल का शुभारंभ कमसान विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद फारूक ने किया एवं तेज बहादुर,सुरेश यादव, दीप्ति सिंह, प्रमिला, रश्मि यादव, नितेंद्र कुमार,यदुनाथ सिंह, समीर रंजन आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## जल शक्ति मंत्री ने समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



**सोहरामऊ।** बीते दिन उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री एवं भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह का आगमन हुआ। इस दौरान नवाबगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं वर्तमान जिला सहकारी बैंक चेयरमैन अरुण सिंह के आवास पर ब्लॉक के सभी समीक्षा अधिकारियों के समक्ष ब्लॉक की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए एवं नलकूप द्वारा पानी पहुंचाने को लेकर कड़ाई से अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के साथ वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार,महामंत्री नूतन सिंह,जिला कोषाध्यक्ष मनीष जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष केके वर्मा,एवं उत्तर प्रदेश व्यापारी संगठन के शहर एवं शुक्लागंज अध्यक्ष अमित मिश्रा पूर्व प्रधान विजय विमल,प्रधान पवन शर्मा,समाजसेवी राहुल राजपूत,मनोज पांडे प्रधान कुसुम्भी मदन सिंह प्रधान ,आशीष सिंह बूथ अध्यक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



### राज्य कर विभाग में कार्यरत अनुज शुक्ला बने मिशाल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

राज्य कर विभाग में कार्यरत अनुज शुक्ला को एचडीएफसी एटीएम के ब्लाक किदवई नगर में अपना पैसा निकालते समय दस हजार रुपए एटीएम मशीन में पड़े मिले। जिसे उन्होंने अपने पास सुरक्षित रख शनिवार सुबह एचडीएफसी बैंक के ब्लॉक किदवईनगर में जाकर जमा कराकर ईमानदारी की मिसाल पेश की। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के ज़िलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी व कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अवस्थी ने अनुज़ शुक्ला की ईमानदारी व उत्कृष्ट कार्य के लिए बी.एन.सिंह योद्या सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## कुदौरा ग्राम सभा के 50 वर्षों पुराने कब्जेदारों को हटा रहा है भूमाफिया



जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के कुंदौरा ग्राम सभा के रहमतपुर गांव निवासी नरेश पुत्र छोटे, रामदास पुत्र तुलसीराम, शिवराम पुत्र हेतराम, राहुल कुमार पुत्र होरीलाल, उषा देवी पत्नी होरीलाल, जगदीश पुत्र अग्नू, राजबहादुर पुत्र भारत आदि ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बुजुर्गी मकान व कब्जा को गिराने और निकालने की धमकी देता है भू माफिया उन्होंने बताया कि लखनऊ इटावा राजमार्ग के किनारे ब्रह्मदेव के समीप गाटा संख्या 86 में बने हुए मकानों/कब्जेदारों को बिरिहाना गांव निवासी उपेन्द्र कटियार उर्फ नन्हू पुत्र राधाकृष्ण ने गाटा संख्या 84अ और 84 ब की जमीन को खरीद ली है। इसलिए उक्त व्यक्ति मुख्य मार्ग के किनारे फ्रंट पर आने के लिए हम गरीब ग्रामीणों की झोपड़ी आदि गिराना चाहता है और मां बहन व जाति सूचक गालियां प्रतिदिन आकार देता है और कहता है जल्द यहां से कब्जा खाली कर दो वरना जान से मार देंगे उन्होंने बताया कि हमने वहां पर कई कीमती पेड़ भी लगा रखे हैं जो बहुत मोटे-मोटे हो गए। कुंदौरा ग्राम सभा की प्रधान चेतन देवी ने भी अपने लेटर पैड पर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र पेश किया है कि इनका कब्जा बुजुर्गी है हटाया ना जाए।

## बांध बनना जरूरी तभी बच सकेंगे गंगा किनारे बसे गांव

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**शुक्लागंज।** गंगा के किनारे बसे कई गांवों के हजारों लोगों की सुरक्षा को देखते हुये शुक्लागंज पुराने पुल से लेकर जाजमऊ पुल तक मार्जिनल बांध पास कराया गया था। केन्द्र सरकार से एनओसी जारी कराई। इसके बावजूद प्रदेश सरकार ने ध्यान नहीं दिया। जिससे आज हजारों ग्रामीण बाढ़ का दंश पिछले कई सालों से झेलते चले आ रहे हैं। इधर उन्नाव शारदा नहर की रिपोर्ट पर प्रदेश सरकार ने यह कहते हुये योजना रद कर दी कि कटान अब नहीं होगा और मॉर्जिनल बांध की कोई जरूरत नहीं है। जबकि बाढ़ के समय में कई कच्चे पक्के मकान गंगा में कट कर समां चुके हैं। यह बात शनिवार को प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व विधायक रामकुमार एडवोकेट ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। शुक्लागंज पुराने यातायात पुल से लेकर जाजमऊ चंदन घाट तक मॉर्जिनल बांध बनाने के लिये दस साल पहले तत्कालीन सदर विधायक ने केन्द्र और राज्य सरकार को पत्र भेजा था। केन्द्र सरकार ने मंजूरी दी पर राज्य सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया। केन्द्रीय जल आयोग द्वारा वर्ष 2014 में 14567.21 लाख से गंगा के किनारे 4.450 मीटर बांध बनाये जाने की संस्तुति दी गई। कई बार केन्द्र, राज्य व शरदा नहर के अधिकारियों को पत्राचार भी किया गया गया लेकिन अभी तक फाइल पर कोई काम नहीं किया गया।



प्रतीकात्मक फोटो

## अकबर अली उर्फ चिंगारी पर लगा गैंगस्टर

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। मनोहर नगर निवासी अकबर अली उर्फ चिंगारी पर अजगैन थाने में कई मुकदमें दर्ज हैं। जिस पर वहां की पुलिस ने उसे गैंगस्टर में निरूद्ध किया है। शुक्रवार शाम जिला प्रशासन के निर्देश पर नायब तहसीलदार तनवीर हसन, नायब तहसीलदार बिछिया अविनाश चौधरी, इंस्पेक्टर गंगाघाट चंद्रकांत सिंह, इंस्पेक्टर अजगैन राजकुमार फोर्स के साथ मनोहर नगर पहुंचे और कुर्की की कार्यवाही करने लगे, तभी चिंगारी के छह भाई आ गये। जहां उन्होंने बताया कि वह परिवार के साथ रहते हैं। जिस पर अधिकारियों ने जांच कर कुर्की करने की बात कहकर कार्यवाही टाल दी।

## अधेड़ महिला का संदिग्ध हालातों में गहरे गड्ढे में पड़ा मिला शव

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

- पति ने हत्या कर शव फेंके जाने की कही बात
- बीती रात दवा लेने की बात कह घर से निकली थी मृतका
- रात भर घर न पहुंचने पर परिजन कर रहे थे खोजबीन

15 दिन पूर्व जेल भेजे गए किशोरी के अपहरण के आरोपी की मां का शव शनिवार सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। मृतका के पति ने हत्या की बात कही है हलांकि पुलिस इसे हादसा ही मान रही है। घटना को लेकर ग्रामीणों में चर्चाओं का बाजार गर्म है।
पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तलहौरी गांव निवासी शीला (55) पत्नी सज्जनलाल शुक्रवार रात तकरीबन आठ बजे पड़ोसी गांव भगतखेड़ा में दवा लेने जाने की बात कह कर घर से निकली थी। काफी देर तक जब वह नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन कोई पता नहीं चला। शनिवार सुबह भगतखेड़ा-तलहौरी मार्ग पर पंचायत भवन के पास लगभग 10 फीट गहरे गड्ढे में शीला का शव पड़ा देख ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। मृतका के पति सज्जनलाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सज्जन लाल का कहना है कि उसका बेटा पवन गांव की एक किशोरी को अगवा करने के मामले में आरोपी था। 15 दिन पहले पुलिस ने इस मामले में जेल भेजा था। बेटे के जेल जाने के बाद से शीला परेशान थी। उसे छुड़ाने के लिए हर रोज किसी से मुलाकात कर बेटे की जमानत में मदद की गुहार लगा रही थी। सज्जनलाल ने पत्नी की हत्या कर शव गड्ढे में फेंके जाने की बात कही है। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, पिता पुत्र की मौत

- बेटी के घर से त्योहारी देकर लौटते समय हुआ हादसा
- मौरावां थाना क्षेत्र के कल्याखेड़ा मोड़ के पास की घटना





मृतक सत्यम का फाइल फोटो व पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिजन।

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

मौरावां थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन से बचने के प्रयास में अनयंत्रित हुई बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार पिता पुत्रों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने दोनों को मौके से उठा कर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों को सूचना देते हुए पुलिस ने शवों को मोर्चरी भिजवा दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के वक्त बाइक सवार अपने बेटे के साथ विवाहित बेटी को त्योहारी देकर लौट रहा था।
बिहार थाना क्षेत्र के पकराखुर्द भदिहा गांव निवासी गणेश (45) पुत्र स्व. जगमोहन खेती किसानी करता था। उसकी इकलौती बेटी शीला की शादी मौरावां थाना क्षेत्र के लोहरामऊ गांव निवासी रामदयाल से एक वर्ष पूर्व हुई थी। सोमवार को नागपंचमी (गुड़िया) के पर्व को ध्यान में रखते हुए वह शनिवार को सबसे छोटे बेटे सत्यम (12) के साथ बेटी की ससुराल में त्योहारी देने गया था। वहां से लौटते समय कल्याणखेड़ा और अकोहरी गांव के बीच सामने आ रहे तेज रफ्तार भारी वाहन से बचने के प्रयास में उसकी बाइक अनियंत्रित हो गयी और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिता पुत्र दोनों बुरी तरह लहू लुहान होकर वहीं बेसुध हो गए। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने दोनों को स्वास्थ्य केंद्र पहुचांया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। उनके पास से बरामद मोबाइल के जरिए परिजनों को जानकारी देते हुए पुलिस ने शवों को मोर्चरी भिजवाया। बाप बेटे की एक साथ मौत का समाचार गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे के साथ पति की मौत की खबर से बुधाना बेहाल है। मृतक गणेश के तीन बेटे रोहित, रूपेश और सत्यम थे। हादसे ने सत्यम की भी जिंदगी निगल ली। पांच वर्ष पूर्व दूसरे नंबर के बेटे रूपेश की दीवाल गिरने की घटना में मौत हो चुकी है।

## दही पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

- तीन शातिर गिरफ्तार, चोरी की 21 बाइकें व एक कार हुई बरामद

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



पुलिस लाइन सभागार में जानकारी देते एएसपी शशि शेखर सिंह

दही पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से बड़े अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की 21 बाइकें व एक कार बरामद की है। बरामद गाड़ियां जिले समेत पड़ोसी जनपदों से चोरी की गयी हैं। तीनों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस लाइन सभागार में पुलिस की इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए एएसपी शशि शेखर सिंह ने बताया कि दही एसओ अनुराग सिंह उप निरीक्षक शशिकांत दुबे व हमराह सिपाहियों के साथ पुरवा मोड़ पर शुक्रवार को वाहन चेकिंग कर रहे थे। एक बाइक पर सवार अंकित पुत्र स्व. प्रताप नरायण वर्मा निवासी बंथर थाना अचलगंज व रंजीत उर्फ घसीटे पुत्र स्व. सुरेश निवासी दयालखेडा कोतवाली सदर और एक आल्टो कार पर सवार पूरन पुत्र स्व. पीताम्बर निवासी गांव सलारीखेड़ा कोतवाली बांगरमऊ को रोक कर वाहनों के कागजात मांगे गए तो वे नहीं दिखा सके। शंका होने पर जब उन्हें थाने लाकर पूछताछ की गयी तो उन्होंने स्वयं के वाहन चोर होने की बात स्वीकार और बताया कि चोरी के वाहनों को बेचने की बात करने के लिए लखनऊ जा रहे थे। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने पुरवा मोड़ के निकट स्थित पावर हाउस के पीछे बबूल के जंगल से चोरी की 20 अन्य बाइकें बरामद की। वाहन चोरों ने पुलिस को सभी बाइके जनपद व पड़ोसी जनपदों लखनऊ व कानपुर से चोरी करने की बात स्वीकार की है। पकड़े गए तीनों शातिर किस्म के अपराधी हैं पूरन व रंजीत पर कानपुर लखनऊ समेत जनपद के अलग अलग थानों 12-12 अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। जबकि अंकित पर छह मुकदमें दर्ज हैं। तीनों शातिरों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## जी20 : डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्रियों की बैठक में पीएम मोदी बोले

# जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंची

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगलूरू में चल रहे जी-20 डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्रियों की बैठक को वर्चुअली संबोधित किया। पीएम मोदी ने शनिवार को अपने संबोधन के दौरान कहा कि आज भारत में 85 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं जो दुनिया में सबसे सस्ती डाटा लागत का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एक सुरक्षित और समावेशी समाधान पेश करता है।

### भारत समाधानों के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला

पीएम मोदी ने कहा, डिजिटल कौशल की क्रॉस कंट्री तुलना की सुविधा के लिए रोडमैप विकसित करने के आपके प्रयासों का स्वागत है। उन्होंने कहा, भारत समाधानों के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है। साथ ही उन्होंने कहा कि जो उपाय देश में सफल साबित होते हैं उन्हें कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों से कहा कि भारत दुनिया के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार है।

### जन धन खाते, आधार और मोबाइल फोन ने वित्तीय लेनदेन में क्रांति लाई

पीएम मोदी ने कहा, हमने शासन को और अधिक कुशल, समावेशी, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए तकनीक का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि जन धन खाते, आधार और मोबाइल फोन ने वित्तीय लेनदेन में क्रांति ला दी है। उन्होंने कहा, भारत एक विविधतापूर्ण देश है। हमारी दर्जनों भाषाएं और सैकड़ों बोलियां हैं। यहां दुनिया के सभी धर्मों के लोग रहते हैं और असंख्य सांस्कृतिक प्रथाओं का पालन होता है। भारत में प्राचीन परंपराओं से लेकर आधुनिक तकनीक तक, हर किसी के लिए कुछ न कुछ है।' पीएम मोदी ने आगे कहा, इंटरनेट के लिए 45 फीसदी से अधिक वैश्विक रियल टाइम भुगतान भारत में होते हैं। कोविड पोर्टल ने भारत के टीकाकरण अभियान का समर्थन किया और इसने 200 करोड़ लोगों तक वैक्सीन पहुंचाने में मदद की। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचान में मदद मिली और इसकी मदद से सरकार ने 33 अरब डॉलर से ज्यादा की बचत की। हम 'भाषिनी' नाम का एक एआई-संचालित भाषा अनुवाद प्लेटफार्म बना रहे हैं। यह भारत में सभी विविध भाषाओं में डिजिटल समावेशन का समर्थन करेगा।

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम मोदी

दक्षिण अफ्रीका अगले सप्ताह 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए 22 से 24 अगस्त तक दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में रहेंगे। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स के पांच सदस्य देश हैं, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक चौथाई हिस्सेदारी रखते हैं। जोहान्सबर्ग में 22-24 अगस्त को होने वाला शिखर सम्मेलन 2019 के बाद पहली बार सभी नेता एक मंच पर बैठेंगे। 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका द्वारा की जा रही है। 22-24 अगस्त के बीच यह सम्मेलन जोहान्सबर्ग में होगा। इस वर्ष का विषय 'ब्रिक्स और अफ्रीका' रखा गया है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने ब्रिक्स देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के शामिल होने की पुष्टि की है। यह कोरोना महामारी और उसके बाद के वैश्विक प्रतिबंधों के उभरने के बाद व्यक्तिगत रूप से आयोजित होने वाला पहला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होगा। प्रधानमंत्री मोदी शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए 22 से 24 अगस्त तक जोहान्सबर्ग में रहेंगे। यहां चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से उनकी मुलाकात तय मानी जा रही है।



## मणिपुर हिंसा के बाद म्यांमार गए 212 मैतेई वापस लौटे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मणिपुर हिंसा के बीच जान बचाने के लिए म्यांमार में शरण लेने वाले 212 मैतेई लोग वापस मणिपुर आ गए हैं। 3 मई को मोरे गांव में हिंसा के बाद ये लोग म्यांमार चले गए थे। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने सोशल मीडिया साइट एक्स (पुराना नाम ट्विटर) पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी लोगों के लौट आने पर राहत और कृतज्ञता महसूस कर रहा हूं। बीरेन सिंह ने आगे कहा कि सभी लोगों को वापस लाने में भारतीय सेना ने समर्पण भाव दिखाया। मैं ईस्टर्न कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता, 3 कॉर्प्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल एचएस साही और 5 असम राइफल्स के कमांडिंग अफसर राहुल जैन को उनकी दृढ़ सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं।

## जयराम रमेश ने जी 20 सम्मेलन को लेकर सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



अगले कुछ दिनों में जी20 देशों का शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है। हालांकि ये वैश्विक सम्मेलन भी राजनीति से अछूता नहीं रह सका है। बता दें कि कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर जी20 शिखर सम्मेलन के बहाने चुनावी कार्यक्रम चलाने का गंभीर आरोप लगा दिया है। कांग्रेस का आरोप है कि महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने इसे लेकर ट्वीट किया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट कर केंद्र सरकार पर जी20 सम्मेलन के बहाने राजनीति करने और चुनावी कार्यक्रम चलाने का आरोप लगाया है। जयराम रमेश ने लिखा कि जी20 का गठन 1999 में हुआ था। 19 देश और यूरोपीयन यूनियन इसके सदस्य हैं। इसके गठन से लेकर अब तक 17 देशों में बारी-बारी से जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ है और अब भारत का नंबर है।

### जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश

जयराम रमेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि 'यहां इसे लेकर जिस तरह से चुनावी कैंपेन चलाया जा रहा है और माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है, वैसा किसी दूसरे देश में नहीं हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा कि अन्य जरूरी मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए ऐसा किया जा रहा है।'

### कांग्रेस ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

इसके बाद कांग्रेस नेता ने कांग्रेस सरकार में हुए आयोजनों का उदाहरण देते हुए कहा कि 'हमें याद रखना चाहिए कि इसी नई दिल्ली में 1983 में 100 से अधिक देशों का गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन और उसके बाद कॉमनवेल्थ देशों का शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित हो चुका है, लेकिन तब की सरकार ने चुनावी फायदे के लिए उन मौकों का इस्तेमाल नहीं किया।' पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए जयराम रमेश ने लिखा कि '5 अप्रैल 2014 को उन्होंने नरेंद्र मोदी को एक शानदार इवेंट मैनेजर बताया था। जनता का ध्यान भटकाने के लिए प्रधानमंत्री इवेंट मैनेजमेंट ही कर रहे हैं।

## ग्वालियर में उदयपुर-खजुराहो एक्सप्रेस के इंजन में आग लगी, पांढुर्णा रेलवे स्टेशन के पास तेलंगाना एक्सप्रेस की पैंट्री कार से भी लपटें उठीं




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। छिंदवाड़ा/ग्वालियर**

उदयपुर से खजुराहो जा रही 19666 उदयपुर-खजुराहो एक्सप्रेस के इंजन में ग्वालियर के सिथौली रेलवे स्टेशन के पास आग लग गई। लोको पायलट ने ट्रेन को सिथौली के पास रोककर कंट्रोल रूम को सूचना दी। आग बुझा ली गई है, इंजन को चेंज किया जा रहा है। इससे पहले नई दिल्ली से हैदराबाद जा रही 12724 तेलंगाना एक्सप्रेस ट्रेन में शनिवार सुबह आग लग गई। ट्रेन छिंदवाड़ा के पांढुर्णा रेलवे स्टेशन से नागपुर की ओर जा रही थी। पांढुर्णा के 1 किलोमीटर बाद पैंट्री कार से धुआं और लपटें उठती देखी गईं। ट्रेन को रोककर यात्रियों को नीचे उतारा गया। आग बुझाई गई, इसके बाद इसे आगे के लिए रवाना किया गया।

### पैंट्री कार के ब्रेक जाम होने से लगी आग

तेलंगाना एक्सप्रेस 18 अगस्त की शाम 4 बजे नई दिल्ली से हैदराबाद के लिए चली। भोपाल होते हुए 19 अगस्त की सुबह 10 बजे पांढुर्णा रेलवे स्टेशन से गुजरी थी। पांढुर्णा स्टेशन मास्टर एसके मिश्रा ने बताया कि ट्रेन की पैंट्री कार के चक्के में आग लगी थी। रेलवे ट्रैक के किनारे से गुजर रहे लोगों ने स्टेशन पर फोन कर इसकी जानकारी दी। तत्काल वॉकी-टॉकी के जरिए लोको पायलट और गार्ड से बात कर ट्रेन रुकवाई गई। आग ब्रेक जाम होने की वजह से लगी थी। आधे घंटे में आग को बुझाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

## डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका, जॉर्जिया चुनाव नतीजे पलटने के मामले में करेंगे आत्मसमर्पण

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन**



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चुनाव नतीजे पलटने के मामले में फुलटन काउंटी जेल में अगले हफ्ते आत्मसमर्पण कर सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप और 18 अन्य आरोपियों पर साल 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान जॉर्जिया के चुनाव नतीजों को पलटने की कोशिश का आरोप है। सोमवार को इस मामले में आरोप तय किए गए और 25 अगस्त तक ट्रंप समेत सभी आरोपियों को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है।

### राष्ट्रपति चुनाव की पहली बहस से रह सकते हैं नदारद

डोनाल्ड ट्रंप अगले साल होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से प्रमुख उम्मीदवार हैं। बुधवार को राष्ट्रपति चुनाव की पहली डिबेट होनी हैं। अब जॉर्जिया चुनाव नतीजों को पलटने के मामले में आत्मसमर्पण करने के चलते हो सकता है कि ट्रंप इस पहली डिबेट में शामिल ना हो सकें। ऐसी खबरें हैं कि ट्रंप डिबेट में शामिल होने के बजाय एक ऑनलाइन इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। हालांकि अभी तक कुछ भी तय नहीं है। कई मामले दर्ज होने के चलते डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। बता दें कि ट्रंप चार आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं और इन मामलों में उन पर कुल 91 आरोप लगे हैं।

## लॉस एंजेलिस में भीषण चक्रवात की चेतावनी

### मौसम विशेषज्ञों ने जताई भारी नुकसान की आशंका

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



डाउनटाउन लॉस एंजिल्स सहित दक्षिण कैलिफोर्निया को भारी तूफान की चेतावनी दी गई है। मीडिया सूत्रों के अनुसार एक शक्तिशाली श्रेणी-4 का तूफान प्रशांत महासागर से होते हुए मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका की तरफ बढ़ता हुआ देखा गया है। राष्ट्रीय चक्रवात केंद्र ने जानकारी दी कि चक्रवात हिलेरी रात आठ बजे तक मैक्सिको के बाजा कैलिफोर्निया पेनिनसुला से केवल 300 मीटर दूर था। मौसम विशेषज्ञों ने इस चक्रवात के कारण बाजा और दक्षिणी-पश्चिमी क्षेत्रों में काफी नुकसान होने की आशंका जताई है। अगले 36 घंटे तक कैलिफोर्निया-मैक्सिको की सीमा से लेकर सांता मोनिका क्षेत्र (कैटालिना द्वीप) में तूफान की स्थिति बनी रहेगी। चक्रवात केंद्र ने कहा, चक्रवात हिलेरी के कारण 130 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली है। 39 मील प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चलने वाली हवाओं का नाम रखा जाता है, लेकिन ये हवाएं जब 74 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चलने लगे तो तूफान का नाम ले लेती है। वहीं 111 मील प्रति घंटे से चलने वाली हवाओं को चक्रवात कहा जाता है। इस तूफान के कारण लॉस एंजिल्स में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम को पुनर्निर्धारित किया गया है। हिलेरी चक्रवात के कारण बाजा, कैलिफोर्निया में छह इंच तक बारिश होगी जो रविवार को बढ़कर 10 इंज तक होगी। तूफान के कारण तेज हवाएं चलेगी।

## गुजरात में 9 दिन में 1400 करोड़ का स्कैम

### कांग्रेस ने दानी डाटा ऐप पर सवाल उठाए, पूछा, चीनी नागरिक घोटाला कर गया, सरकार ने क्या किया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस ने गुजरात में फुटबॉल बेटिंग ऐप से 1400 करोड़ रुपए के स्कैम मामले पर भाजपा सरकार से जवाब मांगा है। विपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के राज्य में चीनी घुसपैठ हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं उनकी जानकारी के बिना देश में कुछ भी नहीं होता है। या तो पीएम को पता नहीं था कि क्या हो रहा है या फिर उन्होंने सब कुछ जानते हुए भी अपनी आंखें और कान बंद कर लिए। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस ऐप का मास्टरमाइंड चीन के शेन्जेन का रहने वाला वू उयानबे है। वह 2020 से 2022 के बीच भारत में था। गुजरात के पाटन और बनासकांठा जिलों में रहने के दौरान उसने अपने साथियों के साथ मिलकर दानी डाटा नाम से सट्टेबाजी ऐप लॉन्च किया था। इसके बाद सिर्फ 9 दिन में 1200 लोगों के साथ 1400 करोड़ की ठगी को अंजाम दिया। वहीं, कांग्रेस ने भाजपा पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया।

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की मांग की

दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा, यह उस समय की घटना है, जब पीएम मोदी चुनाव प्रचार के लिए अक्सर गुजरात जाया करते थे। आखिर उस समय पुलिस क्या कर रही थी? वह पाकिस्तान की सीमा से सटे संवेदनशील शहरों में कैस रह रहा था? कांग्रेस का दावा है कि यह मामला 4,000 करोड़ रुपए के घोटाले का है। खेड़ा ने बताया कि इस ऐप का पुलिस भी प्रचार कर रही थी। इसलिए केंद्र सरकार को श्वेत पत्र जारी कर देश के लोगों को इसका जवाब देना चाहिए।

## रतन टाटा को उद्योग रत्न अवार्ड से किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस ने उद्योगपति रतन टाटा के आवास पर पहुंचकर उन्हें उद्योग रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। बता दें कि रतन टाटा अपने खराब स्वास्थ्य के कारण पुरस्कार समारोह में भाग नहीं लेंगे। दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को उनके आवास पर उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित करने पहुंचे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि देश के लिए रतन टाटा और टाटा समूह का बहुत बड़ा योगदान है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से दिए गए इस पुरस्कार को स्वीकार करने के लिए मैं उन्हें (रतन टाटा) धन्यवाद देता हूं। महाराष्ट्र सरकार ने बीते 28 जुलाई को दिग्गज उद्योगपति और टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा को पहला 'उद्योग रत्न' अवार्ड देने की घोषणा की थी। राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने यह जानकारी दी थी। सामंत ने गुरुवार को राज्य विधान परिषद में बताया कि युवा उद्यमी, महिला उद्यमी और मराठी उद्यमी के लिए भी अवार्ड दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार की तरह, जो विशिष्ट व्यक्तियों को दिया जाता है, राज्य सरकार ने रतन टाटा को उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया है।÷ उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार और उद्योग मंत्री की एक समिति ने बैठक की थी, जिसमें यह फैसला लिया गया।

**रिपोर्ट** फसल बीमा का 70 प्रतिशत क्लेम एमपी-राजस्थान और महाराष्ट्र ने लिया, यहीं सबसे ज्यादा फसलें बर्बाद हुईं

# किसानों को 3 साल में 41 हजार करोड़ रुपए मिले

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में मौसम की सबसे ज्यादा मार 3 राज्यों (मप्र, राजस्थान और महाराष्ट्र) पर पड़ रही है। 2019-20 से 2021-22 के बीच इन तीन राज्यों ने कुल 41,824 करोड़ रु. का फसल बीमा क्लेम लिया, जबकि इसी दौरान पूरे देश में 59,429 करोड़ का क्लेम दिया गया, यानी 70त्न हिस्सेदारी इन्हीं तीन राज्यों की रही। केंद्र सरकार ने लोकसभा में ये आंकड़े सामने रखे हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड इनवायरमेंट (सीएसई) का कहना है कि फसलें बर्बाद होने की सबसे बड़ी वजह है- एक्सट्रीम वेदर यानी प्रतिकूल मौसम। इस साल फरवरी महीना देश में 122 साल के इतिहास का सबसे गर्म रहा। एक साल पहले यानी 2022 की जनवरी 122 साल के इतिहास की सबसे ठंडी थी।



### मध्य प्रदेश के किसानों ने लिया सबसे ज्यादा क्लेम

क्लेम लेने में मध्य प्रदेश के किसान (16,658 करोड़) पहले, राजस्थान (12,714 करोड़) दूसरे और महाराष्ट्र (12,452 करोड़) तीसरे नंबर पर हैं। 2021-22 में फसल बीमा के लिए सबसे ज्यादा क्लेम महाराष्ट्र (4,374 करोड़ रुपए) के किसानों को दिया गया। मगर 2019-20 में महाराष्ट्र के 1,320 करोड़ रुपए के मुकाबले मध्य प्रदेश को 7,781 करोड़ रु. का क्लेम दिया गया था।

### यूपी-गुजरात को सबसे कम फसल बीमा क्लेम देना पड़ा

- **यूपी:** 46 लाख किसानों ने 35 लाख हेक्टेयर फसल का 16,743 करोड़ रुपए का बीमा 1304 करोड़ प्रीमियम देकर कराया। 1,092 करोड़ रुपए का क्लेम लिया।
- **गुजरात:** 24 लाख किसानों ने 29.43 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का 16,143.17 करोड़ का बीमा 3,614 करोड़ रुपए. प्रीमियम देकर करवाया था, लेकिन 112 करोड़ रुपए का ही क्लेम मिला।
- **तेलंगाना:**10.33 लाख किसानों ने 11.34 लाख हेक्टेयर का 8,459 करोड़ का बीमा 880.75 करोड़ में कराया। कोई क्लेम नहीं मिला।

### राजस्थान में 2021 में 20 लाख हेक्टेयर फसल खराब हुई

मप्र में नवंबर तक 273 दिनों में 198 दिन प्रतिकूल मौसम रहा। राजस्थान की बात करें तो 2021 में सूखे और बाढ़ दोनों की ही स्थितियां बनीं। इससे 20 लाख हेक्टेयर में खड़ी फसलें खराब हुईं। 2022 में जून-सितंबर के बीच यानी पूरे बारिश के सीजन में महाराष्ट्र में 80 दिन प्रतिकूल मौसम रहा। महाराष्ट्र सरकार का मानना है कि 5 साल में राज्य में 7 हजार करोड़ रु. की 3.6 करोड़ हेक्टेयर फसलें बर्बाद हो चुकी हैं।

### एमपी में कंपनियों ने 57 प्रतिशत ज्यादा तक क्लेम भरा



मध्यप्रदेश में 2019-20 के दौरान 78.92 लाख किसानों ने 1.12 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र का 32,030 करोड़ रु. का बीमा 3,758 करोड़ रु. के प्रीमियम में कराया। 6,195 करोड़ रु. क्लेम लिया। हालांकि, प्रीमियम के लिए किसानों ने सिर्फ 629 करोड़ दिए, बाकी सरकार ने भरे। 2019-20 में राजस्थान के 85 लाख किसानों ने 967 लाख हेक्टेयर जमीन के लिए 34,909 करोड़ रुपए का बीमा कराया। 5,060 करोड़ रुपए प्रीमियम भरा और 4,993 करोड़ क्लेम लिया।

### गेहूं उत्पादन के लिए ये राज्य अहम, कीमतें प्रभावित होंगी

सीएसई की प्रोग्राम डायरेक्टर किरण पांडेय ने बताया कि गेहूं उत्पादन के लिहाज से मध्य भारत के इलाके अहम हैं। कुल गेहूं उत्पादन में मप्र की 21 प्रतिशत हिस्सेदारी है। मगर, मध्य भारत में आने वाले क्षेत्र के वातावरण में काफी बदलाव आया है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण जर्नल में भी इस बारे में रिपोर्ट छपी है। यह रिपोर्ट 1950 से 2017 तक के वातावरण का अध्ययन करके तैयार की गई है। इसमें कहा गया है कि यहां का मौसम प्रतिकूल होता जा रहा है। बेमौसम बारिश, बाढ़ जैसी घटनाएं आम हैं। तापमान सामान्य से ज्यादा होता है। इससे फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा।

### जुलाई तक पिछली बार से 487 प्रतिशत ज्यादा फसल बर्बाद



सीएसई की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल कहीं ज्यादा और कहीं कम बारिश के कारण अब तक करीब 23.5 लाख हेक्टेयर फसल खराब हो चुकी है, जो जुलाई-22 के मुकाबले 487 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले साल इस समय तक केवल 2.8 लाख हेक्टेयर फसल ही बर्बाद हुई थी। देश के 70 प्रतिशत हिस्से में सामान्य से कम और 30 प्रतिशत में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है। ऐसे में फसल बीमा बेहद जरूरी है।

### 16 राज्यों ने 18,043 करोड़ रुपए का क्लेम लिया

2020-21 में फसल बीमा के लिए देशभर के 5 करोड़ किसानों ने आवेदन दिया था, लेकिन 2.47 करोड़ ही योग्य पाए गए। इनमें महाराष्ट्र के 64 लाख, मप्र के 50 लाख व राजस्थान के 36 लाख थे। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान देश के 16 राज्यों ने कुल 18,043 करोड़ रु. फसल बीमा क्लेम लिया। इनमें यूपी, हरियाणा, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड आदि शामिल हैं। हालांकि, 2020-21 में इन 16 राज्यों ने 20,771 करोड़ रु. का क्लेम हासिल किया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फ़ोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)